राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 13 अंक - 203
लखनऊ, शुक्रवार 27 मार्च, 2026
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



अष्टमी पर निकाली गई नौ देवियों की मनमोहक शोभायात्रा 10

रामनवमी पर पीएम मोदी ने दी देशवासियों को बधाई 03

## नवमं सिद्धिदात्री



**या देवी सर्वभूतेषु मां सिद्धिदात्री रूपेण संस्थिता। नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः।।**

नवरात्रि पूजन के नौवें दिन देवी सिद्धिदात्री की उपासना की जाती है। इस दिन शास्त्रीय विधि-विधान और पूर्ण निष्ठा के साथ साधना करने वालों को सभी सिद्धियों की प्राप्ति हो जाती है। भगवान शिव ने भी सिद्धिदात्री की कृपा से ये सभी सिद्धियां प्राप्त की थीं। इनकी कृपा से ही महादेव का आधा शरीर देवी का हुआ था और वह अर्द्धनारीश्वर नाम से प्रसिद्ध हुए। इनकी साधना से सभी मनोकामनाएं की पूरी हो जाती हैं।

# लाइन लगाने की जरूरत नहीं, घर पहुंचेगा सिलेंडर : योगी

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि रसोई गैस के लिए एजेंसी के बाहर लाइन लगाने की आवश्यकता नहीं। निर्धारित समय पर बुकिंग कराएं, सिलेंडर आपके घर पहुंच जाएगा।

आवश्यकता होने पर ही पेट्रोल-डीजल लेने जाएं, फिलिंग सेंटरों पर लाइन लगाने की कोई जरूरत नहीं। कुछ लोग अफवाहें फैला कर राज्य का माहौल खराब करना चाहते हैं, अव्यवस्था फैलाना चाह रहे हैं। लोगों को अफवाहों पर ध्यान नहीं देना चाहिए।

मुख्यमंत्री गुरुवार को गोरखपुर औद्योगिक विकास प्राधिकरण क्षेत्र गीडा में सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क के उद्घाटन समारोह को संबोधित कर रहे थे। गल्फवॉर के पहले अगर किसी के घर रसोई गैस का सिलेंडर एक महीने चलता था, तो वह आज पांचवें या छठे दिन ही सिलेंडर लेने क्यों पहुंच रहा है।



- अफवाहों पर ध्यान न दें, आवश्यकता पर ही लें पेट्रोल-डीजल
- कुछ लोग खराब करना चाहते हैं राज्य का माहौल

मुख्यमंत्री ने कहा कि निर्धारित समय पर ही बुकिंग कराएं, आपकी बारी आने पर रसोई गैस आपके घर तक पहुंच जाएगी। सरकार ने जिला प्रशासन के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। जैसे पहले गैस सिलेंडरों की होम डिलीवरी होती थी, वैसे ही होगी। एजेंसी के बाहर लाइन लगाने की कोई जरूरत नहीं है। पेट्रोल-डीजल लेने तभी जाएं, जब आवश्यकता हो, लाइन लगाने की आवश्यकता नहीं है। कुछ लोगों द्वारा साजिश के तहत फैलाई जा रही अफवाहों पर ध्यान नहीं देना चाहिए। भारत में सबकुछ अच्छा है। ईरान-अमेरिका, इजराइल युद्ध से दुनिया प्रभावित है। दुनिया में हाहाकार, अराजकता, अव्यवस्था है, लेकिन भारत के अंदर प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में बेखौफ व सुरक्षित हैं, विकास यात्रा को भी बढ़ा रहे हैं। युद्ध लंबा खिंचा तो हर व्यक्ति प्रभावित होगा। हमको भी मानसिक रूप से तैयार होना होगा। देशहित में सरकार ने कोई कदम उठाया तो हम उसके लिए खुद को तैयार करेंगे।

### विकास की रफ्तार कई गुना बढ़ा सकती है टेक्नोलॉजी : मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि टेक्नोलॉजी विकास की रफ्तार कई गुना बढ़ा सकती है। हमारी गति को प्रगति में बदल सकती है। प्रदेश सरकार ने कई कार्यक्रम शुरू किए। बजट में टेक्नोलॉजी पर विशेष ध्यान देने का प्रयास किया है। जब हम तकनीक नहीं अपनाते, उससे परहेज करते हैं तो प्रतिस्पर्धा में नहीं होते हैं। जब प्रतिस्पर्धा में नहीं होते हैं तो प्रगति की जगह दुर्गति की ओर जाते हैं। हमें प्रगति का अनुसरण करना है। सीएम योगी गुरुवार को गीडा गोरखपुर औद्योगिक विकास प्राधिकरण में सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क्स ऑफ इंडिया एसटीपीआई के गोरखपुर सेंटर के उद्घाटन समारोह को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा, हमारे युवाओं में बहुत टैलेंट है। उसके टैलेंट को जब टेक्नोलॉजी के साथ जोड़ते हैं तो वह प्रतिभा को कई गुना तेजी के साथ आगे बढ़ाने में सफल होता है। यही कार्य प्रधानमंत्री नरेंद्र ने पिछले 11 वर्षों में देश में किया है। दुनिया की सबसे बड़ी युवा आबादी भारत में है। युवाओं में स्केल तो था लेकिन उसे 2014 के पहले की सरकारों ने महत्व नहीं दिया। स्केल को स्किल में बदलने का प्रयास नहीं किया, कोई प्लेटफार्म नहीं उपलब्ध कराया। युवा हतोत्साहित था, पलायन करता था। युवाओं के मन में निराशा थी। 2014 के बाद एक-एक कर हर क्षेत्र में परिवर्तन देखने को मिल रहा है। न केवल भारत सरकार के स्तर पर बल्कि हर जनपद स्तर पर युवाओं के स्केल को स्किल में बदलने के लिए अनेक कार्यक्रम प्रारंभ हुए। कार्यक्रमों की श्रृंखला में एसटीपीआई का गोरखपुर केंद्र भी अत्यंत महत्वपूर्ण कड़ी है। इसका शुभारंभ वासन्तिक नवरात्रि की अष्टमी तिथि पर होना अत्यंत शुभ लक्षण है। एसटीपीआई का सेंटर गोरखपुर और पूर्वी उत्तर प्रदेश के युवाओं के सपनों को नई उड़ान देगा। स्टार्टअप चलाने वाला व्यक्ति केवल अपना कंप्यूटर लेकर वहां जाएगा। बिजली कनेक्शन और अन्य जन सुविधाओं की चिंता नहीं करनी है। गोरखपुर में पहली बार इसे शुरू किया जा रहा है। प्लग एंड प्ले मॉडल पर यहां के युवाओं को अपने स्टार्टअप के लिए प्लेटफार्म उपलब्ध हुआ है। 15 अप्रैल को गोरखपुर में पूर्वी उत्तर प्रदेश के पहले सेंटर आफएक्सीलेंस का शुभारंभ भी हो जाएगा। सेंटर आफ एक्सीलेंस महाराणा प्रताप इंस्टीट्यूट ऑफटेक्नोलॉजी एमपीआईटी में बना है। 11 वर्ष के अंदर स्टार्टअप संस्कृति को आगे बढ़ाने का परिणाम है कि उत्तर प्रदेश में 20 हजार से अधिक स्टार्टअप काम कर रहे हैं और इनमें से आधे महिलाओं द्वारा संचालित किए जा रहे हैं।

# श्रीराम जन्मभूमि स्थित सूर्य मन्दिर में हुआ ध्वजारोहण

- भगवान श्रीराम के कुल देवता के मंदिर पर हुआ ध्वजारोहण

**अयोध्या, समृद्धि न्यूज।**

नवरात्रि की अष्टमी पर गुरुवार को श्रीराम जन्मभूमि मन्दिर परिसर में स्थित सूर्य मन्दिर के शिखर पर विधि-विधान पूर्वक ध्वजारोहण किया गया। मन्दिर के प्रवेश द्वार से बाएं परकोटा के नैऋत्य कोण पर स्थित सूर्य मन्दिर के उन्नीस फिट सात इंच ऊंचे ध्वज दंड पर 9 फिट तीन इंच लंबाई (लहर) वाले ध्वज की चौड़ाई (लपेट) चार फिट सात इंच है। भगवा रंग की ध्वजा पर 'ऊं' अंकित किया गया है।

ध्वजारोहण समारोह में दशरथ महल महंत बिन्दुगद्याचार्य स्वामी देवेंद्र प्रसादाचार्य महाराज, रंग महल के महंत राम शरण दास महाराज, श्री राम वल्लभा कुंज अधिकारी संत राजकुमार



दास, बावन जी मंदिर महंत वैदेही वल्लभ शरण महाराज, अशर्फी भवन के जगद्गुरु रामानुजाचार्य श्रीधराचार्य महाराज, ट्रस्ट कोषाध्यक्ष स्वामी गोविंद देव गिरि महाराज, सीताकांत सदन के महंत रामानुजशरण ब्रह्मचारी महाराज, ट्रस्ट सदस्य डॉ. अनिल मिश्रा, गोपाल नागरकट्टे, एसपी सुरक्षा श्रीराम जन्मभूमि बलरामाचारी दुबे, जगदीश आले, तीर्थ क्षेत्र भवन सह प्रभारी प्रद्युम्न सिंह सम्मिलित हुए।

राम मंदिर ट्रस्ट के विशेष आमंत्रित सदस्य गोपाल राव ने बताया कि राम मंदिर परिसर में कुल आठ शिखर है, जिसमें दो मंदिरों के शिखर पर ध्वजारोहण हो चुका है।

## संक्षिप्त समाचार

### नवरात्रि के दौरान वैष्णो देवी मंदिर में 26 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने किए दर्शन

**जम्मू।** चैत्र नवरात्रि के दौरान जम्मू और कश्मीर के रियासी जिले में स्थित माता वैष्णो देवी मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी है। इस दौरान गुफा मंदिर में 26 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने दर्शन किए। माता वैष्णो देवी मंदिर बोर्ड के एक वरिष्ठ अधिकारी ने मीडिया को बताया कि यात्रा सुचारू रूप से चल रही है। 25 मार्च तक 2,69,716 तीर्थयात्री मंदिर में दर्शन कर चुके हैं। सैकड़ों श्रद्धालु जय माता दी का जाप करते हुए माता वैष्णो देवी मंदिर के घुमावदार मार्ग पर दर्शन करने के लिए पैदल यात्रा कर रहे हैं। आंकड़ों के अनुसार नवरात्रि के पहले दिन 19 मार्च को 31,815 तीर्थयात्रियों ने मंदिर में दर्शन किए, जबकि 20 मार्च को 34,805, 21 मार्च को 41,078, 22 मार्च को 43,482, 23 मार्च को 45,478, 24 मार्च को 38,158 और 25 मार्च को 34,900 श्रद्धालु मंदिर पहुंचे।

### घरवालों से नाराज होकर दिल्ली से देहरादून पहुंची तीन नाबालिग बहनें

**देहरादून।** परिजनों से नाराज होकर दिल्ली से देहरादून पहुंचीं तीन नाबालिग सगी बहनों को नेहरू कॉलोनी थाना पुलिस ने सकुशल परिजनों के सुपुर्द कर दिया। एसआई नीलम पंत के अनुसार, स्थानीय व्यक्तियों से सूचना मिली कि रिस्पना पुल के पास तीन लड़कियां घूम रही हैं, जो बातचीत में घर से नाराज होकर देहरादून आने की बात बता रही हैं। सूचना पर महिला पुलिसकर्मी मौके पर पहुंची लेकिन लड़कियां नहीं मिलीं तो चीता पुलिस के माध्यम से तलाश में तीनों नाबालिग लड़कियां विधानसभा तिराहा के पास घूमते मिलीं। जिन्हें थाने पर लाया गया। पूछताछ में तीनों ने बताया कि वे आपस में सगी बहनें हैं और परिजनों से नाराज होकर अपने घर अनाजमंडी दिल्ली से देहरादून आ गई थीं। इस संबंध में दिल्ली सदर बाजार थाने में संपर्क किया गया तो पता चला कि इन तीनों की गुमशुदगी दर्ज है, जिसके बाद इनके परिजनों से संपर्क कर इनके देहरादून में होने की जानकारी दी गई। सूचना पर बच्चियों के परिजन दिल्ली से देहरादून पहुंचे, जहां पुलिस द्वारा तीनों को सकुशल उनके सुपुर्द कर दिया गया।

### भीषण टक्कर के बाद धधक उठे दो ट्रक, बचने का नहीं मिला मौका, जिंदा जल गए तीन लोग

**बांदा।** बांदा जिले के मटौंध थानाक्षेत्र में गुरुवार सुबह आमने-सामने की भिड़ंत के बाद दो ट्रकों में आग लग गई जिससे तीन लोगों की जलकर मौत हो गई, जबकि एक की हालत गंभीर है। पुलिस ने यह जानकारी दी। बांदा नगर क्षेत्र की पुलिस उपाधीक्षक (सीओ) मेविस टाक ने बताया कि मटौंध थानाक्षेत्र में मुंडेरी मोड़ पर बांदा-महोबा राष्ट्रीय राजमार्ग में बृहस्पतिवार सुबह दो ट्रकों में आमने-सामने की टक्कर हो गई, जिससे उनमें भीषण आग लग गई। उन्होंने बताया कि इस हादसे में ट्रकों में फंसे चालक सुरेश पांडेय (55), सूरज नाथ उर्फ साधु (43) और परिचालक (खलासी) सनी (28) की जिंदा जलकर मौत हो गयी, जबकि अभिषेक यादव (23) को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती करवाया गया। सीओ ने बताया कि इस हादसे में जान गंवाने वालों और घायल के परिजनों को सूचना दे दी गयी है।

**पेट्रोल, डीजल पर सरकार का बड़ा बयान कहा-**

# देश के पास 60 दिन का तेल और गैस का पर्याप्त भंडार

- अफवाहों पर भरोसा न करने की अपील

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

केंद्र सरकार ने गुरुवार को कहा कि देश के पास करीब 60 दिनों का पर्याप्त ईंधन भंडार है। पेट्रोल, डीजल या घरेलू रसोई गैस (एलपीजी) की कोई कमी नहीं है। सरकार ने ईंधन की कमी की खबरों को अफवाह बताकर लोगों से भरोसा न करने को कहा है।

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने एक बयान में बताया कि भारत में पेट्रोलियम और एलपीजी की आपूर्ति की स्थिति पूरी तरह से सुरक्षित और नियंत्रण में है। सभी खुदरा ईंधन आउटलेट्स पर पर्याप्त आपूर्ति उपलब्ध है। देश में कहीं भी पेट्रोल-डीजल या एलपीजी की कोई कमी नहीं है। मंत्रालय ने नागरिकों से आग्रह किया है कि वे जान-बूझकर चलाए जा रहे एक शरारतपूर्ण और सुनियोजित



दुष्प्रचार अभियान से गुमराह न हों, जिसका उद्देश्य बेवजह घबराहट फैलाना है। मंत्रालय ने कहा कि पेट्रोल या डीजल की कोई राशनिंग नहीं की जा रही है।

मंत्रालय ने कहा कि पेट्रोलियम उत्पादों के परिशोधन के मामले में दुनिया में चौथे और पांचवां सबसे बड़ा निर्यातक भारत, घरेलू ईंधन की उपलब्धता को संरचनात्मक रूप से सुनिश्चित करता है। साथ ही 150 से ज्यादा देशों को परिष्कृत ईंधन की आपूर्ति करता है। मंत्रालय ने बताया कि पश्चिम एशिया संकट के 27वें दिन भी हमारे पास अभी करीब 60 दिन का वास्तविक ईंधन भंडार है, जिसमें कच्चे तेल का भंडार, उत्पाद भंडार और रणनीतिक भंडारण शामिल है। मंत्रालय ने कहा कि दो माह की कच्चे तेल की खरीद पहले ही सुनिश्चित होने की वजह से अगले कुछ माह तक भारत के लिए समस्या नहीं है, इसलिए देश में भंडार के समाप्त या अपर्याप्त होने के किसी भी दावे को पूरी तरह से खारिज कर देना चाहिए। पेट्रोलियम मंत्रालय ने कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य के आसपास तनाव के बावजूद कच्चे तेल की आपूर्ति स्थिर बनी हुई है।

भारतीय रिफाइनरियां अपनी पूरी क्षमता से अधिक पर काम कर रही हैं और अगले 60 दिन के लिए कच्चे तेल की आपूर्ति पहले ही सुनिश्चित कर ली गई है। घरेलू उत्पादन में वृद्धि और आयात आवश्यकताओं में कमी के कारण एलपीजी की आपूर्ति भी पर्याप्त है। कई देशों से अतिरिक्त कार्गो सुरक्षित कर लिए गए हैं, जिससे निरंतर उपलब्धता सुनिश्चित हो रही है।

### होर्मुज जलडमरूमध्य भारत के लिए खुला है : अब्बास अराघची



ईरान ने भारत और कुछ अन्य मित्र देशों के जहाजों को होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने की अनुमति दे दी है। ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने गुरुवार को यह जानकारी दी। ईरानी समाचार एजेंसी तसनीम ने विदेश मंत्री के हवाले से कहा कि तेहरान ने भारत, रूस, चीन, इराक और पाकिस्तान सहित मित्र देशों के जहाजों को जलडमरूमध्य से गुजरने की अनुमति दी है। श्री अराघची ने कहा कि हमने चीन, रूस, भारत, इराक और पाकिस्तान सहित मित्र राष्ट्रों को होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने की अनुमति दी है। उन्होंने कहा कि यह जलडमरूमध्य दुश्मनों और उनके सहयोगियों के लिए बंद है।

# बजरी से लदे टिपर ट्रक से टकराई बस, आग लगने से जिंदा जले 14 यात्री, 23 घायल

**एजेंसी, मार्कापुरम।**

आंध्र प्रदेश के मार्कापुरम जिले में रायावरम के पास गुरुवार सुबह तेज रफ्तार टिप्पर (ट्रक) और निजी बस के बीच जोरदार टक्कर के बाद दोनों वाहनों में भीषण आग लग गई। इस हादसे 14 यात्रियों की मौत हो गई है, जबकि 23 घायल हैं।

मार्कापुरम के पुलिस अधीक्षक (एसपी) वी. हर्षवर्धन राजू ने बताया कि इस हादसे में 14 लोगों की मौत हो गई है और चालक सहित 23 घायलों को अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। पुलिस से मिली प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, यह दुर्घटना सुबह 6:00 से 6:30 बजे के बीच रायावरम गांव के पास हुई। हरिकृष्णा ट्रेवल्स की निजी बस तेलंगाना के निर्मल से आंध्र प्रदेश के नेल्लोर की ओर जा रही थी। मार्कापुरम के एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि



हादसा उस समय हुआ जब बस एक मोड़ ले रही थी। तभी सामने से आ रहे एक तेज रफ्तार टिप्पर ने उसे टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों वाहनों में तुरंत आग लग गई, जिससे यात्रियों को बाहर निकलने का मौका तक नहीं मिला। हादसे के वक्त बस में करीब 40 यात्री सवार थे। बस के अगले हिस्से में बैठे लगभग 10 यात्री किसी तरह जान बचाकर निकलने में सफल रहे, लेकिन पिछले हिस्से में बैठे लोग आग की लपटों में फंस गए। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने इस घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया। मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा जारी बयान के अनुसार मुख्यमंत्री ने वरिष्ठ अधिकारियों से बात कर स्थिति का जायजा लिया है। उन्होंने घायलों को बेहतर चिकित्सा सहायता प्रदान करने के निर्देश दिए हैं।

स्थानीय विधायक कंदुला नारायण रेड्डी ने भी घटनास्थल का दौरा कर राहत कार्यों की समीक्षा की। पुलिस अभी भी मृतकों की पहचान करने और दुर्घटना के सटीक कारणों की जांच करने में जुटी है।

# लिथियम-कोबाल्ट सहित महत्वपूर्ण खनिजों की खोज तेज करने में जुटी सरकार

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

केंद्रीय पृथ्वी विज्ञान राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा कि सरकार लिथियम, कोबाल्ट सहित महत्वपूर्ण खनिजों की खोज को तेज़ करने, आयात पर निर्भरता कम करने और मजबूत घरेलू वैल्यू चेन विकसित करने की दिशा में काम कर रही है।

सिंह ने गुरुवार को जीपीओए कॉम्प्लेक्स में आयोजित राष्ट्रीय खनिज अन्वेषण एवं विकास ट्रस्ट (एनएमईटी) की शासी निकाय की बैठक को संबोधित करते हुए महत्वपूर्ण खनिज क्षेत्र में अन्वेषण को गति देने, घरेलू क्षमता को मजबूत करने और भागीदारी बढ़ाने के लिए प्रमुख प्राथमिकताओं को रेखांकित किया।

उन्होंने कहा कि अन्वेषण की गति, विशेष रूप से लिथियम और कोबाल्ट, निकेल जैसे महत्वपूर्ण खनिजों के लिए, उभरती वैश्विक मांग और भारत की रणनीतिक आवश्यकताओं के अनुरूप होनी चाहिए।

मंत्री ने कहा कि देश में भारतीय कंपनियों और स्टार्टअप्स को खनन और महत्वपूर्ण खनिज क्षेत्र में प्रवेश करने के लिए अनुकूल वातावरण बनाना चाहिए। इस क्षेत्र के दीर्घकालिक विकास के लिए निजी अन्वेषण एजेंसियों की क्षमता निर्माण आवश्यक है।

# रेल पटरी पार करते समय होने वाली दुर्घटनाओं पर लगेगी रोक

- 12 घंटे में बनेंगी पुलिया : अश्विनी वैष्णव

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

देशभर में रेल पटरी पार करते समय होने वाली दुर्घटनाओं को रोकने के लिए रेलवे अब मिशन मोड में काम करेगा। इस दिशा में रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने गुरुवार को नई दिल्ली में अधिकारियों के साथ एक कार्यशाला आयोजित कर व्यापक निर्देश जारी किए।

रेल मंत्री ने कहा कि जहां रेलवे ट्रैक के एक ओर बस्ती और दूसरी ओर खेत, स्कूल, श्मशान या अन्य आवश्यक स्थान हैं, वहां लोगों की सुविधा के लिए विशेष प्रकार की रेल



पुलियाएं (सबवे) बनाई जाएंगी। इन पुलियाओं का उद्देश्य आम लोगों को सुरक्षित और सुगम आवागमन उपलब्ध कराना है।

वैष्णव ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि पुलियाओं का डिज़ाइन ऐसा हो जिससे लोग बिना हिचकिचाहट के उनका उपयोग कर सकें। इनका निर्माण इस प्रकार किया जाएगा कि लोग साइकिल, मोटरसाइकिल और अन्य आवश्यक सामान के साथ आसानी से आ-जा सकें। यह पहल देश की बड़ी आबादी के लिए जीवनदायिनी साबित होगी। रेलवे की योजना के अनुसार पुलियाओं का ढांचा पहले से तैयार किया जाएगा और बाद में साइट पर लाकर स्थापित किया जाएगा।

स्थापना के दौरान रेलवे ट्रैक पर ब्लॉक लिया जाएगा, जिसके भीतर मात्र 12 घंटे में पटरी काटकर पुलिया फिट कर दी जाएगी और उसे उपयोग के लिए खोल दिया जाएगा। रेल मंत्री ने यह भी निर्देश दिया कि पुलियाओं का डिज़ाइन ऐसा हो जिससे जलभराव जैसी समस्याएं प्रभावित न करें। साथ ही यह व्यवस्था लंबे समय तक प्रभावी बनी रहे।

उन्होंने अधिकारियों से कहा कि अगले 5-6 वर्षों में इस समस्या का स्थायी समाधान सुनिश्चित किया जाए। यह निर्णय रेलवे अधिकारियों के साथ कई दिनों तक चली विचार-विमर्श प्रक्रिया का परिणाम है।

### रेल मंत्री ने की 'कवच' प्रणाली की समीक्षा

अश्विनी वैष्णव ने भारतीय रेलवे की स्वदेशी स्वचालित ट्रेन सुरक्षा प्रणाली 'कवच' की समीक्षा की। बैठक में कवच के तेजी से विस्तार और उन्नत तकनीकों के उपयोग के जरिए रेल संचालन को अधिक सुरक्षित और प्रभावी बनाने पर जोर दिया गया। कवच के तहत 'सुरक्षा' नामक एआई आधारित केंद्रीकृत मॉनिटरिंग प्लेटफॉर्म भी विकसित किया जा रहा है, जो रियल-टाइम निगरानी और प्रेडिक्टिव मेंटेनेंस में मदद करेगा। यह प्लेटफॉर्म असामान्य घटनाओं की जानकारी ट्रैफिक मॉनिटर्स को तुरंत देगा, जिससे समय पर कार्रवाई कर यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सकेगी।

### अवैध हथियार सप्लाई मॉड्यूल का भंडाफोड़, यूपी के दो आरोपी गिरफ्तार

**एजेंसी, चंडीगढ़।** पंजाब पुलिस की काउंटर इंटेलिजेंस विंग, जालंधर ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए अंतरराज्यीय अवैध हथियार सप्लाई मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया है। इस कार्रवाई में उत्तर प्रदेश के दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। उनके कब्जे से 7.65 एमएम की 10 देसी पिस्टल और 20 मैगजीन बरामद की गई हैं। पंजाब के डीजीपी ने सोशल मीडिया एक्स पर की गई एक पोस्ट में बताया कि जांच में सामने आया है कि ये आरोपी पंजाब में सक्रिय आपराधिक गिरोहों को हथियार सप्लाई कर रहे थे और इनके तार विदेश में बैठे अपराधियों से जुड़े हुए हैं। पुलिस के अनुसार, इस मामले में पहले भी बब्बर खालसा इंटरनेशनल (बीकेआई) के दो ऑपरेटिव्स को गिरफ्तार किया गया था, जिन्होंने विदेशी हैंडलर के निर्देश पर बलाचौर के पास तीन ग्रेनेड और एक आईईडी प्लांट किया था।

# भारी निवेश : खाड़ी युद्ध की आंच रिजर्व बैंक पर

**बैंकों के ढाई लाख करोड़ रुपये फंसे, कई भारतीय बैंकों की शाखायें ईरान-इजरायल में हैं संचालित**

**आर.बी.सिंह**

लखनऊ/दिल्ली। एक माह से जारी खाड़ी युद्ध में एक ओर जहां भारत सरकार द्वारा काफी समय से ईरान में संचालित किए जा रहे चाबहार बंदरगाह का नियंत्रण समाप्त हो रहा है और ईरान उसे चीन को सौंपने जा रहा है,भारत के लिए यह बहुत बुरी खबर है।

वहीं दूसरी ओर भारत की कई बैंकों के प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से खाड़ी के कई देशों में निवेशित करीब ढाई लाख करोड रुपए से अधिक का निवेश उलझता नजर आ रहा है। कई भारतीय कंपनियों को यहां काम करने के लिए कर्ज भी दिए गए हैं। सबसे ज्यादा राशि इसराइल और ईरान में निवेश की गई है। अब यह राशि उलझ





जाने के बाद रिजर्व बैंक भी हरकत में आया है।

रिजर्व बैंक ने बैंकों से विस्तृत रिपोर्ट तैयार कर देने को कहा है। आरबीआई के अनुसार बैंकों को अभी तक 2.05 लाख करोड़ का नुकसान खाड़ी में ईरान, अमेरिका और इजरायल के बीच चल रहे युद्ध के कारण हुआ है। वहीं भारत की कई राष्ट्रीय बैंकों ने यहां पर बैंकों का संचालन करने के साथ ही बड़ा निवेश और कर्ज भी दे रखा है। इजरायल-ईरान में युद्ध के कारण परियोजनाओं के लिए दिया गया कर्ज गहरे संकट में फंस गया है। दूसरी ओर कई सरकारी योजनाओं में भी लगी कंपनियों ने भारतीय बैंकों से कर्ज ले रखे हैं। आंकलन किया गया है कि यदि युद्ध लंबा चला तो भारतीय बैंकों की इस राशि की वापसी में कई संकट खड़े हो जाएंगे। जिसको ध्यान में रखते हुए रिजर्व बैंक ने अब इसे लेकर बैंकों से पूरा विवरण देने को कहा है। दूसरी ओर लंबे समय से भारत सरकार द्वारा नियंत्रित ईरान का चाबहार बंदरगाह अब भारत के हाथों से छूटता नजर आ रहा है। भारत ने यहां पर लाखों डॉलरों का निवेश कर रखा है। जिसे ईरान चीन को सौंपे जाने की खबर आ रही है, जो भारत के लिए दुखद या यूं कहें कि धोखा भी है। फ़िलहाल इस पर फैसला अप्रैल में होगा।

**तैयारी** — **कृषि से उद्योग तक दिखेगा व्यापक असर**

# यूपी की अर्थव्यवस्था का गेमचेंजर होगा जेवर एयरपोर्ट

**एजेंसी, नोएडा।**

जेवर में बना नया नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था के लिए एक निर्णायक मोड़ साबित होने जा रहा है। 28 मार्च को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इसका उद्घाटन करने आ रहे हैं। उत्तर प्रदेश का यह मेगा प्रोजेक्ट केवल एक एयरपोर्ट नहीं, बल्कि प्रदेश को एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने की दिशा में एक मजबूत स्ट्रैटेजिक इंजन के रूप में काम करेगा।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विजन के अनुरूप विकसित यह एयरपोर्ट उत्तर प्रदेश के लंबे समय से लैंड-लॉक्ड आर्थिक पोटेंशियल को अनलॉक करेगा और कृषि, एमएसएमई, लॉजिस्टिक्स, पर्यटन व उद्योगों को सीधे वैश्विक बाजार से जोड़ेगा। बड़े पैमाने पर रोजगार सृजन, निवेश आकर्षण और मल्टी-मोडल कनेक्टिविटी के चलते यह परियोजना न केवल उत्तर प्रदेश की जीडीपी को नई गति देगी, बल्कि उत्तर प्रदेश को राष्ट्रीय ही नहीं, वैश्विक आर्थिक मानचित्र पर एक मजबूत पहचान भी दिलाएगी। पूर्व सीएफओ, एयर इंडिया सैट्स और यूपीडीएफ के चेयरमैन (सीए) पंकज जायसवाल के अनुसार, भारत का सबसे बड़ा ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट बनने जा रहा यह प्रोजेक्ट 7 करोड़ यात्रियों की वार्षिक क्षमता और लगभग 10 लाख टन कार्गो हैंडलिंग के साथ कृषि,



- प्रधानमंत्री शनिवार को नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का करेंगे उद्घाटन

एमएसएमई और लॉजिस्टिक्स सेक्टर को नई गति देगा। इसके जरिए फल, सब्जी, डेयरी और सजावटी फूल जैसे पेरिशेबल उत्पाद सीधे अंतरराष्ट्रीय बाजारों तक पहुंचेंगे, जिससे फार्म-टू-ग्लोबल मार्केट मॉडल मजबूत होगा और किसानों की आय में 20-30 प्रतिशत तक वृद्धि की संभावना है। उन्होंने बताया कि लॉजिस्टिक्स लागत घटने, निर्यात बढ़ने और वैश्विक कनेक्टिविटी बेहतर होने से उत्तर प्रदेश को राष्ट्रीय ही नहीं, बल्कि अंतर्राष्ट्रीय आर्थिक मानचित्र पर एक सशक्त पहचान मिलेगी। उन्होंने कहा कि नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट उत्तर प्रदेश में व्यापार और पर्यटन के नए आयाम स्थापित करने जा रहा है। यह एयरपोर्ट दिल्ली-एनसीआर, आगरा, मथुरा, वृंदावन और वाराणसी जैसे प्रमुख धार्मिक शहरों को एक वैश्विक पर्यटन सर्किट से जुड़ेगा, जिससे अंतरराष्ट्रीय पर्यटकों की आवाजाही में उल्लेखनीय वृद्धि होगी।

## वक्फ बोर्ड न्यायाधिकरण में सदस्य व न्यायाधीश नियुक्ति पर क्षेत्र में खुशी की लहर



**मिहींपुरवा, बहराइच समृद्धि न्यूज़।** तहसील मिहींपुरवा के ग्राम निधिपुरवा रेती निवासी ओमप्रकाश सिंह कुशवाहा के पुत्र की उत्तर प्रदेश वक्फ बोर्ड न्यायाधिकरण में सदस्य/न्यायाधीश पद पर नियुक्ति होने से पूरे क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। उनकी इस महत्वपूर्ण उपलब्धि पर क्षेत्रवासियों में गर्व और उत्साह देखा जा रहा है। उन्होंने अपनी प्रारंभिक शिक्षा मिहींपुरवा स्थित सर्वोदय इंटर कॉलेज से प्राप्त की। इसके पश्चात उन्होंने लखनऊ विश्वविद्यालय से विधि की पढ़ाई पूरी की और वर्ष 2007 से लखनऊ हाईकोर्ट में अधिवक्ता के रूप में सेवाएं दे रहे थे। उनकी योग्यता और अनुभव को देखते हुए दिनांक 24 मार्च 2026 को राज्यपाल की स्वीकृति के उपरांत उन्हें इस महत्वपूर्ण पद पर नियुक्त किया गया। ज्ञात हो कि वक्फ बोर्ड न्यायाधिकरण में प्रदेशभर की वक्फ संपत्तियों से जुड़े मामलों का निस्तारण किया जाता है, जो एक अत्यंत जिम्मेदारीपूर्ण कार्य है। उनकी नियुक्ति की खबर मिलते ही क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई। इस अवसर पर अधिवक्ता सिद्धार्थ सिंह शाक्य, पंकज मौर्य, मनोज सिंह, विमलेश, संजय सिंह एवं अविनाश कुशवाहा सहित अनेक लोगों ने उन्हें बधाई दी।

# रेलवे स्टेशन विशेश्वरगंज पर मिशन शक्ति के तहत महिलाओं को किया गया जागरूक

**विशेश्वरगंज, बहराइच समृद्धि न्यूज़।** थाना विशेश्वरगंज क्षेत्र के रेलवे स्टेशन विशेश्वरगंज पर मिशन शक्ति फेज-5.0 एवं एंटी रोमियो अभियान के तहत महिलाओं और बालिकाओं को जागरूक किया गया। इस दौरान मौजूद महिलाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा उपायों और साइबर अपराध से बचाव के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। पुलिस टीम ने बताया कि महिलाओं के खिलाफ होने वाले अपराधों की रोकथाम के लिए सरकार लगातार प्रयासरत है। अभियान के तहत महिलाओं को विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की



जानकारी देते हुए बताया गया कि किसी भी आपात स्थिति में 1090, 1098, 1076, 112, 181, 108 तथा साइबर अपराध की शिकायत के लिए 1930 नंबर पर संपर्क किया जा सकता है। इसके साथ ही उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं–कन्या सुमंगला योजना, मातृ वंदना योजना, वृद्धा पेंशन योजना, आयुष्मान योजना, विधवा पेंशन योजना और उज्ज्वला योजना–के बारे में भी जानकारी दी गई। उपस्थित बालिकाओं से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनी गई और समाधान के प्रति आश्वस्त किया गया। पुलिस ने कहा कि इस प्रकार के जागरूकता अभियान आगे भी जारी रहेंगे, ताकि महिलाओं में सुरक्षा के प्रति विश्वास बढ़े और वे किसी भी स्थिति में बेझिझक अपनी शिकायत दर्ज करा सकें।

## मानकों को दरकिनार कर इंटरलॉकिंग निर्माण



**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** शिवपुर ब्लॉक क्षेत्र की ग्राम पंचायतों में विकास कार्यों में अनियमितताओं और भ्रष्टाचार की शिकायतें लगातार सामने आ रही हैं। कहीं मनरेगा के तहत गड़बड़ी के आरोप लग रहे हैं तो कहीं पक्के निर्माण कार्यों में गुणवत्ता से समझौता किया जा रहा है। इसी क्रम में बहुचर्चित ग्राम पंचायत रायगंज का मामला फिर चर्चा में है। ग्रामीणों का आरोप है कि पंचायत में चल रहे इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य में निर्धारित मानकों का पालन नहीं किया जा रहा है। निर्माण में इस्तेमाल की जा रही ईंटें घटिया गुणवत्ता की बताई जा रही हैं, जो लगाने के साथ ही टूटने लगती हैं। इतना ही नहीं, इंटरलॉकिंग बिछाने से पहले जो बेस तैयार किया जाना चाहिए, उसमें ईंट के टुकड़ों की जगह केवल बालू डालकर काम किया जा रहा है, जिससे निर्माण की मजबूती पर सवाल उठ रहे हैं। मामले का एक और गंभीर पहलू श्रमिकों की फर्जी एंट्री को लेकर सामने आया है। ग्रामीणों के अनुसार मौके पर जहां केवल पांच श्रमिक कार्य करते दिखाई देते हैं, वहीं ऑनलाइन पोर्टल पर श्रमिकों की संख्या कई गुना अधिक दर्ज की जा रही है।

# गरिमामय आयोजन के साथ मनाया गया सम्राट अशोक महान का 2330वां जन्मोत्सव

### सभी ने सम्राट अशोक महान के आदर्शों पर चलने का लिया प्रण



**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** शहर स्थित गुदड़ी चौराहे पर स्थापित अशोक लाट पर सम्राट अशोक के 2330वें जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में प्रगतिशील विश्व मौर्य परिषद, इकाई बहराइच के तत्वाधान में भव्य एवं प्रेरणादायी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित जनसमूह ने सम्राट अशोक की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया और उनके आदर्शों को स्मरण किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रदेश प्रवक्ता अजय मौर्य ने कहा कि कलिंग युद्ध के पश्चात सम्राट अशोक का आत्मपरिवर्तन विश्व इतिहास की सबसे महान घटनाओं में से एक है। उन्होंने कहा कि एक शक्तिशाली सम्राट का करुणा, अहिंसा और लोककल्याण के पथ पर अग्रसर होना मानवता के लिए अनुपम प्रेरणा है। सम्राट अशोक ने अपने शासनकाल में शांति, सह-अस्तित्व, धार्मिक सहिष्णुता और नैतिक अनुशासन का जो संदेश दिया, वह आज भी उतना ही प्रासंगिक है और विश्व समुदाय को दिशा प्रदान कर रहा है। इस अवसर पर वक्ता संतोष मौर्य ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि सम्राट अशोक का जीवन हमें यह सिखाता है कि सच्चा नेतृत्व वही है, जो समाज के अंतिम व्यक्ति तक सुख, शांति और न्याय पहुंचाने का प्रयास करे। उन्होंने सभी से आह्वान किया कि हम उनके आदर्शों को आत्मसात करते हुए राष्ट्र निर्माण में सक्रिय योगदान दें और एक समृद्ध, सशक्त एवं समरस भारत के निर्माण का संकल्प लें। कार्यक्रम में सोशल मीडिया प्रभारी मनीष मौर्य, मंडल अध्यक्ष लोकेश मौर्य, जिला प्रभारी धनंजय मौर्य, जिलाध्यक्ष दिलीप कुमार मौर्य, जिला उपाध्यक्ष शिव कुमार मौर्य, जिला सलाहकार अभय प्रकाश नारायण मौर्य, जिला सचिव संजय मौर्य, जिला सोशल मीडिया प्रभारी सर्वेश कुमार मौर्य, आदर्श प्रताप मौर्य सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रहित, सामाजिक सद्भाव एवं जनकल्याण के प्रति समर्पण के संकल्प के साथ हुआ, जिसमें सभी ने सम्राट अशोक महान के आदर्शों पर चलने का प्रण लिया।

### देवी मंदिर में चैत्र नवरात्रि अष्टमी पर विशेष पूजा

**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** नानपारा स्थित जुबलीगंज के श्री देवी काली कुंडा मंदिर में चैत्र नवरात्रि अष्टमी के अवसर पर भव्य धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर मंदिर परिसर को आकर्षक रूप से सजाया गया था। श्रद्धालुओं का मानना है कि श्री देवी काली माता, श्री बालाजी और भगवान श्री शंकर जी की विधि-विधान से पूजा करने पर मनोवांछित फल की प्राप्ति होती है। इसी आस्था के चलते मंदिरों में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। कार्यक्रम के दौरान विधि-विधान से पूजा-अर्चना और हवन किया गया। श्री देवी काली कुंडा, श्री बालाजी एवं भगवान शंकर की आरती भी संपन्न हुई। आरती के समय मंदिर परिसर जयकारों से गूंज उठा।
आरती संपन्न होने के बाद उपस्थित सभी श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया।

## जिले में पेट्रोल पंपों पर भारी भीड़, पुलिस की तैनाती

**जिले में ईंधन की पर्याप्त आपूर्ति, अफवाहों के बहकावे में न आएं : डीएसओ**



**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** जनपद में गुरुवार को पेट्रोल और डीजल की कमी की अफवाहें फैलने के बाद नगर और ग्रामीण क्षेत्रों के कई पेट्रोल पंपों पर भारी भीड़ उमड़ पड़ी। सुबह से ही बड़ी संख्या में लोग अपने वाहनों के साथ पंपों पर पहुंचने लगे, जिससे कई स्थानों पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। नगर के झींगा घाट और टिकोरा मोड़ के पास स्थित पेट्रोल पंपों के साथ-साथ ग्रामीण इलाकों के पंपों पर भी लंबी कतारें देखी गईं। भीड़ के कारण लोगों को घंटों इंतजार करना पड़ा। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए कई स्थानों पर पुलिस बल तैनात किया गया, जिसने कतारबद्ध तरीके से वितरण सुनिश्चित किया। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि यह स्थिति केवल अफवाहों के कारण उत्पन्न हुई है। जिले में पेट्रोल और डीजल की कोई कमी नहीं है। जिला पूर्ति अधिकारी नरेंद्र तिवारी ने बताया कि जनपद में 121 फीलिंग सेंटर हैं। सभी पंपों पर पेट्रोल और डीजल की पर्याप्त उपलब्धता है और कंपनियों द्वारा नियमित आपूर्ति जारी है। उन्होंने लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने और अनावश्यक भीड़ न लगाने की अपील की। पेट्रोल पंप संचालकों ने भी ईंधन की पर्याप्त उपलब्धता की पुष्टि की। उन्होंने बताया कि अफवाहों के कारण ही लोग एक साथ बड़ी संख्या में पहुंच रहे हैं, जिससे अस्थायी रूप से दबाव बढ़ रहा है। प्रशासन ने लोगों से संयम बनाए रखने और आवश्यकतानुसार ही तेल लेने की सलाह दी है।

## खबरें एक नजर में

### पेट्रोल पंपों पर लगी लंबी लाइन, आमजन परेशान जिला प्रशासन ने कहा पंपों पर तेल पर्याप्त

**समृद्धि न्यूज, महुआ बाजार (बलरामपुर)।** पिछले तीन दिनों से अफवाह को सच मान कर लोग डीजल और पेट्रोल को डंप करने में लगे हुए हैं, जो एक लीटर पेट्रोल से अपना कार्य कर रहे थे आज वह टंकी फुल करवाने के लिए लाइन में खड़े हुए हैं। बक्सरिया (डुमरिया गंज रोड) पर सुबह से ही भीड़ लगी हुई है, इसी मार्ग पर लगभग आधा दर्जन पेट्रोल पंप लगे हुए हैं फिर भी समस्या कम नहीं हो रही है।पिपरा राम, मैनहा, चिरकुटिया बांक मलमलिया, और महुआ बाजार, में लोग लाइन लगा कर पेट्रोल पंप पर खड़े हुए हैं। पिपरा राम में आज पेट्रोल न होने से बक्सरिया पंप पर भीड़ अधिक हो गई है, हालांकि पेट्रोल पंप के संचालक विजय पाल तिवारी ने बताया कि डीजल पेट्रोल की कमी कही नहीं है सिर्फ प्रोपोगेंडा फैलाया जा रहा है जिसके चलते लोग पैनिक होकर लाइन में खड़े हो जाते है जबकि डिपो पर भी भारी मात्रा में डीजल पेट्रोल उपलब्ध हैं। इस भीड़ लगाने वाले लोगों में अधिकतर नौजवान लड़के ही हैं , जिसको आवश्यकता है वह भीड़ की वजह से परेशान हो जाता है,। ऐसे कई लोग मिले जो किसी रिश्तेदारी में अन्त्येष्टि में सम्मिलित होने जा रहे थे। कुछ दवा लेने के लिए जा रहे थे, लोगो से बताया जा रहा था कि पेट्रोल डीजल की उपलब्धता में कमी नहीं है तो लोग उल्टे सवाल करते हैं कि यदि है तो भीड़ क्यों है और हर पेट्रोल पंप पर मिलता क्यों नहीं?

### पुलिस की मिलीभगत से अवैध खनन जोरों पर

**उतरौला (बलरामपुर)।** उतरौला तहसील क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम फत्तेपुर में अवैध मिट्टी खनन का मामला सामने आया है, जिससे स्थानीय प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो रहे हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि थाना कोतवाली उतरौला क्षेत्र में खुलेआम नियमों की अनदेखी करते हुए मिट्टी का अवैध खनन किया जा रहा है, जिससे न केवल सरकारी राजस्व को नुकसान हो रहा है बल्कि पर्यावरण पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। स्थानीय नागरिकों ने जिलाधिकारी बलरामपुर एवं पुलिस अधीक्षक बलरामपुर से मामले में तत्काल संज्ञान लेने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि कई बार मौखिक शिकायत के बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है, जिससे खनन माफियाओं के हौसले बुलंद हैं। जानकारों की माने तो बिना वैध अनुमति के किसी भी प्रकार का खनन खनिज विकास एवं विनियमन अधिनियम, 1957 तथा उत्तर प्रदेश खनन नीति का सीधा उल्लंघन है। बिना लाइसेंस खनन करना दंडनीय अपराध है, अवैध खनन पर जुर्माना और मशीनरी जब्त की जा सकती है, दोषियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर जेल तक की कार्रवाई संभव है। अवैध मिट्टी खनन से भूमि का कटाव, कृषि योग्य जमीन की हानि और जल स्तर पर भी नकारात्मक असर पड़ता है। विशेषज्ञों का मानना है कि यदि समय रहते इस पर रोक नहीं लगाई गई तो भविष्य में क्षेत्र की पारिस्थितिकी को गंभीर नुकसान हो सकता है। जिला प्रशासन और खनन विभाग की यह जिम्मेदारी बनती है कि वे नियमित निगरानी करें और ऐसे मामलों में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करें। थाना कोतवाली स्तर पर भी पुलिस की भूमिका महत्वपूर्ण होती है, जिससे अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाया जा सके। फत्तेपुर में चल रहे अवैध मिट्टी खनन के मामले ने एक बार फिर यह सवाल खड़ा कर दिया है कि आखिर कब तक नियमों की अनदेखी कर प्राकृतिक संसाधनों का दोहन होता रहेगा। अब देखना यह है कि प्रशासन इस गंभीर मुद्दे पर कितनी तत्परता से कार्रवाई करता है और दोषियों के खिलाफ क्या कदम उठाए जाते हैं।

### चौपाल में महिलाओं को किया जागरूक, मिशन शक्ति के तहत दी अहम जानकारियां

**सादुल्लानगर/बलरामपुर।** मिशन शक्ति के पंचम चरण के अंतर्गत थाना सादुल्लानगर पुलिस द्वारा ग्राम विशंभरपुर (अहिरवनडीह) में चौपाल लगाकर जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान थानाध्यक्ष सत्येंद्र वर्मा के नेतृत्व में एंटी रोमियो टीम एवं मिशन शक्ति टीम ने महिलाओं एवं पुरुषों को नारी सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम के दौरान बाल विवाह, पॉक्सो एक्ट, साइबर अपराध एवं यातायात नियमों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। टीम ने उपस्थित ग्रामीणों को बताया कि किसी भी प्रकार की आपराधिक घटना या उत्पीड़न की स्थिति में तत्काल संबंधित हेल्पलाइन नंबरों का उपयोग करें। इस अवसर पर विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी भी दी गई, जिसमें 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 1090 वूमेन पावर हेल्पलाइन, 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन, 1930 साइबर हेल्पलाइन, 112 पुलिस आपातकालीन सेवा, 108 एंबुलेंस सेवा एवं 102 स्वास्थ्य सेवा शामिल हैं। इसके अलावा थाने पर स्थापित मिशन शक्ति केंद्र एवं महिला हेल्प डेस्क के बारे में जानकारी देते हुए सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं जैसे सामूहिक विवाह योजना, कन्या सुमंगला योजना, वृद्धा पेंशन एवं विधवा पेंशन आदि के बारे में भी विस्तार से बताया गया। कार्यक्रम के अंत में ग्रामीणों से अपील की गई कि वे समाज में फैली कुरीतियों के खिलाफ जागरूक रहें और कानून व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस का सहयोग करें।

## भाजपा मीडिया प्रभारी बनाए जाने पर चित्रांश समिति ने विवेक मणि को किया सम्मानित



**गोण्डा, समृद्धि न्यूज़।** भारतीय जनता पार्टी के नवनिर्वाचित मीडिया प्रभारी विवेक मणि श्रीवास्तव एडवोकेट का स्वागत एवं आशीर्वाद का हुआ आयोजन जिसमें चित्रांश कल्याण समिति उत्तर प्रदेश गोंडा के संरक्षक गण अनिल श्रीवास्तव ,प्रेम शंकर श्रीवास्तव ,ओम प्रकाश श्रीवास्तव ,अध्यक्ष अरविंद सिन्हा ,मंत्री सुशील श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष अवधेश श्रीवास्तव ,संतोष श्रीवास्तव ,मीडिया प्रभारी अतुल श्रीवास्तव एवं राजकुमार श्रीवास्तव, लल्ला,सुदीप अजय ने उनके घर पहुंच कर विवेक मणि का स्वागत किया, और उनके उज्जवल भविष्य हेतु दी सुभकामनाऐ साथ ही भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष इकबाल बहादुर तिवारी को बहुत-बहुत धन्यवाद ज्ञापित किया, कि उन्होंने कायस्थ समुदाय से विवेक मणि श्रीवास्तव एडवोकेट को मीडिया प्रभारी बनाकर हम सबको गौरवान्वित किया है।

# धूमधाम के साथ मनाया गया विद्यालय का वार्षिक उत्सव कार्यक्रम




**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** शहर के सैनिक किड्स पब्लिक स्कूल का वार्षिक उत्सव सरस्वती नगर मिलन पैलेस बंजारी मोड़ में संपन्न हुआ। इस समारोह के मुख्य अतिथि सुभाष त्रिपाठी विधायक पयागपुर सपरिवार सम्मानित अतिथि उत्कर्ष श्रीवास्तव प्रबंधक, उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक ,बहराइच, अजय कुमार शर्मा डीजीसी राजस्व, विशेष अतिथि आनंद किशोर पांडे डायरेक्टर स्पोर्ट्स नेटवर्क इंडिया, अतुल गौड़ (एडीजीसी राजस्व, मंजू यादव प्रभारी, रोमियो स्क्वाड, ब्लॉक एजुकेशन ऑफीसर नगर क्षेत्र डाली मिश्रा, तिकोनी बाग पुलिस चौकी इंचार्ज अजय सिंह, रोडवेज पुलिस चौकी इंचार्ज रवि यादव आदि उपस्थित रहे। विद्यालय प्रबंधक विजय गौड़ ने सभी विशिष्ट अतिथियों को फूलों का गुलदस्ता एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर शैक्षिक सत्र 2025-26 विशिष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कार,स्मृति चिन्ह एवं उपहार देकर सम्मानित किया। वर्ष 2025 की हाईस्कूल परीक्षा में सर्वोत्तम अंक पाने वाली छात्रा समीक्षा गौड़ एवं इरा बाजपेई को टैबलेट देकर सम्मानित किया गया। इसी क्रम में कक्षा तीन व चार से संयुक्त रूप से सर्वोत्तम अंक प्राप्त करने वाली अलवीरा खान-98.97 प्रतिशत, कक्षा 5 व कक्षा 6 से गौरी प्रिया सिंह-95.95 प्रतिशत तथा कक्षा 7 व कक्षा 8 से शगुफ्ता वसीम 96.50 प्रतिशत को टैबलेट स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इसके अतिरिक्त प्रत्येक कक्षा से प्रथम स्थान पाने वाले, सिद्धार्थ वर्मा कक्षा-प्ले ग्रुप, युवान सिंह कक्षा -नर्सरी, अभिनव रंजन कक्षा -एलकेजी, अर्नव विश्वकर्मा कक्षा -यूकेजी, तारिशी शंखधर कक्षा -1, समरीन वसीम कक्षा-2, मोहम्मद अली कक्षा-3,श्रेष्ठा पटेल कक्षा-4,विराज यादव कक्षा-5, मरियम अंसारी कक्षा-6,कौस्तुभमणि शुक्ला कक्षा-7 अनुराग रंजन कक्षा-8 को साइकिल ,स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।इसी प्रकार कक्षा-9 में सर्वोत्तम अंक प्राप्त करने वाली छात्रा वर्णिका शुक्ला कक्षा 11 से सर्वोत्तम स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं स्मृति श्रीवास्तव (साइंस ग्रुप) एवं आईतल नबा अली अंसारी (कॉमर्स ग्रुप) को स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

इसी प्रकार प्रत्येक कक्षा से सर्वोच्च 10 स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को भी उपहार स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

## आगामी विधानसभा चुनाव में राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनाना है : बैजनाथ दूबे




**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।** विधानसभा क्षेत्र कटरा बाजार के विकासखंड रूपईडीह अंतर्गत आर्यनगर चौराहे पर पूर्व विधायक बैजनाथ दूबे जी द्वारा समाजवादी पार्टी कार्यालय का उद्घाटन किया गया। पूर्व विधायक बैजनाथ दूबे ने वैदिक मंत्रों और अनुष्ठान के साथ मां दुर्गा और श्री गणेश भगवान का पूजन कर कार्यालय में प्रवेश किया। उपरोक्त शुभारंभ कार्यक्रम में क्षेत्र के सभी सेक्टर अध्यक्षगण, प्रवेक्षकगण, सभी बूथ अध्यक्षगण तथा क्षेत्र के सम्मानित, वरिष्ठ कार्यकर्तागण व विधानसभा के संगठन पदाधिकारीगण उपस्थित रहे। पूर्व विधायक बैजनाथ दूबे ने कार्यकर्ताओं तथा आये हुए देवतुल्य क्षेत्रवासियों से कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव जी को मुख्यमंत्री बनाना है। पूर्व में जब सपा की सरकार थी तब राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव जी ने कई जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित की थी जिससे प्रदेश सहित मेरे विधानसभा क्षेत्र के सभी लोगों को उसका लाभ मिलता था। श्री दुबे ने कार्यकर्ताओं को बताया कि पार्टी कार्यालय पर मै प्रत्येक सोमवार को दिन में 12 बजे से 3 बजे तक उपस्थित रहूंगा।मेरे क्षेत्र के किसी भी व्यक्ति को यदि कोई समस्या होती है तो वे सभी लोग मुझसे प्रत्येक सोमवार को कार्यालय पर उपस्थित होकर अपनी बात बता सकते है। सभी कार्यकर्ताओं से अनुरोध किया कि क्षेत्र की सभी समस्या से मुझे अवगत कराए और क्षेत्र की लड़ाई मै लड़ूंगा। कार्यकर्ताओं का सम्मान मेरे लिए सर्वोपरि है कार्यकर्ताओं के सम्मान के लिए पूरी ईमानदारी से खड़ा रहूंगा। पूर्व विधायक बैजनाथ दूबे ने उपस्थित सभी लोगों को दुर्गा अष्टमी की शुभकामनाएं और बधाई दी इस मौके पर माता बदल मिश्रा सेक्टरअध्यक्ष, बड़कऊ पांडेय सेक्टर अध्यक्ष, मदन मोहन शुक्ला सेक्टर अध्यक्ष, सुरेश तिवारी सेक्टर अध्यक्ष, सूर्य नारायण पांडे सेक्टरअध्यक्ष, बृजेश पांडे सेक्टर अध्यक्ष, भगवती प्रसाद मिश्रा सेक्टर अध्यक्ष, श्रीधर पांडेय,कलीम भाई, सुनील मिश्रा, लवकुश चौबे ब्लॉक अध्यक्ष, मनीष मिश्रा, पुजारी पांडे, मौजीराम यादव, अजीत पांडे पिपरा चौबे, केदारनाथ, पांडेय,रवींद्र तिवारी, विकास पांडे मल्लापुर, हरिप्रसाद मिश्रा, बेला प्रताप शुक्ल, रमेश पांडे राजाजोत जनक राज यादव 'लल्ला' ब्लॉक अध्यक्ष, अशोक मिश्रा, राजेश मिश्रा, बच्चा लाल मौर्य, सियाराम सोनकर, दिनेश कुमार मिश्रा, सहित सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित रहे।

### वाहन चोर गिरफ्तार, 2 अदद चोरी की मोटरसाइकिल बरामद

**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।** दिनांक 16.03.2026 को संदीप मिश्रा पुत्र श्याम मनोहर मिश्रा निवासी गंगापुर थाना को0 देहात जनपद गोण्डा द्वारा थाना को0 देहात पर सूचना दी गई कि दिनांक 28.2.2026 को रात्रि में पास के गांव बहलोलपुर में एक निमन्त्रण में गये थे, जहां प्रार्थी रिस्तेदार की बाइक स्पलेन्डर प्लस क्ष्43470 ब्लैक कलर को लेकर गया था है। वहां से किसी ने बाइक चोरी कर ली थी । जिसे काफी खोजबीन किया लेकिन कोई पता नहीं चला । तथा दिनांक 25.03.2026 को वादी राम जस पुत्र जगराम निवासी इटई अब्दुल्ला थाना शाहदुल्ला नगर जनपद बलरामपुर द्वारा सूचना दी गई कि दिनांक 22.03.26 को वह गोण्डा से दवा लेने गये थे।

## कंपोजिट विद्यालय बंजरिया में मनाया गया वार्षिकोत्सव



**मनकापुर/ गोंडा, समृद्धि न्यूज़।** कंपोजिट विद्यालय बंजरिया में वार्षिक उत्सव बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया, इस अवसर पर बच्चों ने सरस्वती वंदना, स्वागत गीत, एकांकी, कव्वाली, नृत्य, लोकगीत प्रहसन के साथ-साथ कई अच्छे कार्यक्रम प्रस्तुत किया बेटी है अनमोल की लोगो ने भरपूर सराहना की बच्चों का कार्यक्रम इतना अच्छा रहा कि श्रोता कार्यक्रम देखकर मंत्र मुक्त नजर आए नन्हे मुन्ने बच्चों द्वारा जब स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया तो दर्शकों जबरदस्त तालियां बजाते नजर आए छोटी बहनों द्वारा विदाई गीत प्रस्तुत किया गया जिसे सुनकर छात्र-छात्राओं अभिभावकों एवं शिक्षकों की आंखें भर आई कार्यक्रम को रुचिकर बनाने के लिए नन्हे मुन्ने बच्चों द्वारा कार्यक्रम स्थल को विधिवत सजाया गया था दर्शक कार्यक्रम की समाप्ति तक डटे रहे और कार्यक्रम का आनंद उठाया एवं कार्यक्रम की सराहना की इस अवसर पर कक्षा 6 और 7 के छात्राओं द्वारा कक्षा 8 के छात्राओं को भावभीनी विदाई दी गई तथा गिफ्ट भेंट किया गया इस दौरान बच्चे अपने आंख से आंसू नहीं रोक पाए प्रधानाचार्य पारसनाथ जय सवाल ने स्कूल में संपन्न हुए खेल को प्रतियोगिता के विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरित किया इसके अलावा वीरेंद्र तिवारी अखिलेश चौबे सूर्यभान राम सतीश चौधरी पुनीत कुमार रतेंद्र शुक्ला रविंद्र यादव लालता प्रसाद ममता उपाध्याय मीनाक्षी सिंह सावित्री आज मौजूद रही कार्यक्रम पूजा मनमोहिनी द्वारा संपन्न कराया गया।

### विश्व के एकमात्र बुद्ध धम्म के दायाद थे सम्राट अशोक





**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।** प्रियदर्शी सम्राट अशोक महान जम्बूद्वीप की आन-बान-शान थे। विश्व के एकमात्र बुद्ध धम्म के दायाद थे सम्राट अशोक। सम्राटों में सम्राट थे अशोक महान। उन्होंने विश्व बंधुता और बसुधैव कुटुम्बकम अर्थात सम्पूर्ण विश्व एक परिवार है को साकार करने के लिए आजीवन समर्पित रहे। मानव मूल्यों और मानव कर्तव्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता देने वाले,मानव मानव एक समान को चरितार्थ करने वाले एकमात्र सम्राट अशोक थे। 'पैदा हुए हो मानव बनकर,मरो तो महामानव बनकर' के जनक और 'जियो और जीने दो' के जीवंत उदाहरण थे सम्राट अशोक। भारत के सभी शासकों ने सम्राट अशोक का भारत बनाने का निरन्तर प्रयास किया है। इसीलिए भारत युद्ध नहीं बुद्ध चाहता है। भारत के राष्ट्र चिह्नों में मुद्रा में अशोक की लॉट,राष्ट्रपति के सिंहासन के ऊपर धम्म चक्क पवत्तनाय,राष्ट्र ध्वज में धम्म चक्र में चौबीस तीलियों का स्थापित होना,राष्ट्राध्यक्ष और राज्यपाल के वाहन पर राष्ट्र चिह्न की स्थापना,चौकीदार से लेकर सेनाध्यक्ष के कैप,बेल्ट पर अशोक की लॉट का होना आदि सम्राट अशोक महान के समता मूलक समाज और जनता के राज की पहचान स्थापित है। जनहित में सम्राट अशोक ने गुहा लेख,स्तम्भ लेख,शिलालेख द्वारा सभी प्राणियों के कल्याण के लेख लिखाये गये थे जो चिरस्थाई लेख थे और हैं। इस प्रकार से सम्राट अशोक ने सम्पूर्ण जम्बूद्वीप में तथागत बुद्ध के 84हजार गाथाओं के आधार पर बौद्ध स्तूप,बुद्ध विहारों की स्थापना कर और अपने पुत्र महाथेर महेंद्र और पुत्री महाथेरी संघमित्रा द्वारा विश्व के अनेक देशों में बुद्ध धम्म का प्रचार प्रसार कराने के लिए धम्म यात्राएं करायी और विश्व के सभी महान को यह संदेश देने का कार्य किया कि विश्व को युद्ध नहीं बुद्ध चाहिए। सम्राट अशोक के जीवन में प्राणी कल्याण से बढ़कर कुछ भी नहीं था। उक्त विचार सम्राट अशोक महान के 2330वें जन्मोत्सव पर कहारन पुरवा,केशवपुर पहड़वा में स्थित पंचसील बुद्ध विहार में मास संगठन के राष्ट्रीय संगठक ए.के.नन्द ने व्यक्त किया।किशोरी लाल ने कहा कि सम्राट अशोक के विचार जनहितकारी थे इसलिए सभी को ग्राह्य है। आरपी बौद्ध ने कहा कि सम्राट अशोक जैसा महानायक लाखों में पैदा होता है।छोटेलाल ने गीतों के माध्यम से सम्राट अशोक के व्यक्तित्व और कृतित्व पर रोशनी डाली।आरके राव ने कहा कि सम्राट अशोक महान जम्बूद्वीप के बहुत ही लोकप्रिय शासक थे। राजतंत्र होने के बावजूद भी सम्राट अशोक ने सम्पूर्ण जम्बूद्वीप में लोकतांत्रिक व्यवस्था लागू कर रखी थी। कार्यक्रम में हरिप्रसाद, रामपाल, विवेक, संजय, राजकुमार, धर्मवीर, दीपांकर, राजू,राजेश,सियाराम,राम गुलाम, कृपा राम, काशीराम मौर्य, मनमोहन, कृष्ण कुमार, संतोष, आनंद, सुनीता, अनीता, उर्मिला, मीना, मनीता, कलावती, राम कुमारी, दयावंती, लालमती, नीलम चौधरी, रघुनाथा, दशरथ देवी आदि अनेक कार्यकर्ताओं ने सहभाग किया।

# रामनवमी पर पीएम मोदी ने दी देशवासियों को बधाई

## सीएम योगी ने की अपील, कहा-शांति व सौहार्द के साथ मनायें पर्व

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।





प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बृहस्पतिवार को राम नवमी की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भगवान राम के आदर्श न केवल भारत के लोगों के लिए, बल्कि अंनतकाल तक पूरी मानवता के लिए मार्गदर्शक शक्ति बने रहेंगे। मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, देशभर के मेरे परिवारजनों को रामनवमी की असीम शुभकामनाएं।

त्याग, तप और संयम से भरे मर्यादा पुरुषोत्तम के जीवन से हमें हर परिस्थिति का पूरे सामर्थ्य से सामना करने की प्रेरणा मिलती है। उनके आदर्श अनंतकाल तक भारतवासियों के साथ-साथ संपूर्ण मानवता के पथ-प्रदर्शक बने रहेंगे। प्रधानमंत्री ने कहा, मेरी कामना है कि भगवान राम की कृपा से सबका कल्याण हो, जिससे विकसित और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प की सिद्धि का मार्ग प्रशस्त हो।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने श्रीराम नवमी के पावन अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। अपने संदेश में उन्होंने कहा कि श्रीराम का चरित्र कठिन परिस्थितियों में भी धैर्य, संयम और कर्तव्यनिष्ठा बनाए रखने की प्रेरणा देता है। यही मूल्य 'रामराज्य' की संकल्पना का आधार हैं।

सीएम योगी ने सभी जिलाधिकारियों और पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए कि रामनवमी पर्व को शांतिपूर्ण, सुरक्षित और सुव्यवस्थित ढंग से सम्पन्न कराया जाए। मंदिरों और धार्मिक स्थलों पर विशेष स्वच्छता अभियान, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था और श्रद्धालुओं के सुगम दर्शन की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा गया है। इसके साथ ही भीड़ प्रबंधन, पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती और सतत निगरानी के निर्देश दिए गए हैं, ताकि किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न हो। मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों से अपील की कि वे इस पर्व को श्रद्धा, उल्लास और अनुशासन के साथ मनाएं तथा सामाजिक सौहार्द और आपसी सहयोग की भावना को मजबूत करें।

### भगवान श्रीराम का जीवन सत्य, धर्म व आदर्शों का उदाहरण

राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने रामनवमी के पावन अवसर पर प्रदेश एवं देशवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। राज्यपाल ने अपने बधाई संदेश में कहा कि भगवान श्रीराम का जीवन सत्य, धर्म और आदर्शों का उदाहरण है। उन्होंने समाज में मर्यादा, त्याग, कर्तव्य परायणता और नैतिक मूल्यों की स्थापना की, जो आज भी हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत हैं। उन्होंने कहा कि हमें भगवान श्रीराम के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाकर एक समरस, सशक्त और आदर्श समाज के निर्माण हेतु प्रयास करना चाहिए। उन्होंने कामना की कि यह पावन पर्व सभी के जीवन में सुख, शांति, समृद्धि एवं सद्भाव लेकर आए।

# राजधानी के तीन पंप पर पेट्रोल-डीजल खत्म होने से हंगामा, पुलिस की निगरानी में बिका ईंधन

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।





राजधानी लखनऊ के इंदिरानगर, बादशाहनगर और पॉलिटेक्निक चौराहे पर स्थित पंप पर पेट्रोल-डीजल खत्म हो गया है। पंपों पर फ्यूल इन प्रोग्रेस का बोर्ड लगा दिया गया है। पॉलिटेक्निक चौराहे पर पेट्रोल खत्म होने पर पंप कर्मियों से लोगों की नोकझोंक हो गई। कुछ देर तक हंगामे की स्थिति बनी रही। सूचना पर पहुंची पुलिस ने लोगों को समझाकर शांत कराया। शहर के ज्यादातर पंपों पर लंबी लाइनें लगी हैं। हजरतगंज स्थित तलवार पेट्रोल पंप पर 3 घंटे से ज्यादा समय तक इंतजार के बावजूद लोगों को पेट्रोल-डीजल नहीं मिल रहा है। रंजन पेट्रोल पंप पर सुबह से ही भारी भीड़ है। इस स्थिति को देखते हुए कई पेट्रोल पंपों पर पुलिस तैनात हो गई है। एडीएम सप्लाई ज्योति गौतम पंपों का निरीक्षण कर रही हैं। उन्होंने कहा है कि पेट्रोल-डीजल की कोई कमी नहीं है। पर्याप्त मात्रा में आपूर्ति जारी है। उन्होंने लोगों से अपील की है कि वे घबराएं नहीं। जितनी आवश्यकता हो उतना ही 'पेट्रोल-डीजल भरवाएं। उन्होंने पंप संचालकों को भी निर्देश दिया है कि वाहनों के अलावा किसी भी बड़ी टंकी या कंटेनर में पेट्रोल-डीजल न दें।

## खबरें एक नजर में

### खंभे से गिरा तार, कार जली, छह घंटे से बिजली गुल

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ के राजभवन डिवीजन के क्लाइड रोड पर खंभे से जलते हुए तार गिरा जिससे नीचे खड़ी कार जल गई। इलाके में आज गुरुवार को सुबह 6 घंटे से बिजली भी गुल है। लोगों ने कहा है कि बिजली विभाग के अधिकारियों की लापरवाही से यह दुर्घटना हुई। शॉर्ट सर्किट के चलते बिजली के खंभों में आग लग गई। घटना के बीच में एक कार भी चपेट में आ गई, जिसका पीछे का हिस्सा जलकर खराब हो गया है। इसके साथ ही गुमटी में भी आग पकड़ ली। मामले में पीड़ित ने लापरवाह अधिकारियों के खिलाफकार्रवाई की मांग की है। आग के चलते एकलव्यनगर गोखले मार्ग कृषि भवन इलाके में पावर कट है। लोगों का कहना है कि शॉर्ट सर्किट के बीच में सुबह 4 बजे से क्लाइड रोड इलाके की बत्ती गुल हो गई। इसके पहले खंभों की केबलों में तेज आग लगी, इसके चलते तार नीचे भी गिर गए, जिसके कारण नवरात्र में लोग अष्टमी मनाने में भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इलाके में सुबह 10 बजे तक बिजली नहीं आई। खंभों के पास रखी गुमटियां भी आग की चपेट में आ गई। लोगों ने कहा कि बिजली न आने की वजह से हमारे घरों में सुबह से पानी भी नहीं आ पाया है। शिकायत के बाद भी अधिकारी समस्या का समाधान करने में लापरवाही कर रहे हैं। रात में सो रहे थे। खड़ी कार बेकार हो गई। इसमें कम से कम 35 हजार रुपए का खर्चा आएगा। बिजली विभाग के अधिकारियों की लापरवाही से ऐसा हुआ है। इसकी जिम्मेदारी तय की जानी चाहिए।

### महिला मरीज से वार्ड बॉय ने की छेड़छाड़

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ के निरालानगर स्थित विवेकानंद पॉलिक्लीनिक हॉस्पिटल में बुधवार देर रात न्यूरो मरीज से वार्ड बॉय ने छेड़छाड़ की। वह महिला मरीज टॉयलेट गई थी। पीछे से वार्ड बॉय अनीस भी घुस गया। उसने मरीज से बैडटच किया। ऐसा करते ही मरीज चिल्लाई। उसका शोर सुनकर लोग दौड़कर आ गए। टॉयलेट का दरवाजा खोला गया तो आरोपी अनीस भाग निकला। घटना की जानकारी अस्पताल कर्मचारियों ने उच्च अधिकारियों को दी। पीड़िता के घरवालों ने इस मामले की पुलिस में शिकायत की। मौके पर पहुंची पुलिस ने अस्पताल प्रशासन के अफसरों से मिलकर उसे फोन करके बुलाया। वापस आने पर पुलिस ने उसे हिरासत में ले लिया। पुलिस के पूछने पर उसने कहा– मैं सिगरेट पीने टॉयलेट गया। इसके अलावा मैंने कुछ नहीं किया। पुलिस के अनुसार, आरोपी वार्ड बॉय के बयान की सत्यता की जांच कर रही है। छेड़छाड़ का मुकदमा किया है। आरोपी सीतापुर का है। महानगर एसीपी अंकित कुमार के मुताबिक, मरीज के घरवालों की तहरीर पर छेड़छाड़ की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। आरोपी से पूछताछ की जा रही है और आगे की कानूनी कार्रवाई जारी है। घटना के बाद अस्पताल प्रशासन ने आरोपी वार्ड बॉय को नौकरी से निकाल दिया है।

### एसजीपीजीआई से कॉपर पाइप चुराते पकड़े गए दो युवक

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान (एसजीपीजीआई) परिसर में एसी की बाहरी यूनिट से कॉपर पाइप चोरी करते हुए 2 युवकों को सुरक्षाकर्मियों ने रंगे हाथ पकड़ा। बाद में उन्हें पीजीआई पुलिस के हवाले कर दिया गया। यह घटना गुरुवार को जनरल हॉस्पिटल में हुई, जब सहायक सुरक्षा अधिकारी धनंजय कुमार पांडेय और उनकी टीम को संदिग्ध गतिविधि की सूचना मिली। मौके पर पहुंची टीम ने दोनों युवकों को एसी की बाहरी यूनिट से कॉपर पाइप निकालते हुए दबोच लिया। तलाशी के दौरान उनके पास से कॉपर पाइप के टुकड़े, साउंड बॉक्स से निकाला गया कॉपर और 1280 रुपए नकद बरामद हुए। पुलिस ने आरोपियों की पहचान एसजीपीजीआई परिसर निवासी नितिन (18) और एकता नगर, कल्ली पश्चिम निवासी शशांक उर्फशशी (20) के रूप में की है। दोनों के खिलाफथाना पीजीआई में मुकदमा दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया है। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे नशे के आदी हैं और अपनी लत पूरी करने के लिए चोरी करते थे। पुलिस के अनुसार, शशांक के खिलाफपहले भी चोरी के मामले दर्ज हैं, जबकि नितिन का कोई आपराधिक इतिहास नहीं मिला है। नितिन कक्षा 8 पास है और शशांक उर्फशशी कक्षा 12 पास है। दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

### चोरी की ज्वेलरी खरीदने का आरोपी गिरफ्तार

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** मोहनलालगंज पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट के मामले में वांछित अभियुक्त सतीश सोनी को गिरफ्तार किया है। उसे बीती बुधवार को जानकीपुरम स्थित उसके घर से शाम करीब 5.30 बजे दबोचा गया। सतीश सोनी पर चोरी की ज्वैलरी और अन्य सामान खरीदने का आरोप है। इंस्पेक्टर मोहनलालगंज ब्रजेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि निगोहा थाने में 8 मार्च 2026 को एक मुकदमा उत्तर प्रदेश गिरोहबंद समाजविरोधी क्रियाकलाप निवारण अधिनियम के तहत दर्ज किया गया था। इस मामले में कमलेश, अभिलाष उर्फअभिलाख, बाबूराम, रामचन्दर उर्फ छोटू, झब्बू उर्फसेठ, बुचऊ प्रधान उर्फरामजीवन, शिब्बू उर्फविकास और सतीश सोनी सहित कई अभियुक्त नामजद थे। इस मुकदमे की विवेचना प्रभारी निरीक्षक मोहनलालगंज ब्रजेश कुमार त्रिपाठी कर रहे हैं। अभियुक्तों के खिलाफमोहनलालगंज, नगराम, निगोहा और अन्य थानों में भी विभिन्न मामले दर्ज हैं। अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए मोहनलालगंज थाने में एक पुलिस टीम का गठन किया गया था। इससे पहले, 18 मार्च को कमलेश, अभिलाष उर्फअभिलाख, बाबूराम और रामचन्दर उर्फछोटू को गोसाईगंज थाना क्षेत्र के हबुआपुल से रात करीब 9.45 बजे गिरफ्तार किया गया था। सतीश सोनी पर अन्य अभियुक्तों से योजनाबद्ध तरीके से चोरी की ज्वैलरी और अन्य सामान खरीदने का आरोप है। पुलिस टीम अन्य वांछित अभियुक्तों की तलाश कर रही है।

# गर्मी को लेकर ऊर्जा मंत्री गम्भीर, की तैयारियों की समीक्षा

- अंडरग्राउंड केबलिंग व बांस-बल्ली हटाने पर जोर
- ट्रिपिंग की समस्या को लेकर सुधार के कड़े निर्देश
- प्रमुख स्थलों की विद्युत आपूर्ति पर मांगी रिपोर्ट
- पूर्वांचल में निर्बाध बिजली आपूर्ति के निर्देश

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।



नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने सर्किट हाउस वाराणसी में विद्युत विभाग के कार्यों की समीक्षा बैठक की। उन्होंने आगामी गर्मी के मौसम को देखते हुए विभागीय तैयारियों का गहन आकलन किया और अधिकारियों से विद्युत आपूर्ति की वर्तमान स्थिति, क्षमता वृद्धि, अनुरक्षण, ट्रांसफार्मरों की उपलब्धता तथा फाल्ट रेस्पॉन्स सिस्टम के संबंध में विस्तार से जानकारी ली।

ऊर्जा मंत्री ने निर्देश दिए कि उपकेंद्रों पर उपकरणों की पर्याप्त उपलब्धता रहे आपात स्थिति से निपटने के लिए त्वरित कार्रवाई दल रैपिड रिस्पॉन्स टीम सक्रिय रखे जाएं। अंडरग्राउंड केबलिंग कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए इसे निर्धारित समयसीमा के भीतर पूर्ण करने के निर्देश दिए, जर्जर तारों को बदलने, ओवरलोडिंग की समस्या को दूर करने तथा एक महीने के अंदर बांस-बल्ली के स्थान पर सुरक्षित एवं स्थायी ढांचे विकसित करने पर विशेष जोर दिया। शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में संतुलित विद्युत वितरण किया जाए ताकि कहीं भी अनावश्यक कटौती की स्थिति उत्पन्न न हो।

उन्होंने अनुरक्षण के कार्यों में तेजी लाए जाने के निर्देश दिए और कहा कि कार्य में लापरवाही शिथिलता बरतने वाले अधिकारियोंकर्मचारियों पर कड़ी कार्रवाई की जाए।

ऊर्जा मंत्री ने ट्रिपिंग की समस्या पर विस्तार से पूछताछ करते हुए अधिकारियों को इसे न्यूनतम स्तर पर लाने के लिए प्रभावी कदम उठाने के निर्देश दिए। उन्होंने रेलवे स्टेशन, एयरपोर्ट, संकट मोचन मंदिर एवं ताज होटल जैसे महत्वपूर्ण स्थलों पर विद्युत आपूर्ति की स्थिति की विशेष जानकारी ली और इन स्थानों पर चौबीसों घंटे निर्बाध आपूर्ति के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि धार्मिक एवं पर्यटन स्थलों पर विद्युत व्यवस्था विशेष रूप से मजबूत रखी जाए, जिससे देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

उन्होंने पूर्वांचल के सभी जिलों में विद्युत आपूर्ति की स्थिति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को पूरी सतर्कता, जवाबदेही एवं समन्वय के साथ कार्य करने को कहा।

आमजन को बेहतर, सुरक्षित और निर्बाध विद्युत सेवाएं उपलब्ध कराना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसमें लापरवाही या शिथिलता बिल्कुल भी स्वीकार नहीं की जाएगी। बैठक के दौरान एमडी पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम शंभू कुमार, अधीक्षण अभियंता, अधिशासी अभियंता एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# भाजपा ने लाइन के अलावा जनता को कुछ नहीं दिया : अखिलेश यादव

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।



समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने एलपीजी को लापता गैस बताते हुए बृहस्पतिवार को कहा कि भाजपा ने लाइन के अलावा जनता को कुछ नहीं दिया। उत्तर प्रदेश में गैस एजेंसियों के सामने लगी लंबी कतारों को लेकर यादव ने भाजपा पर तंज कसा है।

उन्होंने कहा कि भाजपा ने लोगों को कतारों में लगाने के अलावा कुछ नहीं किया और अब लोग पेट्रोल के लिए भी कतारों में लगे हुए हैं। यादव बृहस्पतिवार को सपा मुख्यालय में पत्रकारों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार ने एलपीजी संकट को लेकर कोई तैयारी नहीं की और अब 14 किलोग्राम वाले सिलेंडर में 10 किलोग्राम गैस मिल रही है। अखिलेश यादव ने कहा, उत्तर प्रदेश में में एलपीजी का मतलब लापता गैस है। गैस न मिलने से लोगों को खाना बनाने के लिए चूल्हे का सहारा लेना पड़ रहा है। उन्होंने कहा, एक कचौरी एक समोसा अब गैस पर न रहा भरोसा। सपा प्रमुख ने व्यंगात्मक लहजे में कहा, सुना है कोयले पर चाय और रोटी अच्छी बनती है। कई लोग स्मोक्ड फूड पसंद करते हैं। उन्होंने कहा कि पड़ोसी देशों ने ऊर्जा बचत के लिए कदम उठाने शुरू कर दिए हैं, लेकिन हमारे देश में ऐसे प्रयास होते नहीं दिख रहे।

# यूपी बोर्ड का जाली सर्टिफिकेट तैयार करने वाले गिरोह का पर्दाफाश, दो गिरफ्तार

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।



उत्तर प्रदेश पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) ने यूपी बोर्ड की फर्जी वेबसाइट के जरिये मार्कशीट्स, सर्टिफिकेट, रजिस्ट्रेशन एवं ट्रांसफर सर्टिफिकेट तथा वेरीफिकेशन प्रपत्र तैयार करने वाले गिरोह के 2 सक्रिय सदस्यों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए सदस्यों के पास से एसटीएफ ने फर्जी मुहर सहित इस्तेमाल में आने वाले उपकरण व अन्य जाली दस्तावेज बरामद किए गए हैं। गिरफ्तार किए गए सदस्यों की पहचान शशि प्रकाश राय उर्फराजन शर्मा उर्फ शनि पुत्र हरिशंकर राय, निवासी ग्राम व पोस्ट सुहौली, मनीष कुमार राय पुत्र महेन्द्र राय निवासी ठेकमा, बरदह, आजमगढ़ के तौर पर हुई है।

एसटीएफ के मुताबिक माध्यमिक शिक्षा परिषद, उत्तर प्रदेश की आधिकारिक वेबसाइट से मिलती-जुलती बेवसाइट बनाकर गिरोह के सदस्यों को ठगते थे। इस बावत परिषद की तरफ से प्रयागराज में मुकदमा दर्ज कराकर एसटीएफ से जांच कराने की मांग की गई थी। इसी क्रम में उपनिरीक्षक नरेन्द्र सिंह, उपनिरीक्षक नितिन यादव की टीम अभिसूचना संकलन के क्रम में जनपद आजमगढ़ में भ्रमणशील थी। इस दौरान विश्वनीय सूत्रों से सूचना प्राप्त हुई कि विभिन्न प्रकार के फर्जी दस्तावेज तैयार करने वाले गिरोह का सरगना शशि प्रकाश राय है जो अपने घर पर मौजूद है। इस सूचना पर एसटीएफ टीम द्वारा उपरोक्त दोनों अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्त शशि प्रकाश राय ने पूछताछ पर बताया कि वर्ष 2022 में जनपद जौनपुर में एक काल सेन्टर खोला, जिसमें सोशल मीडिया के माध्यम उपरोक्त दस्तावेज बनाने आदि का पोस्ट डाला जाता था। जिस पर लोगों द्वारा इनसे सम्पर्क किया जाता था। जिसके बाद शशि प्रकाश द्वारा अपने ममेरे भाई मनीष कुमार राय को आवश्यकता अनुसार डिटेल बताया जाता था। बताये हुए डिटेल के अनुसार मनीष राय द्वारा उपरोक्त फर्जी दस्तावेज तैयार किया जाता था। इनके द्वारा बनाई गयी फर्जी बेवसाइट पर कूटरचित मार्कशीट का रिजल्ट भी अपलोड कर दिया जाता था, जिससे लोग बेवसाइट पर रोल नंबर डालकर रिजल्ट ऑनलाइन चेक करते थे, जो वह दस्तावेज (शिक्षा बोर्ड / यूनिर्वसिटी) असली प्रतीत होता था। इतना ही नही फर्जी मार्कशीट के आधार पर लोग विभिन्न संस्थानों में नौकरी पा जाते है तो उनका ऑनलाइन-ऑफलाइन वेरीफिकेशन भी कर देता था। फर्जी मार्कशीट व अन्य प्रपत्र आदि बनवाने के लिये 15 से 20 हजार लेता था। जिसे सभी लोग आपस में बांट लेते थे।

# इंडक्शन चूल्हे व इलेक्ट्रिकल व्हीकल ने बढ़ाई बिजली की खपत

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

**तीन दिन में 3000 मेगावाट की वृद्धि चिंताजनक**

उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद ने प्रदेश में मार्च माह के दौरान बिजली की अधिकतम मांग (पीक डिमांड) में हो रहे अप्रत्याशित उतार-चढ़ाव पर गंभीर चिंता व्यक्त की है। परिषद के अध्ययन के अनुसार 10 मार्च को जब एकाएक गर्मी बढ़ गई थी अधिकतम मांग 21,675 मेगावाट दर्ज की गई थी, जो मौसम में बदलाव के कारण 21 मार्च को घटकर 18,031 मेगावाट रह गई। इसके बाद 24 मार्च को यह बढ़कर 19,432 मेगावाट हुई, जबकि 26 मार्च को अचानक उछलकर लगभग 21,450 मेगावाट तक पहुंच गई। परिषद का मानना है कि इतनी बड़ी मात्रा में लगभग 3000 मेगावाट का अचानक लोड बढ़ना सामान्य मौसमीय बदलाव से परे है। वर्तमान में तापमान अत्यधिक नहीं होने के बावजूद इस तरह की वृद्धि से संकेत मिलता है कि सिस्टम पर अतिरिक्त लोड के नए स्रोत तेजी से जुड़ रहे हैं।परिषद के आकलन के अनुसार बाजार में इन दिनों बड़े पैमाने पर इलेक्ट्रिक इंडक्शन चूल्हों की बिक्री बढ़ी है। गैस आपूर्ति को लेकर आशंकाओं के कारण उपभोक्ता वैकल्पिक व्यवस्था के रूप में इंडक्शन उपकरण अपना रहे हैं, जिससे बिजली की मांग पर अचानक दबाव बढ़ रहा है। इसके साथ ही सड़कों पर तेजी से बढ़ रहे इलेक्ट्रिक व्हीकल्स भी आने वाले समय में बिजली की अधिकतम मांग को और बढ़ाने वाले प्रमुख कारक बन सकते हैं। उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष एवं सेंट्रल एडवाइजरी कमेटी के सदस्य अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि बिजली कंपनियों और पावर कॉरपोरेशन प्रबंधन को इस स्थिति को अत्यंत गंभीरता से लेते हुए अपनी तैयारियों को और मजबूत करना होगा। उन्होंने कहा कि अभी एयर कंडीशनर का उपयोग सीमित है, लेकिन जैसे-जैसे गर्मी बढ़ेगी, एसी लोड भी तेजी से बढ़ेगा, जिससे सिस्टम पर अतिरिक्त दबाव पड़ेगा। उन्होंने चेतावनी दी कि वर्तमान परिस्थितियां संकेत दे रही हैं कि इस वर्ष अधिकतम बिजली मांग पिछले रिकॉर्ड को पार कर सकती है। ऐसे में पावर कॉरपोरेशन को युद्धस्तर पर तैयारी करते हुए उत्पादन, खरीद और वितरण व्यवस्था को मजबूत करना होगा।परिषद ने पावर कॉरपोरेशन से मांग की है कि बिजली मांग में अचानक वृद्धि के कारणों का विस्तृत अध्ययन किया जाए। इंडक्शन उपकरणों और म्ट चार्जिंग के प्रभाव का अलग से आकलन किया जाए। आने वाले महीनों के लिए पर्याप्त बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। पीक डिमांड से निपटने के लिए अग्रिम रणनीति तैयार की जाए। परिषद ने स्पष्ट किया कि समय रहते उचित कदम नहीं उठाए गए तो गर्मी के चरम पर प्रदेश को बिजली संकट का सामना करना पड़ सकता है।

# गो-आश्रय स्थलों की निगरानी हाईटेक

- प्रदेश के 5446 गो-आश्रय स्थलों में लगे 7592 सीसीटीवी कैमरे
- 56 जनपदों में कमांड एवं कंट्रोल रूम, 19 में सीएसआर से होंगे स्थापित

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

उत्तर प्रदेश में गोवंश संरक्षण को तकनीक से जोड़ते हुए एक बड़ा और प्रभावी कदम उठाया गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश भर के जनपदों में संचालित 5446 गो-आश्रय स्थलों को सीसीटीवी निगरानी से जोड़ दिया गया है, जहां अब तक कुल 7592 कैमरे स्थापित किए जा चुके हैं। यह पहल न केवल पारदर्शिता बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण है, बल्कि गोवंश की सुरक्षा और बेहतर देखभाल सुनिश्चित करने का भी मजबूत माध्यम बन रही है।

इन आश्रय स्थलों की चौबीसों घंटे निगरानी संभव हो गई है। सीसीटीवी कैमरों के जरिए पशुओं के खान-पान, स्वास्थ्य, साफ-सफाई और सुरक्षा संबंधी व्यवस्थाओं पर लगातार नजर रखी जा रही है, जिससे किसी भी प्रकार की लापरवाही पर तुरंत कार्रवाई सुनिश्चित हो रही है। यह व्यवस्था प्रशासनिक जवाबदेही को भी मजबूत कर रही है।प्रदेश के इन गो-आश्रय स्थलों में बड़ी संख्या में निराश्रित गोवंश संरक्षित हैं, जिनकी देखभाल सरकार की प्राथमिकता में है। पशुपालन विभाग के अपर मुख्य सचिव मुकेश मेश्राम के अनुसार डिजिटल निगरानी प्रणाली प्रशासनिक पारदर्शिता के साथआम जनता के विश्वास को भी सुदृढ़ कर रही है।

आपात स्थिति में त्वरित निर्णय लेने में यह तकनीक बेहद कारगर साबित हो रही है। वर्तमान में 56 जनपदों में कमांड एवं कंट्रोल रूम सक्रिय हैं, जहां से इन कैमरों की मॉनिटरिंग की जा रही है, जबकि 19 जनपदों में सीएसआर कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी फंड के माध्यम से जल्द कंट्रोल रूम स्थापित किए जाएंगे। इससे पूरे प्रदेश में एकीकृत और सुदृढ़ निगरानी तंत्र विकसित होगा।

### प्रोजेक्ट प्रवीण : दो लाख छात्रों को मिलेगा भविष्य का आधार

**लखनऊ।** प्रदेश के व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार कपिल देव अग्रवाल के नेतृत्व में प्रदेश के युवाओं को भविष्य की तकनीकों से जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए 'प्रोजेक्ट प्रवीण' के अंतर्गत आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को शामिल किया गया है। प्रोजेक्ट प्रवीण माध्यमिक विद्यालयों के कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थियों के लिए 210 घंटे का नि:शुल्क कौशल विकास कार्यक्रम है, जिसमें आईटी, ब्यूटी, हेल्थकेयर और इलेक्ट्रॉनिक्स जैसे क्षेत्रों में व्यावसायिक प्रशिक्षण दिया जाता है। इस पहल के माध्यम से प्रदेश के 1200 से अधिक सरकारी एवं सहायता प्राप्त विद्यालयों के 2 लाख से अधिक छात्र-छात्राओं को सीधा लाभ मिलेगा। 28 मार्च को मिशन मुख्यालय द्वारा एक दिवसीय ऑनलाइन कार्यशाला आयोजित की जाएगी।

**समस्या** | रेफरल से समाधान की ओर जिला अस्पताल, जटिल प्रसव के मामले भी अब संभाल रहे छोटे जिलों के अस्पताल

# प्रदेशवासियों को जिले में ही इलाज की सुविधा उपलब्ध

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।



योगी सरकार ने पिछले नौ वर्षों में हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर के क्षेत्र में बड़े कदम उठाए हैं। प्रदेशवासियों को जिले में ही इलाज की सुविधा है। जटिल प्रसव वाले मामलों को बड़े शहरों की ओर रेफर करने की प्रवृत्ति कम हो रही है। छोटे शहरों में जटिल मामले संभाले जा रहे हैं। 76 जिला अस्पतालों के 1,791 डाक्टरों को बीते चार वर्षों में प्रशिक्षण दिया। उत्तर प्रदेश सहित देश के कई हिस्सों में मातृ एवं नवजात मृत्यु दर को कम करना स्वास्थ्य प्रणाली के सामने बड़ी चुनौती है। जिला और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर विशेषज्ञ सेवाओं की कमी, आपात स्थितियों में त्वरित निर्णय की क्षमता का अभाव और समय पर रेफरल की जटिलताओं के कारण कई बार ऐसी स्थितियां उत्पन्न हो जाती हैं, जिन्हें रोका जा सकता है। इन्हीं सवालों का व्यावहारिक और प्रभावी उत्तर बनकर उभरा है रीजनल रिसोर्स एंड ट्रेनिंग सेंटर आरआरटीसी मॉडल।

प्रदेश में इस वक्त 20 मेडिकल कॉलेज आरआरटीसी के रूप में काम कर रहे हैं। आरआरटीसी ने पारंपरिक प्रशिक्षण मॉडल से आगे बढ़ते हुए हब-एंड-स्पोक आधारित मेंटरशिप मॉडल विकसित किया, जिसमें मेडिकल कॉलेज नॉलेज हबके रूप में कार्य करता है और जिले स्पोकके रूप में निरंतर मार्गदर्शन प्राप्त करते हैं। ऑन-साइट मेंटरिंग, निरंतर क्षमता निर्माण, नर्सिंग स्टाफका सशक्तीकरण व मल्टी-डिपार्टमेंट सहयोग लिया जाता है। अलीगढ़ के जेएन मेडिकल कॉलेज परिसर में स्थापित आरआरटीसी मॉडल की मिसाल है। यहां से अलीगढ़, हाथरस व कासगंज जिला अस्पताल के डॉक्टरों व स्टाफ की क्षमतावृद्धि की गई ।

आरआरटीसी की को-ऑर्डिनेटर डॉ. तबस्सुम रहमत बताती हैं कि हमारा लक्ष्य केवल प्रशिक्षण नहीं, हर स्वास्थ्य इकाई को इस स्तर तक सक्षम बनाना है कि वह जटिल परिस्थितियों का सामना आत्मविश्वास के साथ कर सके। कासगंज जिला महिला अस्पताल में 2017 में पहला सफल सी-सेक्शन एक महत्वपूर्ण उपलब्धि थी, वहीं आज स्थिति पूरी तरह बदल चुकी है। जटिल प्रसव मामलों का स्थानीय स्तर पर ही प्रबंधन संभव हो रहा है।

पहले जिन मामलों को तत्काल बड़े शहरों में रेफर करना पड़ता था, अब उनमें से कई का इलाज जिले में ही हो रहा है। कोविड-19 महामारी के दौरान जब स्वास्थ्य सेवाओं पर अभूतपूर्व दबाव था, तब भी आरआरटीसी की पहल नहीं रुकी। जेएन मेडिकल कालेज की डॉ. नसरीन नूर एक जटिल केस को याद करती हैं। 23 वर्षीय एक महिला तेज पेट दर्द के साथ आई। प्रारंभिक जांच में स्थिति सामान्य प्रतीत हो रही थी, लेकिन मूल्यांकन में हेटरोटॉपिक प्रेग्नेंसी का पता चला। एक गर्भाशय में और दूसरा ट्यूब में, जिसमें से ट्यूब वाली प्रेग्नेंसी फट चुकी थी। तत्काल सर्जरी कर मरीज की जान बचाई गई।

सावधानीपूर्वक फॉलोअप के बाद उसी महिला ने नौ महीने बाद एक स्वस्थ बच्चे को जन्म दिया। यह केवल एक सफल केस नहीं, बल्कि यह संकेत है कि अब प्रणाली जटिल और जीवन-जोखिम वाली स्थितियों को पहचानने और संभालने में सक्षम हो रही है।

# इंटर की छात्रा से रेप, वीडियो से ब्लैकमेल कर धर्म परिवर्तन का बनाया दबाव

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।



आशियाना इलाके में इंटर की एक छात्रा से ब्लैकमेल कर दुष्कर्म का मामला सामने आया है। रश्मिखंड निवासी और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे अर्श रजा पर आरोप है कि उसने स्कूल के दौरान दोस्ती कर छात्रा को अपने जाल में फंसाया और उसकी अश्लील फोटो-वीडियो के जरिए लंबे समय तक यौन शोषण करता रहा।

पुलिस के अनुसार, वर्ष 2023 में दोनों एक ही स्कूल में पढ़ते थे। इसी दौरान आरोपी ने छात्रा से नजदीकी बढ़ाई और फिर उसकी आपत्तिजनक तस्वीरें और वीडियो हासिल कर लिए। इसके बाद वह उन्हें वायरल करने की धमकी देकर कई बार होटल ले गया और दुष्कर्म किया। आरोप है कि इस दौरान उसने छात्रा को गर्भनिरोधक दवाएं भी खिलाईं। विरोध करने पर मारपीट की। साथ ही धर्म परिवर्तन के लिए भी दबाव बनाया।

**दवाओं से यूरिन इंफेक्शन हुआ:-** छात्रा की तबीयत बिगड़ने पर मामला खुला। परिजनों के मुताबिक, लगातार दवाएं खिलाए जाने से उसे यूरिन इंफेक्शन हो गया था। डॉक्टर को दिखाने पर पूरी घटना की जानकारी सामने आई। पीड़िता की मां ने सोमवार को अर्श रजा के खिलाफ दुष्कर्म, पॉक्सो, धर्म परिवर्तन का दबाव डालने और उसके माता-पिता, बहनों के खिलाफ धमकाने की एफआईआर दर्ज कराई।

### पीजीआई थाना पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया

डीसीपी साउथ निपुण अग्रवाल के मुताबिक छात्रा के पिता थल सेना में हैं। वर्ष 2023 में छात्रा और अर्श एक ही स्कूल में पढ़ते थे। आरोप है कि अर्श ने छात्रा से दोस्ती की और फिर उसकी अश्लील फोटो व वीडियो हासिल कर उसके साथ दुष्कर्म किया। आरोपी अर्श को पीजीआई थाने की पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

# श्रीराम नवमी पर्व पर नगर में निकाली गई शोभायात्रा

- विभिन्न स्थानों पर श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर किया स्वागत
- जय श्री राम के जयघोष से वातावरण हो उठा गुंजायमान





**तिलहर-शाहजहांपुर समृद्धि न्यूज।**

श्रीरामनवमी पर्व पर भगवान श्रीराम का प्राकट्योत्स धूमधाम से मनाते हुए नगर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। इस दौरान विभिन्न स्थानों पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। गुरुवार को दोपहर 12 बजे मंदिरों व घरों में भगवान श्रीराम का घंटा घड़ियाल व शंख ध्वनि के साथ प्राकट्य उत्सव मनाया गया। इस दौरान शंख घड़ियाल की ध्वनि के बीच श्री राम अवतार भए प्रगट कृपाला दीन दयाला कौशल्या हितकारी के साथ ही भगवान श्रीराम स्तुति मंत्रों व जयघोष के साथ वातावरण गूंज उठा। अपरान्ह तीन बजे आर्य समाज मंदिर के समीप श्री राम जानकी मंदिर से शोभायात्रा का शुभारंभ हुआ। जिसमें सबसे आगे भगवान गणेश, शिव-पार्वती, मान सरस्वती, श्रीराधाकृष्ण, भगवान श्रीराम, संतोषी माता, अर्जुन रथ सारथी श्री कृष्ण, महा काली अखाड़ा, महारास भव नृत्य, श्रीराम दरबार झांकियों का मनोहारी प्रदर्शन किया गया। शोभायात्रा मोहल्ला घेर चोवा, कच्चा कटरा, पक्का कटरा, मीरगंज, मौजमपुर, दातागंज, निजामगंज, चौराहा बिरियागंज, से आंबेडकर पार्क से पोटरगंज, नईवास्ती, कुंवरगंज, बहादुरगंज होती हुई सराफा मार्केट से पंजाबी कॉलोनी गेट होकर पुराना रोडवेज अस्पताल रोड पर श्रीवंशी वाले मंदिर पहुंचकर संपन्न हुई। तदोपरांत पूजन अर्चन के बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जो देर रात तक चला शोभायात्रा में आयोजक समिति के संजय गुप्ता, अनुज राठौर के अलावा बीके प्रजापति, सुनील गुप्ता चोटी वाले, राजाराम राठौर, संजीव सक्सेना, साहू मनोज गुप्ता, साहू रोहित गुप्ता, बाबूराम हिंदू, तुषार रस्तोगी,राजीव गुप्ता, समेत भारी संख्या में लोग शामिल रहे। इस दौरान इंस्पेक्टर क्राइम सुनील यादव, मौजमपुर चौकी इंचार्ज प्रमोद कुमार भारी पुलिस बल के साथ शोभायात्रा की निगरानी में मुस्तैद रहे। उधर कांग्रेस जिलाध्यक्ष रजनीश गुप्ता के सानिध्य में डॉ जाने आलम व कार्यकर्ताओं ने बड़ी मस्जिद के सामने तथा बाबा शम्स उर्फ शम्भुदेव आर्य ने अनुयायियों के साथ भगवान की भव्य दिव्य झांकियों पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया।

## खबरें एक नजर में

### आज खुलेंगे कुर्रिया कलां स्थित देवी मंदिर के कपाट



**कांट, शाहजहांपुर।** शुक्रवार सुबह 27 मार्च से खुलेंगे कुर्रिया कलां स्थित देवी मंदिर के कपाट। गांव का ऐतिहासिक देवी मंदिर जिसके कपाट नवरात्र पारायण होने के बाद दशमी की सुबह तीन दिन के लिये ही खुलते हैं। इस बार शुक्रवार (कल) की सुबह 4 बजे श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ खोल दिये जायेंगे। मंदिर परिसर में मेला का भी आयोजन। वृहस्पतिवार को मेला प्रांगण में दूर दराज से आकर दुकानदारों ने दुकानें सजाई।मेला प्रबंधक समिति के सदस्य पप्पू सिंह ने बताया कि मेला प्रारंभ हो चुका है।मेला आने वालों को किसी भी प्रकार की समस्या नहीं होगी।सभी जरूरी इंतजाम कर लिये गये है। मेले के साथ नौटंकी की भी पुरानी परम्परा है जिसमें नर्तकी तीनों रात्रि में नृत्य प्रस्तुत करेंगी।

### पहली अप्रैल से बकाया धनराशि पर 12 प्रतिशत अतिरिक्त ब्याज देय होगा

**शाहजहांपुर।** नगर आयुक्त डॉ. बिपिन कुमार मिश्रा ने बताया कार्यालय नगर निगम सामान्य दिनो की भाँति ही अवकाश में तथा रविवार को भी खुला रहेगा। सभी करदाता अपना-अपना कर नगर निगम में आकर जमा कर सकते है। जिन भवन स्वामियों द्वारा अभी तक अपना-अपना गृहकर जलकर जमा नहीं किया गया है वह 31 मार्च से पूर्व गृहकर जलकर अवश्य जमा कर दें अन्यथा 1 अप्रैल से बकाया धनराशि पर 12 प्रतिशत अतिरिक्त ब्याज देय होगा। जिसके जिम्मेदारी वह स्वयं होंगे।

### शहीदों के सम्मान में युवक का अनोखा प्रदर्शन, नदी में दफनाकर किया प्रदर्शन

**शाहजहांपुर।** उस समय लोग हैरान रह गए, जब एक युवक ने शहीदों के सम्मान में अनोखा प्रदर्शन किया। दरअसल, शहर के मोहल्ला लोधीपुर निवासी समाजसेवी नवी सलमान ने 22 मार्च की रात हुई उस घटना से आहत होकर यह कदम उठाया, जब नगर निगम के ठेकेदार द्वारा काकोरी ट्रेन एक्शन के अमर शहीदों की प्रतिमाओं पर बुलडोजर चला दिया गया था। इतना ही नहीं, टूटी हुई प्रतिमाओं को कूड़ा घर में फेंक दिया गया था। इस घटना के बाद पूरे शाहजहांपुर में विरोध प्रदर्शन हुए, ज्ञापन सौंपे गए और नगर निगम का घेराव किया गया। मामले को गंभीरता से लेते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संज्ञान लिया, जिसके बाद ठेकेदार पर एफआईआर दर्ज की गई, जेई, एई को निलंबित किया गया और संबंधित कंपनी को ब्लैकलिस्ट कर दिया गया। साथ ही, 24 घंटे के भीतर शहीदों की प्रतिमाओं को पुनः स्थापित भी कराया गया। लेकिन इस पूरे घटनाक्रम से आहत नवी सलमान ने खन्नौत नदी के पुल के नीचे खुद को दफन कर विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। सूचना मिलते ही रोजा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और उन्हें समझाने का प्रयास किया। नवी सलमान की मांग है कि इस मामले में दोषियों की जल्द गिरफ्तारी हो, नगर आयुक्त, अपर नगर आयुक्त पर भी कार्रवाई की जाए और नई प्रतिमाओं का किया उद्घाटन स्वयं मुख्यमंत्री द्वारा किया जाए। उनका कहना है कि जब तक कोई प्रशासनिक अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचेगा, तब तक उनका धरना जारी रहेगा। हालांकि सिटी मजिस्ट्रेट प्रवेंद्र कुमार ने मौके पर पहुंचकर युवक को समझाया, इसके बाद युवक ने धरना समाप्त कर लिया। 卐नदी में प्रदर्शन कर रहे, युवक से मौके पर जाकर वार्ता की गई है। शहीदों की प्रतिमाओं को लेकर कुछ मांग की जा रही थी। धरना प्रदर्शन समाप्त करा दिया गया है।卐 सिटी मजिस्ट्रेट प्रवेंद्र कुमार

### डीईओ ने डीएम ईवीएम वीवी पैट वेयरहाउस का त्रैमासिक किया निरीक्षण



**शाहजहांपुर।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने डीएम कंपाउंड स्थित ईवीएम वीवीपैट वेयरहाउस का त्रैमासिक निरीक्षण राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों की उपस्थिति में किया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा सीसीटीवी कैमरों अग्निशमन यन्त्रों का अवलोकन किया गया तथा सुरक्षा गार्ड की उपलब्धता को चेक किया। निरीक्षण के समय एडीएम प्रशासन एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी रजनीश कुमार मिश्र, पीडब्ल्यूडी एक्सईन रथिन सिन्हा, नोडल आफिसर, ईवीएम,वीवीपैट तथा राजनैतिक दलों के पदाधिकारी व प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### इंडियन रेलवे लाइंस रोज़ा ने 10 रनों से मैच जीता



**शाहजहांपुर।** अटेवा पुरानी पेंशन बचाओ मंच एवं अटेवा प्रीमियर लीग कमेटी के तत्वावधान में आयोजित अटेवा प्रीमियर लीग 2026 क्रिकेट टूर्नामेंट में 26 मार्च में तीन मैच खेले गए जिसमें पहला मैच सुबह 08:00 बजे इंडियन रेलवे लोको लायंस रोज़ा तथा खुदागंज क्रिकेट क्लब के बीच खेला गया जिसमें पहले बल्लेबाजी करते हुए इंडियन रेलवे लायंस रोज़ा ने निर्धारित 15 ओवर में 9 विकेट पर 129 रन बनाएं, जवाब में उतरी खुदागंज क्रिकेट टीम शुरुआती झटकों से उभरते हुए अच्छा संघर्ष किया किंतु अपने लक्ष्य से 11 रन दूर रह गए। इस प्रकार इंडियन रेलवे लाइंस रोज़ा ने 10 रनों से मैच जीत लिया इस मैच में मैन ऑफ द मैच विनय कुमार रहे जिन्होंने 13 रन देकर 4 महत्वपूर्ण विकेट लिए। दिन का दूसरा मैच 11:00 प्रारंभ हुआ जो की लोको एक्सप्रेस इलेवन तथा रॉयल चैलेंजर्स कलान के बीच खेला गया पहले बल्लेबाजी करते हुए लोको एक्सप्रेस इलेवन ने अपने निर्धारित 15 ओवर में 110 रन 8 विकेट खोकर बनाएं जवाब में उतरी रॉयल चैलेंजर कलान की शुरुआत बेहत खराब रही पांच रनों पर पांच विकेट खोकर भी उन्होंने हिम्मत नहीं हारी और शानदार वापसी करते हुए 12.4 ओवर में 7 विकेट खोकर लक्ष्य (111 रन) को हासिल कर लिया इस तरह रॉयल चैलेंजर कलान 3 विकेट से विजयी रही विजयी टीम के अर्जुन सिंह मैन ऑफ मैच रहे जिन्होंने शानदार 52 रन मात्र 28 गेदों में बनाए तथा दो महत्वपूर्ण विकेट भी अर्जित किए। दिन का तीसरा मैच मदनापुर टाइगर्स तथा प्रोफेसर इलेवन के मध्य खेला गया जिसमें पहले बल्लेबाजी करते हुए मदनापुर टाइगर्स ने निर्धारित 15 ओवर में 150 रन 6 विकेट के नुकसान पर बनाएं जवाब में प्रोफेसर इलेवन की टीम ने इस रोमांचक मुकाबले को अंतिम गेंद तक ले जाते अपने लक्ष्य (154/6) को प्राप्त किया और यह मैंच चार विकेट से जीत लिया इस मैच के मैन ऑफ द मैच वरुण कुमार रहे जिन्होंने 28 रन मात्र 19 गेंद पर बनाए तथा 2 महत्वपूर्ण विकेट भी अर्जित किए।

### रमल में नजर आएंगे बरेली मंडल के कलाकार, रमल वेबसीरीज में क्राइम को लेकर जागरूकता का दिया गया मैसेज



**शाहजहांपुर।** शहीदों की नगरी शाहजहांपुर जहां क्रांतिकारियों की धरा कही जाती है, तो वही यहां से रंगमंच व थियेटर करके कलाकार मायानगरी में अभिनय कर जनपद का नाम रोशन कर रहे हैं। इसी क्रम में जनपद में इस समय रमल नामक वेबसीरीज बनाई जा रही है, जिसकी शूटिंग विभिन्न स्थानों पर की जा रही है। जिसके डायरेक्टर एवं राइटर अरुण मित्र, एसोसिएट डायरेक्टर प्रमोद शर्मा, अनस खान, मुशर्रफ, बबलू, पुनीत शर्मा, योगेश पाण्डेय अंकित सक्सेना, एसोसिएट प्रोड्यूसर हमजा आदि रहे। बात अगर कलाकारों की करे तो मुख्य भूमिका में बरेली की अभिनेत्री पूर्णिमा शर्मा, अभिनेता तौकीर खान, योगेश पाण्डेय, शाहिद खान, गौरव भारती, राजबहादुर, अभिषेक पाल, जागेंद्र सिंह, अंकित सक्सेना, ऋषिवाला के नाम शामिल है। वेबसीरीज के बारे में मीडियाकर्मियों से वार्ता के दौरान कलाकारों ने कहा कि अब सिनेमा वो नहीं रह गया है कि सब कुछ मुंबई में ही होगा। हर जगह कलाकार हैं, अच्छी अच्छी फिल्म शूट के लिए स्थान है। वेबसीरीज शाहजहांपुर में बनाने के पीछे मकसद है कि लोकल कलाकारों, प्रतिभाओं को मौके मिले। जनपद का नाम मायानगरी में रोशन हो सके। वेबसीरीज में अभिनेत्री का रोल अदा कर रही, बरेली मंडल की रहने वाली पूर्णिमा शर्मा ने बातचीत में बताया कि वेबसीरीज में यह दिखाने का प्रयास किया गया है कि जो लोग चोरी-चोरी, चुपके चुपके से क्राइम करते हैं और निकल जाते हैं। उन्होंने बताया कि बरेली से मुंबई तक सफर थियेटर से शुरू किया। सरकार, सरकार राज, आदि फिल्मों में कलाकार के रुप में भूमिका निभाई है। अभिनेता की भूमिका निभा रहे, तौकीर खान ने बताया कि छोटे शहरों में भी प्रतिभाओं की कमी नहीं है। मेरा भी शौक है कि कुछ समाज के लिए किया जाए, वह एक वेबसीरीज के माध्यम से मैसेज देने का कार्य किया गया है कि बढ़ते क्राइम से कैसे लोग बच सके और समाज का जागरूकता का मैसैज जाए। जल्द बेवसीरीज रिलीज होगी। जोकि उम्मीद करता हूँ कि दर्शकों को पसंद आएगी।

## कन्या भोज किया गया

**शाहजहांपुर।** चैत्र माह के नवरात्र के चलते आज आठवें दिन महागौरी अष्टमी का पर्व धूमधाम से बनाया गया। मंदिरों में सुबह से श्रद्धालुओं और भक्तों की लाइन लगी थी। मां गौरी की पूजा अर्चना की प्रसाद वितरण किया। घरों में महिलाओं ने मां गौरी अष्टमी की पूजा की और हवन पूजन किया। कई जगह महिलाओं ने आज ही के दिन कन्या भोज करा कर व्रत संपन्न किया और प्रसाद वितरण किया। कन्याओं को अंग वस्त्र बर्तन फल आदि देकर सम्मानित किया। कन्याओं के लिए महिलाओं ने अलग-अलग पकवान बनाए कहीं हलवा पूरी खिलाई गई तो कहीं हलवा चना खिलाया गया। तो कहीं दही जलेबी खिलाई गई और कन्या भोज करा कर व्रत संपन्न कर मंदिरों में देवी के गीत गाए गए और घरों में महिलाओं ने ढोलक की थाप पर देवी के गीत गाए और जाग्रत किया।

# प्रेम किशन खन्ना महाविद्यालय ने रैली निकालकर ग्रामीणों को जगाया

**जलालाबाद, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज़।**



बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने और यातायात नियमों के प्रति जन-चेतना जागृत करने के उद्देश्य से स्थानीय प्रेम किशन खन्ना राजकीय महाविद्यालय में सड़क सुरक्षा अभियान के तहत एक भव्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सड़क सुरक्षा संयोजक डॉ. यादवेंद्र कुमार आर्य के नेतृत्व में छात्र-छात्राओं ने रैली निकालकर ग्रामीणों को सुरक्षा का संदेश दिया, वहीं संगोष्ठी के माध्यम से जीवन की अनमोलता का बोध कराया गया। अभियान की शुरुआत महाविद्यालय परिसर से एक विशाल जन जागरूकता रैली के साथ हुई। डॉ. यादवेंद्र कुमार आर्य के मार्गदर्शन में छात्र-छात्राओं ने हाथों में प्रेरक स्लोगन, आकर्षक पोस्टर और बैनर लेकर ग्रामीण क्षेत्रों का भ्रमण किया। सुरक्षा से नाता जोड़ो, जानलेवा लापरवाही छोड़ो जैसे नारों के माध्यम से युवाओं ने ग्रामीणों को हेलमेट पहनने और सुरक्षित ड्राइविंग के लिए प्रेरित किया। सड़क पर चलते राहगीरों को रोककर छात्रों ने यातायात नियमों के पालन की अपील की, जिसे स्थानीय जनता ने खूब सराहा। रैली के उपरांत महाविद्यालय के सभागार में एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता प्राचार्य प्रोफेसर श्री कृष्णा सिंह ने की। अपने संबोधन में प्राचार्य ने वर्तमान समय में बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं के प्रति गहरी चिंता व्यक्त की। उन्होंने दुर्घटनाओं के लिए जिम्मेदार प्रमुख कारकों जैसे- हेलमेट और सीट बेल्ट का प्रयोग न करना। निर्धारित गति सीमा से अधिक तेज़ वाहन चलाना। ड्राइविंग के दौरान मोबाइल फोन पर बात करने पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने छात्र-छात्राओं का आह्वान करते हुए कहा, सुरक्षा की शुरुआत हमें अपने घर से करनी होगी। जब भी परिवार का कोई सदस्य वाहन चलाए, उन्हें हेलमेट पहनने की आदत डालने के लिए प्रेरित करें। प्रोफेसर सिंह ने गोल्डन ऑवर की महत्ता बताते हुए कहा कि दुर्घटना होने के पश्चात तत्काल प्राथमिक उपचार और हेल्पलाइन नंबर पर कॉल करके चिकित्सा मुहैया कराना किसी का जीवन बचा सकता है। उन्होंने छात्रों को आपातकालीन नंबरों के प्रति जागरूक रहने की सीख दी। कार्यक्रम का कुशल संचालन डॉ. यादवेंद्र कुमार आर्य ने किया, जबकि कार्यक्रम के अंत में डॉ. जयेंद्र कुमार ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापन किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. अवधेश कुमार, सत्यप्रकाश, पवन कुमार, विजय शुक्ला, योगेश शुक्ला, निशि पांडे, सुब्हाना वारसी, अंजलि, काशिफा बानो और फायजा सहित भारी संख्या में छात्र-छात्राएं एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## आलू के बिक्री मूल्य पर नाराजगी, किसान ने ट्रॉली भर आलू खेत में फेंके, राहगीरों ने उठाए



**बंडा, शाहजहांपुर।** प्रदेश के शाहजहांपुर जिले के विकास खंड बंडा के पट्टी छज्जूपुर गांव के एक किसान ने आलू के बाजार मूल्य न मिलने के विरोध में अपनी पूरी ट्रॉली भर आलू से लदी बोरियां खेत में फेंक दीं। इस घटना के बाद कई राहगीरों ने बोरियों को उठा लिया और अपने साथ ले गए। बाजार में फिलहाल 50 किलो की आलू की बोरी मात्र 80 से 100 रुपये में बिक रही है, जो उत्पादन लागत से काफी कम है। किसान ने बताया कि मेहनत से उगाई गई फसल का यह हाल देखकर मजबूरन यह कदम उठाना पड़ा। स्थानीय किसान संगठनों ने सरकार से हस्तक्षेप की मांग की है ताकि आलू उत्पादकों को न्यूनतम समर्थन मूल्य मिल सके। यह घटना क्षेत्र के अन्य किसानों के बीच भी असंतोष को दर्शा रही है, जहां सब्जी मंडियों में भाव गिरने से नुकसान हो रहा है।

# महानगर के प्रखंड विवेकानंद नगर में रामोत्सव का कार्यक्रम संपन्न

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



शाहजीपुर महानगर के प्रखंड विवेकानंद नगर के संजय कुमार सरस्वती विद्या मंदिर में विश्व हिंदू परिषद के आदरणीय क्षेत्र संगठन मंत्री श्रीमान मुकेश जी खांडेकर का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। उन्होंने कहां कि प्रभु श्री राम का मंदिर है लेकिन जब तक हमारे जीवन में राम नहीं होंगे तब तक रामराज स्थापित नहीं हो सकता। किसी समय हमारा भारत विश्व गुरु था क्योंकि हमारे आचरण, संस्कार, विचार, व्यवहार के कारण से जो संस्कृति निर्माण हो गई उसको हमने हिंदू संस्कृति भारतीय संस्कृति कहा। जिसके कारण विश्व ने कहा कि भारत हमारा गुरु है संपूर्ण सृष्टि को भी हमने अपना परिवार कुटुंब माना। तभी तो हम चींटी को दाना खिलाते हैं,गाय को रोटी खिलाते हैं और पौधों में पानी डालने का काम करते हैं। संपूर्ण देश के विशेष प्रकार के संप्रदाय धर्म के आचार्यो को एकत्रित करके विश्व हिंदू परिषद की स्थापना की गई। हम कितने भाग्यशाली हैं विचार करना चाहिए भारत भूमि में जन्म लेना यह पहला भाग्य,दूसरा भाग्य जो काम परमात्मा करता था इसको ईश्वरीय कार्य कहते हैं यह कार्य विश्व हिंदू परिषद को करना पड़ रहा है क्योंकि हम धर्म की रक्षा करते हैं। हमारे शास्त्रों ने हमारा मार्गदर्शन किया। हमारे ऋषि मुनियों ने हमको प्रेरणा दी। एक समय था जब जय श्री राम का नारा सांप्रदायिक हुआ करता था भारत माता की जय,वंदे मातरम् बोलना एक अपराध होता था। आज कितना बड़ा परिवर्तन हमारे आपके कार्यकर्ताओं के परिश्रम से संघर्ष व समाज के जागरण से हुआ है। संपूर्ण हिंदू समाज का जागरण,हिंदुओं को संपर्क करके हिंदू बनाकर रखना आपकी जिम्मेदारी है। अपनी प्रथम पाठशाला जिसको परिवार कहते हैं उस प्रथम पाठशाला में अगर शिक्षा के साथ संस्कार देने का हम काम करेंगे तो हम देखेंगे अपने घर से ही हम देशभक्त तैयार कर रहे हैं। अगर हमारे मन में अपने धर्म की, शिक्षा में संस्कारों की अगर शिक्षा नहीं है तो केरल फाइल, बंगाल फाइल, कश्मीर फाइल, धुरंधर जैसी फ़िल्में देखने से परिवर्तन नहीं होगा। कार्यक्रम में प्रांत उपाध्यक्ष राजीव सिंह, विभाग मंत्री अशनील सिंह, प्रांत सह संपर्क प्रमुख सुमित खन्ना, प्रांत मिलन प्रमुख हरीश प्रजापति, प्रांत विद्यार्थी प्रमुख अंकित मिश्रा, महानगर मंत्री धर्मेंद्र, महानगर उपाध्यक्ष रमेश, विभाग संयोजिका नीरा श्रीवास्तव, विभाग समरसता प्रमुख ओम गुप्ता, विभाग संयोजक पंकज गुप्ता, विभाग संयोजिका दुर्गा वाहिनी प्रीति शुक्ला, प्रतिमा यादव, प्रचार प्रमुख अनुभव गुप्ता, राधेश्याम, अरविंद वर्मा,कुणाल राठौड़, उदय राज, प्रमोद सिंह, पुरुषोत्तम दास, सोनू सिंह, सुरेश राठौड़, लखन, रामसहाय गुप्ता, संगीता संखवार आदि सैकड़ो लोग उपस्थित रहे,संचालन प्रखंड मंत्री ऋतुराज ने किया।

## रामनवमी के अवसर पर हवन पूजन

**शाहजहांपुर।** रामनवमी के शुभ अवसर पर आर्य समाज कटिया टोला में आर्य समाज के पदाधिकारी व सदस्यगण ने वेद मंत्रोच्चार द्वारा हवन किया तथा विश्व शांति हेतु शांति पाठ करते हुए सभी के कल्याण की कामना की। ब्रह्मा श्रीनिवास मिश्र तथा यजमान ज्ञानेश चन्द्र मिश्र बने। अंत में प्रसाद वितरण किया गया।उक्त कार्यक्रम में प्रधान राजेंद्र मिश्र, मंत्री संतोष दीक्षित, हर प्रसाद पाण्डेय, श्रीनिवास मिश्र, सत्य प्रकाश तिवारी, राजेश शुक्ला, ज्ञानेश चंद्र मिश्र, राजीव मिश्रा, सत्य प्रकाश द्विवेदी, कैलाश चंद्र मिश्र, रामदीन वर्मा आदि उपस्थित रहे। सत्य प्रकाश तिवारी कृते प्रधान आर्य समाज कटिया टोला शाहजहांपुर।

# अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक ने वन प्रभाग का निरीक्षण किया

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक प्रभारी मुख्य वन संरक्षक, बरेली जोन पीपी सिंह द्वारा शाहजहांपुर वन प्रभाग का वार्षिक कार्यालय निरीक्षण किया गया। आगमन पर प्रभागीय वनाधिकारी सचिन कुमार द्वारा पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया।साथ ही शाखावार सभी कक्षों का निरीक्षण करते हुए क निरीक्षण प्रक्रिया प्रारंभ हुई। शाखाओं द्वारा संधारित अभिलेखों का विधिवत अवलोकन किया गया जिसमे पेंशन, नियुक्ति, योजनावार बजट एवम व्यय, लंबित प्रकरणों एवम वेतन सम्बन्धी प्रकरण शामिल रहे। निरीक्षण में संबंधित समस्त शाखाओं के अभिलेख सुव्यवस्थित मिले। लेखा शाखा में योजनावार बजट एवं व्यय की स्थिति निर्धारित मानकों के अनुरूप रही तथा अभिलेख संधारण पूर्ण पाया गया साथ ही वृक्षारोपण एवं पौधशाला संबंधी अद्यतन पाई गई। निरीक्षण अंतर्गत अभिलेखों को और अधिक सुदृढ़ करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इस अवसर पर प्रभाग अंतर्गत कार्यरत कर्मचारियों से संवाद कर उनकी समस्याओं की भी जानकारी ली गयी। इसके साथ-साथ विभागीय कार्यकलापो में पारदर्शिता व दक्षता से संचालित किये जाने हेतु उचित मार्गदर्शन दिया गया। इस अवसर पर उप प्रभागीय वनाधिकारी, क्षेत्रीय वनाधिकारी सहित प्रभाग के समस्त अधिकारी, कर्मचारी आदि उपस्थित रहे।

# सम्राट अशोक भारत के सबसे शक्तिशाली एवं महान सम्राटः तनवीर

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**




सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देशन पर सम्राट अशोक जी की जयंती बिजलीपुरा स्थित समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय पर मनाई गई। इस मौके पर पार्टी के सभी नेताओं व पदाधिकारीयों एवं कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर माल्या अर्पण कर पुष्प अर्पित कर उनको याद किया। एक गोष्ठी का आयोजन सपा जिलाध्यक्ष तनवीर खान की अध्यक्षता में किया गया और सम्राट अशोक जी के व्यक्तित्व पर चर्चा की गई। सपा जिलाध्यक्ष ने कहा कि चक्रवर्ती सम्राट अशोक विश्व के सभी महान एवं शक्तिशाली सम्राटों एवं राजाओं की पंक्तियों में हमेशा शिर्ष स्थान पर ही रहे है। सम्राट अशोक ही भारत के सबसे शक्तिशाली एवं महान सम्राट है। पूर्व मंत्री अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि सम्राट अशोक ने सड़कों, अस्पतालों, विश्राम गृहों और कुओं का निर्माण करवाया। उनके शासन में कला और वास्तुकला (जैसे सारनाथ का अशोक स्तंभ) का बहुत विकास हुआ। इस मौके पर पूर्व एमएलसी अमित यादव उर्फ़ रिंकू ने कहा कि सम्राट अशोक के ही समय में 23 विश्वविद्यालयों की स्थापना की गई जिसमें तक्षशिला, नालंदा, विक्रमशिला, कंधार आदि विश्वविद्यालय प्रमुख थे। सपा अल्पसंख्यक सभा के प्रदेश प्रमुख महासचिव सैयद रिजवान अहमद, सपा प्रदेश सचिव रामसूरत यादव, सपा प्रदेश सचिव विजय सिंह, सपा नगर विधानसभा अध्यक्ष अतिउल्लाह सिद्दीकी,सपा महानगर अध्यक्ष चौधरी रामकुमार भोजवाल, सपा जिला उपाध्यक्ष संजीव कुमार वर्मा,सपा जिला उपाध्यक्ष अवधेश कुमार पाल, सपा जिला उपाध्यक्ष सत्येंद्र यादव, सपा नेता अरविंद पाल, सपा नेत्री अंजली वर्मा, सपा पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव मोनू कुरैशी, पूर्व समाचार दुर्गेश कुमार गुप्ता, सपा अल्पसंख्यक सभा के जिला अध्यक्ष हफीज अंसारी, सपा छात्र सभा के जिला अध्यक्ष प्रसून कुमार कनौजिया, महिला सभा के जिला अध्यक्ष किरन कठेरिया, अंजली वर्मा, सविता कटारिया पार्वती सैनी मानवेंद्र सिंह उदयवीर सिंह यादव, आयुष यादव प्रभात कुमार हरिराम वर्मा असलम खान बबल किशोर, आरिफ खान, तय्यब खां, रिजवान खान, सिद्दीक खान, रवि प्रकाश पांडे, अनिल भास्कर, मो.ज़की, सुनील जाटव, फराज इदरीसी सपा जिला अध्यक्ष के प्रतिनिधि शाहनवाज आदि मौजूद रहे।

# स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पं. राम सेवक शुक्ल का 121वां जन्मोत्सव 29 मार्च को

- स्वतंत्रता सेनानी व परिजन सहित साहित्यकार व समाजसेवी होंगे सम्मानित

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

पावन पर्व रामनवमी के अवसर पर स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पंडित राम सेवक शुक्ल के 121वें जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में 29 वां भव्य आयोजन एस.एस. इंटरनेशनल स्कूल, मामपुर, बख्शी का तालाब, लखनऊ में आयोजित किया जाएगा। ज्ञात हो कि पं. राम सेवक शुक्ल का जन्म वर्ष 1906 में जनपद शाहजहांपुर के ग्राम मलिका खुटार में हुआ था। उनके योगदान को स्मरण करते हुए यह आयोजन प्रतिवर्ष श्रीरामनवमी को स्वतंत्रता सेनानी परिजन सम्मान, साहित्यकार सम्मान व समाजसेवी सम्मान आयोजन को श्रद्धा और सम्मान के साथ आयोजित किया जाता है। इस बार यह आयोजन लखनऊ में आयोजित किया जा रहा है जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में लखनऊ नगर निगम की महापौर सुषमा खर्कवाल उपस्थित रहेंगी। यह कार्यक्रम स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पं. रामसेवक शुक्ला स्मारक समिति के तत्वाधान में आयोजित किया जाएगा। इसकी जानकारी देते हुए स्मारक समिति के अध्यक्ष राजीव कुमार राजे व महासचिव विजय तन्हा ने बताया कि कार्यक्रम में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों, उनके परिजनों, साहित्यकारों एवं समाजसेवियों को सम्मानित किया जाएगा। सम्मानित होने वालों में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी डॉ. प्रहलाद प्रजापति तथा सेनानी परिजनों में प्रदीप कुमार राव, अलका रानी चौहान, ममता कालरा, मनोज कांत द्विवेदी, आकाशदीप, राजू मिश्रा 'मुन्ना', डॉ. संजय द्विवेदी 'दनादन', रमेश कुमार मिश्रा, राजेश पाण्डेय एडवोकेट, हरीराम गुप्ता, इ. क्रान्ति कुमार कटियार, मीता बख्शी, अशोक दीक्षित, रामकुमार सिंह 'स्वतंत्र', मुकेश मर्चेंट, जगदीश नारायण भट्ट एवं अरुण कुमार गुप्ता शामिल हैं। इसके अतिरिक्त साहित्य जगत से कमलेश मौर्य 'मृदु', डॉ. ओ.पी. वर्मा 'ओम', जगन्नाथ 'निदोष',



कृपाशंकर श्रीवास्तव, योगेश चौहान, श्रीशचन्द्र दीक्षित, अरविंद कुमार झा, संजय 'सांवरा', संदीप 'अनुरागी', डॉ. हिमांशु सक्सेना, प्रवीण पाण्डेय 'आवारा', नवल किशोर त्रिपाठी, अरविंद रस्तोगी, संध्या त्रिपाठी, डॉ. रेनू सिंह, अमित श्रीवास्तव, मनमोहन बाराकोटी, राजकुमार 'आशीर्वाद', डॉ. सरिता कटियार, सुधा सिंह एवं रामराज भारती को सम्मानित किया जाएगा। समाजसेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले पातीराम गंगवार, रागिनी श्रीवास्तव, राम अनुज सिंह, नीरज बाजपेई, मनीष कुमार पटेल एवं राखी श्रीवास्तव को स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पं. रामसेवक शुक्ल की स्मृति में सम्मान प्रदान किया जाएगा। आयोजकों के अनुसार यह कार्यक्रम स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के त्याग और बलिदान को स्मरण करते हुए नई पीढ़ी को देशभक्ति एवं सामाजिक सरोकारों के प्रति प्रेरित करने का कार्य करेगा।

# खबरें एक नजर में

## कच्ची देशी शराब के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

**सिधौली शाहजहांपुर।** मुखबिर खास ने सूचना पुलिस को सूचना दी कि पुलिस चौकी कोरोंकुईया के अंतर्गत गांव दिवाली को जाने वाले माइनर पर एक व्यक्ति कच्ची देसी शराब लेकर जा रहा है। अगर जल्दी की जाए तो उसको पकड़ा जा सकता है पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर विश्वास करते हुए कोरोंकुइयां चौकी इंचार्ज अजीत सिंह दल ,बल के साथ मुखबिर के बताए रास्ते पर चल दिए जैसे ही शारदा नहर से गांव दिवाली जाने वाले माइनर पर पहुंचे तो एक संदिग्ध व्यक्ति आता हुआ दिखाई दिया पुलिस को देखकर वह सकपका गया। और तेज कदमों से चलने लगा पुलिस ने झपटकर शक के आधार पर उसको दबोच लिया। और उसकी जामा तलाशी लेने पर उसके पास एक प्लास्टिक की पिपिया में करीब 10 लीटर कच्ची देसी शराब बरामद हुई। पूछने पर उसने अपना नाम जुगल किशोर पुत्र लाला राम निवासी ग्राम आंयू थाना सिंधौली जनपद शाहजहांपुर बताया पुलिस ने उत्तर प्रदेश उत्पाद शुल्क/ आबकारी अधिनियम के अंतर्गत विधिक कार्रवाई की।

## पल्सर चालक ने महिला को मारी टक्कर, घायल

**सिधौली शाहजहांपुर।** थाना सिधौली क्षेत्र के गांव दौलतपुर निवासी जगदीश पुत्र समेर ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसकी पुत्रवधू सोनी पत्नी आश्रय बीते दिनांक 21 मार्च की शाम लगभग 7:00 बजे घर से बाहर लगे सरकारी नल से पानी लेकर अपने घर वापस आ रही थी कि शहमतगंज गोटिया की तरफ से तेज रफ्तार पल्सर बाइक संख्या यूपी 27 बी एस 3184 के चालक ने बड़ी लापरवाही से चलाते हुए सोनी के जोरदार टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल होकर गिर पड़ी। डायल 112 पर पहुंची पुलिस ने बाइक को खड़ी करवा दिया वही घायल सोनी को इलाज के लिए भेज दिया घायल पुत्रवधू का इलाज एक प्राइवेट अस्पताल में चल रहा है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर अज्ञात नाम पता पल्सर चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की।

## राष्ट्रभक्ति के उद्घोष से गुंजायमान हुआ जलालाबाद राजकीय महाविद्यालय, एबीवीपी ने आयोजित की विचार संगोष्ठी



**जलालाबाद, शाहजहाँपुर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) शाहजहाँपुर जिला इकाई द्वारा राष्ट्रगीत वंदे मातरम् के रचना के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में श्री प्रेम किशन खन्ना राजकीय महाविद्यालय, जलालाबाद में एक भव्य विचार संगोष्ठी एवं सामूहिक वंदे मातरम् गायन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय परिसर राष्ट्रभक्ति के नारों और वंदे मातरम् के सामूहिक स्वरों से सराबोर रहा। संगोष्ठी को मुख्य वक्ता के रूप में संबोधित करते हुए प्रदेश सह मंत्री संजय गुप्ता ने कहा कि वंदे मातरम् केवल एक गीत नहीं, बल्कि भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और स्वाधीनता का मूल मंत्र है। उन्होंने जोर देते हुए कहा, यह गीत हमें उन असंख्य बलिदानों की याद दिलाता है, जो हमारे पूर्वजों ने भारत को एक स्वतंत्र और संप्रभु राष्ट्र बनाने के लिए दिए थे। आज जब हम इसके 150 वर्ष मना रहे हैं, तो यह हमें अपनी मातृभूमि की रक्षा और उसके पर्यावरण के संरक्षण के प्रति हमारे नैतिक कर्तव्यों का बोध कराता है। संगोष्ठी के पश्चात महाविद्यालय के सैकड़ों छात्र-छात्राओं और कार्यकर्ताओं ने एक साथ मिलकर वंदे मातरम् का सामूहिक गान किया। इस अवसर पर वक्ताओं ने विद्यार्थियों को राष्ट्र निर्माण में अपनी सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। इस ऐतिहासिक अवसर पर संगठन की मजबूती और वैचारिक प्रसार के लिए कई प्रमुख पदाधिकारी मौजूद रहे। जिनमें मुख्य रूप से राहुल गंगवार (विभाग संगठन मंत्री), संदीप सागर (जिला संगठन मंत्री) जितेंद्र पाल (जिला संयोजक), शिवा सक्सेना (नगर मंत्री), बाबू टाटा (नगर सह मंत्री) उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने राष्ट्रसेवा का संकल्प लिया। इस दौरान एबीवीपी के दर्जनों कार्यकर्ता और महाविद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

## एनडीपीएस एक्ट के तहत आरोपियों की करोड़ों की संपत्ति फ्रीज, खरीद-फरोख्त पर रोक



**मीरानपुर कटरा शाहजहांपुर।** थाना कटरा क्षेत्र से बड़ी कार्रवाई सामने आई है, जहां गैंगस्टर एक्ट के तहत मादक पदार्थ तस्करी से जुड़े मामले में मुजफ्फरपुर के बुढ़ाना कोतवाली पुलिस ने सख्त कदम उठाते हुए आरोपी की संपत्ति को फ्रीज कर दिया है। अभियुक्त बाबू उर्फ रियाज पुत्र सरताज से संबंधित प्लाट, जो कस्बा मीरानपुर कटरा में स्थित है और वर्तमान में बिल्डिंग मैटेरियल के शोरूम के रूप में उपयोग हो रहा था, को फ्रीज करने का आदेश जारी किया गया है। यह कार्रवाई मुअसं 360 /2025 धारा 8/21/29 एनडीपीएस एक्ट के तहत की गई है। साथ ही धारा 68F(2) एनडीपीएस एक्ट-1985 के अंतर्गत सीजिंग/फ्रीजिंग अथॉरिटी द्वारा न्यायनिर्णायक प्राधिकारी के आदेश (पत्रांक एनडीपीएस /FO / 124 / DEL / 2026 दिनांक 23 मार्च 2026) के अनुपालन में संपत्ति को फ्रीज किया गया। बताया गया है कि यह संपत्ति अभियुक्त की भाभी नौरीन पत्नी सरफराज और तब्बूसम पत्नी बाबू के नाम दर्ज है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि उक्त प्लाट की खरीद-बिक्री, हस्तांतरण या किसी भी प्रकार की छेड़छाड़ पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। इस कार्रवाई से क्षेत्र में हड़कंप मच गया है और प्रशासन ने आम जनता को चेतावनी दी है कि कोई भी व्यक्ति इस संपत्ति के साथ लेन-देन करने से बचे, अन्यथा उसके खिलाफ भी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। आरोपी की करोड़ों की संपत्ति जब्त की गई। कार्यवाही के दौरान पुलिस क्षेत्राधिकारी, प्रशासनिक मजिस्ट्रेट सहित कटरा, तिलहर प्रभारी निरीक्षक सहित भारी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहा।

# विद्युत लाइन सही करने गए युवक की हाई टेंशन लाइन की चपेट में आने से मौत

**खुटार, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



गुरुवार को क्षेत्र के गांव भटनौसा में विधुत लाइन की फाल्ट सुधार करने गया युवक की हाई टेंशन चपेट में आने से गंभीर रूप से झूलस गया गंभीर हालत में उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर भर्ती कराया गया जहां पर डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार जनपद पीलीभीत के थाना सेहरामऊ उत्तरी क्षेत्र के गांव मोहनपुर निवासी भगवानदास पुत्र रामदास खुटार क्षेत्र के गांव भटनौसा में एलटी विधुत लाइन फाल्ट सही करने गया हुआ था जहां पर लाइन के ऊपर से गुजर रही हाई टेंशन लाइन की चपेट में आ गया जिससे वह गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर भर्ती कराया गया जहां पर डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। तो वहीं बिजली विभाग के कर्मचारी श्रमिक को अपने विभाग में कार्यरत होने से साफ इन्कार कर रहे हैं। जबकि मृतक का परिवार विद्युत उपकेंद्र खुटार में बने आवास में विगत कई वर्षो से रह रहा है।मृतक अपने पीछे पत्नी मुनीसा पुत्र अभिषेक अभय व पुत्री अनामिका को रोता बिलखता छोड़ गया। मृतक के परिजनों की तहरीर के आधार पर खुटार पुलिस ने दर्ज की रिपोर्ट मृतक के भाई अनुराग ने थाना खुटार में तहरीर देकर बताया कि मेरे बड़े भाई भगवान दास पुत्र रामदास जिनको विद्युत उपकेंद्र रामपुर कलां पर तैनात संविदा कर्मी लाइनमैन संजय पुत्र राकेश निवासी मोहल्ला पटवा खुटार गौरव पुत्र उत्तम चंद निवासी हाइडल कॉलोनी खुटार छोटे पुत्र प्यारेलाल मेरे भाई को बुलाकर गांव भी भटनौसा लेकर गए थे। संजय त्रिवेदी पुत्र नामालूम के यहां लेकर गए आरोप है कि बिना शटडाउन के ही मेरे भाई को खंभे पर चढ़ा दिया गया जहां ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से मेरा भाई गंभीर रूप से घायल हो गया। इसके इलाज है तो हम लोग अपने भाई को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खुटार ले जहां पर मौजूद डॉक्टर के द्वारा मेरे भाई को मृत घोषित कर दिया गया। मृतक के भाई की तहरीर के आधार पर खुटार पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ अभियोग पंजीकृत कर जांच शुरू कर दी। जीने की आश में भगवान दास के शरीर को रेत में दबाकर घंटों तक परिजन करते रहे उपचार हाई टेंशन विद्युत चपेट में आने के बाद युवक को आनन फानन में खुटार के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया डॉक्टर ने उसे मृतक घोषित कर दिया लेकिन परिजन उसके जीवित होने की आस में घंटे तक उसके शरीर को रेत में दबाकर उपचार करने का प्रयास करते रहे। विद्युत उपकेंद्र के आवास में 2003 से रह रहा था मृतक भगवानदास विद्युत विभाग के अधिकारियों का कहना है की मृतक विद्युत विभाग में काम नहीं कर रहा था वह कोई लाइन में नहीं था ना ही वह संविदा कर्मियों के रूप में कार्य कर रहा था लेकिन अधिकारियों की यह बात गले नहीं उतर रही है क्योंकि बताया जा रहा है मृतक अपने परिवार सहित विद्युत उपकेंद्र खुटार में बने सरकारी आवास में वर्ष 2003 से रह रहा है उसका परिवार आज भी विद्युत उपकेंद्र में रह रहा है जब वह विद्युत कर्मी नहीं था तो विद्युत अधिकारियों ने इतने वर्ष तक उसे आवास पर क्यों रहने दिया कहीं ना कहीं विभागीय अधिकारी सच्चाई को छुपाते हुए नजर आ रहे हैं।

# वाल्मीकि बस्ती में कराया गया कन्या भोज

- कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने शिक्षा के लिए किया प्रेरित



**शाहजहांपुर।** बाल्मीकि बस्ती मोहल्ला मेहमानशाह में महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष अर्चना वाल्मीकि के आवास पर कन्याभोज का आयोजन किया गया । चैत्र नवरात्रि पर मां की पूजा अर्चना की गई। कन्याओं को भोज कराया गया। इस मौके पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष रजनीश गुप्ता भी पहुंचे थेष उन्होंने कन्याओं को भोज कराया और उपहार स्वरूप कापी पेन वितरित किए । इस दौरान कांग्रेस जिलाध्यक्ष रजनीश ने कहा कि शिक्षा सबसे महत्वपूर्ण है । उन्होंने कहा शिक्षा सफलता की कुंजी है बिना शिक्षा के कोई भी लक्ष्य प्राप्त नहीं किया जा सकता। इसलिए अपने समय को सदुपयोग करते हुए अध्ययन करते रहे। महिला जिलाध्यक्ष अर्चना बाल्मीकि ने कहा मां दुर्गा के नौ स्वरूपों (नवदुर्गा) की पूजा, व्रत और आराधना की गई है, जो शक्ति, ज्ञान और पवित्रता का प्रतीक है। इन नौ दिनों (प्रतिपदा से नवमी) में कलश स्थापना, दुर्गा सप्तशती का पाठ, उपवास और कन्या पूजन का विशेष महत्व है, जो मानसिक शांति, नकारात्मकता को दूर करने और आत्म-साक्षात्कार करने सहायक है। इस दौरान महिला जिला अध्यक्ष व मोहल्ले के अन्य लोगों ने मिलकर कांग्रेस जिला अध्यक्ष का पगड़ी पहनाकर स्वागत भी किया। इस मौके पर अल्पसंख्यक अध्यक्ष सईद अंसारी, प्रत्यूष मिश्रा शाश्वत मिश्रा इरशाद अली खान मोहम्मद रजी खा अजीत मास्टर शाश्वत मिश्रा आदि मौजूद थे।

## शोभायात्रा का पुष्पवर्षा कर स्वागत

**शाहजहांपुर।** रामनवमी के पावन अवसर पर तिलहर नगर में विभिन्न मार्गों से निकली शोभा यात्रा का हज़रत शाह शमशुद्दीन मियां की दरगाह के समीप कांग्रेस जिलाध्यक्ष रजनीश गुप्ता व तिलहर नगर अध्यक्ष प्रोफेसर जाने आलम ने पुष्प वर्षा कर जोरदार स्वागत किया। शोभा यात्रा में शामिल झाकियों इस स्वागत से उत्साह देखते ही बनता था। इस मौके पर प्रमुख रूप से ज़िला उपाध्यक्ष प्रभारी संगठन फुरकान अहमद कुरैशी, एनएसयूआई जिलाध्यक्ष रफी उल हसन,नईम यार खान,दानिश शेख,प्रत्यूष मिश्रा आदि मौजूद रहे।

# भारतीय जनता पार्टी की कार्यकारिणी का हुआ सम्मान समारोह

**मीरानपुर कटरा, शाहजहांपुर।** भारतीय जनता पार्टी की नव-निर्वाचित कार्यकारिणी के सम्मान में एक भव्य एवं गरिमामय समारोह का आयोजन वीर एकलव्य फाउंडेशन उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष राजेश कश्यप के नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष सतपाल कोहली, जिला मंत्री अरुण यादव जिला मंत्री सपना कश्यप , जिला उपाध्यक्ष रोहित सिंह , नगर




पंचायत कटरा के नामित सदस्य रवि त्रिपाठी, रामनिवास फतेहगंज के नामित सदस्य अमरनाथ कश्यप, फरीदपुर के नामित सदस्य सूचिंद्र आर्य, सोनपाल बाबा, महंत विनोद नाथ, मीडिया प्रभारी शिवम् कश्यप, पूर्व प्रत्याशी श्री राजीव कश्यप एवं ओबीसी मोर्चा के जिला अध्यक्ष श्री सिद्धार्थ कश्यप जी का माल्यार्पण कर भव्य स्वागत एवं सम्मान किया गया। इस अवसर पर आगामी 19 अप्रैल को आयोजित होने वाले कश्यप महोत्सव के आमंत्रण पत्र (कार्ड) का विमोचन महंत विनोद नाथ के कर-कमलों द्वारा किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने संगठन की मजबूती, सामाजिक एकता एवं जनसेवा के संकल्प को दोहराया तथा सभी कार्यकर्ताओं से आगामी कार्यक्रमों को सफल बनाने का आह्वान किया। यह आयोजन संगठन की एकजुटता एवं सामाजिक समरसता का प्रतीक रहा।

# जनपद स्तरीय नव प्रवर्तन प्रदर्शनी

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

तृणमूल स्तर के नवप्रवर्तकों के चिन्हांकन एवं सहयोग हेतु जिनका शैक्षिक स्तर बहुत अच्छा नहीं होता है,विद्यार्थी वर्ग को छोड़कर अधिकाशतः नवप्रवर्तन अभावों और विपरीत परिस्थितियों से निपटने के लिए अथवा अपने काम को किसी सरल तरीके से करने के लिए नवीनतम अविष्कार को जन्म देते है। ऐसे नवप्रवर्तक को समाज में सम्मानित व उनकी तकनीक को समाज से स्थान दिलाने के उद्देश्य से विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद लखनऊ द्वारा जिला विज्ञान क्लब के माध्यम से जनपद स्तरीय नव प्रवर्तन प्रदर्शनी का आयोजन डीएम के अनुमोदन उपरान्त विकास भवन में किया गया। उक्त प्रदर्शनी में विभिन्न किसान, मैकेनिक,




राजमिस्त्री, मजदूर एवं शिल्पकारों ने प्रतिभाग किया। प्रदर्शनी में मुख्य अतिथि के रूप में जिपं अध्यक्ष ममता यादव रही। स्वागत जिला विद्यालय निरीक्षक हरिवंश कुमार द्वारा पौध भेंट कर किया गया। मुख्य अतिथि द्वारा प्रदर्शनी में चयनित प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं 5 प्रतिभागियों को सात्वंना पुरस्कार को सम्मानित कर प्रशस्ति पत्र एवं नमूना चेक प्रदान किये गये। प्रदर्शनी में प्रथम पुरस्कार राकेश कुमार पाण्डेय मिलेट्स की खेती, द्वितीय पुरस्कार रघुनन्दन प्राकृतिक जैविक खेती, तृतीय स्थान कुमकुम पाण्डेय स्वदेशी विधियों से तैयार अचार एवं सात्वनां पुरस्कार अतिथि मिश्रा, कारीगर, राधेश्याम, शइबने हसन, मतलूब अली, खुर्शीद को दिया गया। साथ ही प्रदर्शनी में नव प्रवर्तन के क्षेत्र में अच्छा कार्य कर रहे, दीपक पाठक, मालाकार, ज्योति सक्सेना, भगवान ड्रेस निर्माता को भी सम्मानित किया गया। प्रदर्शनी को सफल बनाने में सहायक श्रमायुक्त, उपायुक्त श्रम रोजगार, उपनिदेशक, कृषि, जिला कृषि अधिकारी, महाप्रबन्धक, जिला उद्योग केन्द्र, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला समन्वयक, जिला विज्ञान क्लब, राजन प्रजापति, समन्वयक, समग्र शिक्षा, माध्यमिक शिक्षा अभियान द्वारा अपना पूर्ण सहयोग प्रदान किया। अन्त में जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा आगन्तुकों को धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

# सीएम के आदेश के बाद पुनर्स्थापित हुईं शहीदों की प्रतिमाएं



- महापौर, नगर आयुक्त और पार्षदों ने किया माल्यार्पण, लगाए भारत माता के जयकारे

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

नगर निगम के बाहर स्थित काकोरी केस के अमर नायकों की प्रतिमाओं को क्षतिग्रस्त करने के बाद मचे हंगामे और मुख्यमंत्री की सख्ती के बाद बृहस्पतिवार सुबह प्रतिमाओं को पुनर्स्थापित कर दिया गया। इसके बाद महापौर अर्चना वर्मा और नगर आयुक्त के साथ पहुंचे पार्षदों व अन्य लोगों ने अमर बलिदानियों की प्रतिमाओं पर फूलमालाएं पहनाकर पुष्प अर्पित किए। टाउन हॉल स्थित नगर निगम कार्यालय के बाहर काकोरी केस के अमर नायकों पं. रामप्रसाद बिस्मिल, ठाकुर रोशन सिंह, अशफाक उल्ला खां और स्वतंत्रता संग्राम सेनानी रामकृष्ण खन्ना की प्रतिमाएं स्थापित थीं। अमर बलिदानियों की प्रतिमास्थल और तिराहे के सुंदरीकरण के लिए मै. फ्लाई इंफ्राटेक को नगर निगम की ओर से 40 लाख रुपये में ठेका दिया गया था। 22 मार्च की रात फर्म ने प्रतिमाओं को बुलडोजर से क्षतिग्रस्त कर दिया था। अमर बलिदानियों के अनादर की जानकारी लोगों को हुई तो हंगामा हो गया। विपक्षी दल और सामाजिक संगठनों ने सड़क पर उतरकर विरोध जताया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस पर सख्त रुख अपनाया। उनके निर्देश पर नगर निगम के निर्माण विभाग के एई मनोज कुमार और जेई प्रमोद कुमार को निलंबित कर दिया था। फर्म को ब्लैकलिस्ट करने के साथ ही मुख्य अभियंता आशीष त्रिवेदी की ओर से उसके खिलाफ थाना सदर बाजार में प्राथमिकी दर्ज करा दी गई।मुख्यमंत्री के 24 घंटे में प्रतिमाओं को पुनर्स्थापित करने के आदेश के बाद बुधवार को क्षतिग्रस्त प्रतिमाओं को ठीक करने और प्लेटफार्म बनाने का काम शुरू हुआ। देर रात तक काम चलता रहा। बृहस्पतिवार तड़के करीब चार बजे प्रतिमाओं को स्थापित करा दिया गया। सुबह लोगों को प्रतिमाएं दोबारा रखे जाने की जानकारी हुई। तमाम लोग मौके पर पहुंचे और प्रतिमाओं के साथ फोटो खींची। नगर आयुक्त डॉ. बिपिन कुमार मिश्रा ने बताया कि प्रतिमाओं को स्थापित करा दिया गया है। जेई और एई के खिलाफ विभागीय कार्रवाई शासन स्तर से प्रचलित है।

# बच्चों को सरकारी प्राथमिक विद्यालय में प्रवेश पर जोर देने के लिए आयोजित किया गया नवारंभ कार्यक्रम

- सरकारी स्कूलों के बच्चों का भविष्य गढ़ने के लिए दिन-रात जीतोड़ मेहनत कर रहीं रोली गुप्ता
- किसी से कम नहीं हैं बुझिया गांव के प्राथमिक स्कूल के बच्चे

**पुवायां, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

तीन वर्ष की आयु पूर्ण कर रहे बच्चों के बालवाटिका - 1 में प्रवेश हेतु तथा 6 वर्ष की आयु पूर्ण कर रहे बालक - बालिकाओं के कक्षा - 1 में प्रवेश हेतु राज्य परियोजना कार्यालय के आदेशानुसार प्राथमिक विद्यालय बुझिया पुवायां में नवारंभ उत्सव मनाया गया। खंड शिक्षा अधिकारी कृष्ण कुमार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने बालवाटिका 1 और कक्षा 1 में प्रवेश लेने



वाले बच्चों को उपहार देकर सम्मानित किया।

एसआरजी ममता शुक्ला ने पूर्व प्राथमिक शिक्षा के महत्व तथा उस क्षेत्र में सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयासों के बारे में बताया। खंड शिक्षा अधिकारी के द्वारा आंगनवाड़ी केंद्र में बनाए गए लर्निंग कार्नर का निरीक्षण किया। ग्राम प्रधान शिवमहान सिंह ने ग्राम वासियों से अपील की कि अपने बच्चों को रोज स्कूल भेजने की अपील की। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका रोली गुप्ता ने नव नामांकित बच्चों से रेत पर लेखन कार्य से औपचारिक शिक्षा की शुरुआत की। उन्होंने बताया कि उनके स्कूल के बच्चे किसी से कम नहीं हैं। बच्चों के बहुमुखी विकास के लिए वे दिन रात जी तोड़ मेहनत कर रही हैं। जिससे सरकारी स्कूल के प्रति अभिभावकों की एक अच्छी और सकारात्मक सोच विकसित हो सके। बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम के रूप में नृत्य, अंत्याक्षरी आदि कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम में एस आर जी अश्वनी कुमार, प्रधानाध्यापिका रोली गुप्ता, रबजोत कौर, विनीता देवी, सोम्पा देवी आदि उपस्थित रहे।

# खोखानुमा दुकान में लगी आग, सामान जलकर राख

**मीरानपुर कटरा शाहजहांपुर।** लखनऊ-दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग पर बाड़े शरीफ के ठीक सामने स्थित एक दुकान खोखानुमा दुकान में बुधवार देर रात अचानक आग लग गई, जिससे दुकान में रखा सारा सामान जलकर राख हो गया। घटना के बाद मौके पर स्थानीय लोगों की भीड़ जुट गई और अफरा-तफरी मच गई। दुकान स्वामी जमील ख़ाँ पुत्र खलील ख़ाँ ने बताया कि वह रोज़ की तरह रात करीब 11 बजे दुकान बंद कर घर चले गए थे। देर रात लगभग 2 बजकर 30 मिनट पर उन्हें सूचना मिली कि उनकी दुकान में आग लग गई है। मौके पर पहुंचने पर उन्होंने देखा कि पूरी दुकान जलकर राख हो चुकी थी। आग से दुकान में रखा फ्रिज, इनवर्टर, बैटरी, बड़ी सौर ऊर्जा प्लेट, अलमारी सहित अन्य सामान नष्ट हो गया। साथ ही अलमारी में रखी करीब 7 हजार रुपये की नकदी भी जल गई। पीड़ित के अनुसार, इस घटना में लगभग दो लाख रुपये का नुकसान हुआ है। यही दुकान उनके परिवार की जीविका का मुख्य साधन थी, जिसके नष्ट हो जाने से उनके सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। जमील ख़ाँ ने यह भी बताया कि इससे पहले भी उनकी दुकान में चोरी की घटनाएं हो चुकी हैं, जिसमें चोर इनवर्टर व बैटरी समेत अन्य सामान उठा ले गए थे। इस संबंध में उन्होंने थाने में प्रार्थना पत्र भी दिया था, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई थी।

# हाइवे पर क्रूरता से 23 भैंसे भरकर ले जा रही डीसीएम पकड़ी गई

**तिलहर - शाहजहाँपुर, समृद्धि न्यूज।**

- मुखबिर की सूचना पर नगरिया मोड़ पुलिस की सक्रियता से मिली सफलता

बीती रात हाइवे पर एक डीसीएम में क्ररूरता पूर्वक अवैध ढंग से भरकर ले जाई जा रहीं भैंसों को पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर वैरियर लगाकर चेकिंग शुरू कर पकड़ लिया। जिसमें तलाशी के दौरान 23 भैंस ( जानवर ) पाए गए। पुलिस ने डीसीएम चक समेत तीन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर पशुओं का डाक्टरी परीक्षण कराया है। कोतवाल जुगुल किशोर पाल ने बताया कि बुधवार रात मुखबिर की सूचना पर नगरिया मोड़ पुलिस चौकी इंचार्ज अनुज चौधरी की तुम ने हाइवे पर बैरियर लगाकर चेकिंग शुरू कर दी। अंततः डीसीएम सं यूपी 25 एच टी 2746 बरेली मोड़ की ओर से आती हुई पकड़ कर तलाशी ली गई। जिसमें 20 भैंसे व तीन पड़वा क्ररूरता पूर्वक भरे पाए गए। एसआई अनुज चौधरी ने बताया कि सभी 23 पशुओं को गाड़ी से उतरबा कर उन्हें पानी पिलवाने के साथ ही पशुचिकित्सक से परीक्षण कराया गया। डीसीएम में मौजूद तीन लोगों में चालक इकबाल पुत्र स?द्दीक अली निवासी ग्राम लभेड़ा उर्फ बुलन्दनगर थाना हाफिजगंज बरेली, नन्हे खां पुत्र मैकू खां निवासी ग्राम खिदरपुर थाना नवाबगंज बरेली तथा इस्लाम पुत्र सब्बीर निवासी मोहल्ला ठाकुरद्वारा, सेथल थाना हाफिजगंज बरेली के खिलाफ पशु क्ररूरता का मामला दर्ज किया गया है। तीनों ने बताया कि वह खैराबाद सीतापुर से जानवर खरीदकर बरेली बूचड़खाना लेकर जा रहे थे। डीसीएम के कागजात न दिखा पाने के चलते सीज कर दिया गया।

# शाहजहांपुर में बजाज रिकी-4005 की लॉन्चिंग, चार दिवसीय ड्राइव महोत्सव आयोजित

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

जनपद के जयपुरिया स्कूल के सामने स्थित ए.के.सी. वर्ल्ड बजाज शोरूम में 20 मार्च से 24 मार्च तक चार दिवसीय भव्य ड्राइव महोत्सव का आयोजन के साथ मिलकर किया गया, जिसमें बजाज के नए ई-रिक्शा रिकी-4005 की लॉन्चिंग की गई। कार्यक्रम में जनपद के बड़ी संख्या में ई-रिक्शा चालकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। महोत्सव के दौरान प्रतिभागियों को बजाज की नई ई-रिक्शा रिकी-4005 का टेस्ट ड्राइव करने का अवसर मिला, जिससे उन्होंने इसके फीचर्स और प्रदर्शन का अनुभव प्राप्त किया। टेस्ट ड्राइव में शामिल ग्राहकों को लकी-ड्रा कूपन भी वितरित किए गए, जिसके अंतर्गत अंतिम दिन विजेता को एक नई रिकी-4005 उपहार स्वरूप प्रदान की जानी थी। इस अवसर पर ए.के.सी. ग्रुप के चेयरमैन अशोक अग्रवाल ने ई-रिक्शा की उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए



बताया कि यह वाहन पेट्रोल और डीज़ल की आवश्यकता से मुक्त है, जिससे इसकी संचालन लागत काफी कम हो जाती है। साथ ही, यह वाहन पूरी तरह से बिजली से संचालित होने के कारण प्रदूषण रहित है और पर्यावरण को स्वच्छ बनाए रखने में सहायक है। उन्होंने यह भी कहा कि कम लागत में विश्वसनीय कंपनी का यह वाहन खरीदकर लोग आसानी से अपना रोजगार शुरू कर सकते हैं और नियमित आय अर्जित कर सकते हैं। कार्यक्रम के अंतिम दिन लकी ड्रॉ का आयोजन किया गया, जिसमें विजेता के रूप में ग्राम कनेंग निवासी पंकज कुमार को चेयरमैन अशोक अग्रवाल द्वारा नई बजाज रिकी-4005 की चाबी देकर सम्मानित किया गया। साथ ही ई-रिक्शा के रख-रखाव और उपयोग से सम्बंधित एक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का भी आयोजन हुआ जिसमे सही उत्तर देने वाले 4 ग्राहकों को उपहार दिए गये। जनरल मैनेजर देवेन्द्र शर्मा एवं शाखा प्रबंधक विपिन कुमार ने बताया कि बजाज रिकी-4005 एक बार की चार्जिंग में लगभग 149 किलोमीटर तक चलने में सक्षम है। इसमें 5.4 किलोवाट की बैटरी पावर दी गई है तथा तीनों पहियों में अलग-अलग सस्पेंशन की सुविधा उपलब्ध है, जिससे सवारी का सफर अधिक आरामदायक हो जाता है। इस वाहन की एक्स-शोरूम कीमत ?2,03,443 निर्धारित की गई है। कार्यक्रम को सफल बनाने में ए.के.सी. वर्ल्ड बजाज की पूरी टीम का सराहनीय सहयोग रहा। आयोजन में कई गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति रही और इसने न केवल स्थानीय लोगों में उत्साह का माहौल बनाया, बल्कि बजाज के नए उत्पाद को लेकर भी सकारात्मक प्रतिक्रिया देखने को मिली।

## पीएम संबोधन, 'ट्रंपी युद्धविराम'

प्रधानमंत्री मोदी ने लोकसभा में वक्तव्य देकर पश्चिम एशिया के संकट और संघर्ष को कोरोना महामारी जैसी गंभीर और अभूतपूर्व चुनौती माना है। उन्होंने देश की एकजुटता का आह्वान किया और इस आर्थिक, सुरक्षा संबंधी, मानवीय चुनौती को 'चुनौती' देने का हौसला दिया। प्रधानमंत्री ने देश को आश्वस्त भी किया और जानकारी भी साझा की कि पहले हम 27 देशों से आयात करते थे, लेकिन अब 41 देशों से विविध सामान ले रहे हैं। देश में 53 लाख मीट्रिक टन कच्चे तेल का 'रणनीतिक भंडार' है। उसे बढ़ा कर 65 लाख मीट्रिक टन करने पर काम किया जा रहा है। अब हम पेट्रोल में 20 फीसदी ईथेनॉल का मिश्रण करते हैं, लिहाजा 4.5 करोड़ बैरल कम तेल आयात करना पड़ रहा है। यह प्रयोग सफल रहा है। रेलवे का लगभग 100 फीसदी बिजलीकरण किया जा चुका है, लिहाजा डीजल और कोयले की खपत नगण्य हो गई है। देश में खाद्यान्न के पर्याप्त भंडार हैं और खरीफ की बुवाई के लिए उर्वरकों की पूरी व्यवस्था है। देश में यूरिया के 6 प्लांट लगाए गए हैं, जो 76 लाख मीट्रिक टन यूरिया का उत्पादन कर रहे हैं। किसानों को 22 लाख सोलर पंप दिए गए हैं। देश में बिजली उत्पादन की पर्याप्त मात्रा है और 1500 मेगावाट पनबिजली जोड़ी जा रही है। वैकल्पिक ऊर्जा के तौर पर 250 गीगावाट का उत्पादन किया जा रहा है। मानवीय स्तर पर देखें, तो ईरान युद्ध शुरू होने के बाद 3.75 लाख भारतीयों को वापस लाए हैं। ईरान से भी करीब 1000 भारतीय सुरक्षित लौटे हैं। मेडिकल के 700 छात्रों को भी वापस लाने में हम सफल रहे हैं। भारतीय दूतावास 24 घंटे काम कर रहे हैं और भारतीयों के संपर्क में हैं। बहरहाल यह संसद में प्रधानमंत्री मोदी के वक्तव्य का सारांश है। यह उनका दायित्व भी था कि देश को यथार्थ बताएं। इसे हम 'राष्ट्र के नाम संबोधन' ही नहीं, बल्कि वैश्विक संदेश मानते हैं। प्रधानमंत्री ने बार-बार मानवता की रक्षा और उसके हित में तनाव, युद्ध को अविलंब खत्म करने की अपील की है। भारत संयम, संवाद, शांति, स्थिरता और कूटनीति का पक्षधर रहा है। प्रधानमंत्री के वक्तव्य के दो-अढाई घंटे बाद ही अमरीकी राष्ट्रपति ट्रंप ने, अचानक ही, एकतरफा और पांच दिनों का युद्धविराम घोषित कर दिया। उन्होंने दावा किया कि ईरान के साथ बातचीत सार्थक और सकारात्मक रही है। ईरान अमरीका के साथ डील करना चाहता है। कैसी डील! अमरीका ने तो ईरान के पॉवर प्लांट तबाह करने के लिए 48 घंटे की धमकी दी थी, लेकिन 12 घंटे शेष रहते ही युद्धविराम का ऐलान कर दिया। क्या यह ट्रंप का नया छलावा, षड्यंत्र है अथवा वह युद्ध से बाहर निकलने की कोशिश कर रहे हैं? राष्ट्रपति ट्रंप ने यह भी दावा किया कि अब ईरान परमाणु हथियार नहीं बनाएगा। हम कई मुद्दों पर सहमत हैं, लिहाजा तय किया गया है कि अमरीका पांच दिन तक कोई भी हमला नहीं करेगा। युद्ध विभाग को भी निर्देश दे दिए गए हैं, लेकिन ईरान ने ट्रंप के बातचीत के दावे को सिरे से ही खारिज कर दिया है। न कोई बातचीत हुई है और न ही किसी डील की अपेक्षा है। अमरीका ने बातचीत का संदेश भेजा जरूर था, जिसे ईरान ने नकार दिया था। ईरान का मानना है कि ट्रंप ईरान के पलटवार तबाही वाले हमलों की चेतावनी से डर गए हैं, लिहाजा युद्ध में पीछे हटे हैं। अमरीका एक बार फिर हार गया है। बेशक राष्ट्रपति ट्रंप की घोषणा से ही कच्चे तेल की कीमतें 15-16 फीसदी लुढ़क कर 96 डॉलर पर आ गईं। शेयर बाजारों में भी उछाल देखा गया। सवाल यह है कि क्या अब राष्ट्रपति ट्रंप ईरान के साथ 'स्थायी युद्धविराम' के मूड में हैं? अमरीका में ही चौतरफा विरोध जारी है। संसद और सीनेट के मध्यावधि चुनाव इसी साल हैं। यदि ट्रंप की 'रिपब्लिकन पार्टी' का संसद में बहुमत समाप्त हो गया, तो राष्ट्रपति के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव भी लाया जा सकता है। अमरीका में आर्थिक स्थितियां बेहद खराब हैं। क्या उन्हीं से विवश होकर युद्धविराम की घोषणा की गई है? बहरहाल इजरायल इससे सहमत नहीं है, लिहाजा ईरान पर लगातार हमले कर रहा है। ईरान भी आक्रामक जवाब दे रहा है। युद्धविराम के मायने क्या हैं फिर? दोनों ओर से हमले किए जा रहे हैं, खूब बारूद फूंका जा रहा है, यह कैसा युद्धविराम है?

# आम नागरिकों पर मंडराता वैश्विक संकट



एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी



**होर्मुज जलडमरूमध्य दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण समुद्री मार्गों में से एक है, जहां से वैश्विक तेल आपूर्ति का बड़ा हिस्सा गुजरता है। इस क्षेत्र में बढ़ते तनाव और हमलों के कारण तेल टैंकरों की आवाजाही प्रभावित हुई है, जिससे आपूर्ति बाधित हो रही है।भारत सहित एशिया की कई अर्थव्यवस्थाएं, जो ऊर्जा आयात पर निर्भर हैं, इस संकट से सीधे प्रभावित हो रही हैं। भारत में ईंधन की कीमतों में वृद्धि, महंगाई और आर्थिक दबाव के रूप में इसका असर साफ दिखाई दे रहा है। ईरान के खिलाफ 26 दिन पहले अमेरिका और इजरायल की तरफ से जब जंग शुरू की गई थी तब भी कुछ ऐसे ही दावे किए गए। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप कह रहे थे कि वो ईरान के लोगों को एक तानाशाही शासन से आजादी दिलाने निकले हैं, इस्लामिक शासन को परमाणु हथियार हासिल करने से रोकने के लिए निकले हैं। ईरान ने भी जवाबी हमला करते हुए कहा कि वह इजरालय और मीडिल ईस्ट में अमेरिका के सैन्य ठिकानों को निशाना बनाएगा, हालांकि अब कहानी का प्लॉट ही बदल चुका है।अब नेता नहीं जनता निशाने पर है। ट्रंप ने 48 घंटे का अल्टीमेटम देते हुए कहा था कि उनकी सेना पूरे ईरान के बिजली संयंत्र को निशाने बनाने वाली है, तो वहीं ईरान ने कहा कि कोई भी हमला हुआ तो वह पूरे खाड़ी क्षेत्र के ऊर्जा और जल बुनियादी ढांचे को निशाना बनाएगा। ईरान के पावर प्लांट तबाह कर देंगे। इस युद्ध ने यह स्पष्ट कर दिया है कि आधुनिक युद्धों में सबसे बड़ा नुकसान आम नागरिकों को होता है। बिजली, पानी और भोजन जैसी बुनियादी जरूरतें जब युद्ध का हथियार बन जाती हैं, तो यह मानवता के लिए सबसे बड़ा संकट बन जाता है।**

वैश्विक स्तरपर पश्चिम एशिया में बढ़ते संघर्ष, विशेषकर ईरान, इज़रायल और अमेरिका के बीच युद्ध जैसे हालात ने विश्व व्यवस्था को गहराई से प्रभावित किया है। इस संघर्ष का सबसे बड़ा और तत्काल प्रभाव ऊर्जा क्षेत्र पर पड़ा है। अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसियों के अनुसार, यह संकट 1970 के दशक के तेल संकट के बाद सबसे गंभीर हो सकता है। कई देशों ने बिजली और ईंधन की खपत कोनियंत्रित करने के लिए ऊर्जा इमरजेंसी जैसे कदम उठाने शुरू कर दिए हैं। पाकिस्तान, बांग्लादेश, श्रीलंका फिलीस्तीन जैसे देशों में बिजली कटौती, पेट्रोल-डीजल की सीमित आपूर्ति और स्कूल बंद करने जैसे निर्णय लिए जा रहे हैं। आश्चर्यजनक रूप से, यह संकट केवल विकासशील देशों तक सीमित नहीं रहा, बल्कि यूरोप और न्यूजीलैंड जैसे विकसित क्षेत्रों में भी ऊर्जा आपूर्ति पर दबाव बढ़ गया है। मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र बताना चाहता हूं कि हर युद्ध की शुरुआत में इसे इंसानियत की रक्षा और शांति की स्थापना के नाम पर प्रस्तुत किया जाता है। जब ऊर्जा से आगे बढ़कर पानी बना युद्ध का नया हथियार तो यह इस युद्ध का सबसे खतरनाक पहलू है। अब यह केवल तेल और गैस तक सीमित नहीं रहा, बल्कि पानी जैसे जीवनदायी संसाधन तक पहुंच गया है।

खाड़ी देशों में प्राकृतिक मीठे पानी की भारी कमी है और वे समुद्री पानी को शुद्ध करने के लिए डिसैलिनेशन प्लांट्स पर निर्भर हैं। यदि इन संयंत्रों पर हमले होते हैं, तो स्थिति भयावह हो सकती है। उदाहरण के लिए, सऊदी अरब अपनी लगभग 70 प्रतिशत पेयजल आवश्यकता इन प्लांट्स से पूरी करता है, जबकि कुवैत लगभग 90 प्रतिशत और ओमान 86 प्रतिशत तक निर्भर है। इसका अर्थ है कि ऊर्जा आपूर्ति बाधित होने या संयंत्रों के नष्ट होने पर इन देशों में पानी का संकट तुरंत उत्पन्न हो सकता है। ट्रंप ने भी दावा किया कि यह अभियान ईरान को परमाणु हथियार हासिल करने से रोकने और वहां के लोगों को तानाशाही शासन से मुक्ति दिलाने के लिए है। दूसरी ओर, ईरान ने जवाबी कार्रवाई में इज़रायल और पूरे मध्य पूर्व में अमेरिकी ठिकानों को निशाना बनाने की चेतावनी दी। लेकिन 26 दिनों के भीतर ही इस युद्ध का स्वरूप बदल गया है। अब सैन्य ठिकानों की बजाय आम नागरिकों के जीवन से जुड़े बुनियादी ढांचे बिजली, पानी और ऊर्जा पर हमले की धमकियां दी जा रही हैं। ट्रंप द्वारा 48 घंटे का अल्टीमेटम देकर ईरान के पावर प्लांट्स को निशाना बनाने की चेतावनीदी थीं और उसके जवाब में ईरान द्वारा पूरे खाड़ी क्षेत्र के ऊर्जा एवं जल ढांचे को नष्ट करने की धमकी ने यह स्पष्ट कर दिया है कि अब युद्ध का केंद्र जनता बन चुकी है। साथियों बात अगर हम डिसैलिनेशन प्लांट्स पर खतरा : जीवनरेखा पर सीधा हमला इसको समझने की करें तो ईरान द्वारा खाड़ी देशों के प्रमुख जल और ऊर्जा संयंत्रों को निशाना बनाने की धमकी ने इस संकट को और गंभीर बना दिया है। बहरीन, कतर, संयुक्त अरब अमीरात और जॉर्डन जैसे देशों के प्रमुख प्लांट्स खतरे में हैंयदि ये संयंत्र नष्ट होते हैं, तो न केवल पीने के पानी की आपूर्ति ठप हो जाएगी, बल्कि बिजली उत्पादन भी प्रभावित होगा, क्योंकि ये दोनों प्रणालियां आपस में जुड़ी हुई हैं।

इस स्थिति में पूरा खाड़ी क्षेत्र प्यास और अंधेरेके संकट में फंस सकता है। साथियों बात अगर हम आम नागरिकों पर असरन्मानवीय जीवन से जुड़े बुनियादी ढांचे बिजली, पानी ऊर्जा और आम नागरिकों पर मंडराता वैश्विक संकट जीवनशैली में भारी बदलाव इसको समझने की करें तो इस युद्ध का सबसे बड़ा खामियाजा आम लोगों को भुगतना पड़ रहा है। कई देशों में ईंधन की कमी के कारण स्कूल बंद किए जा रहे हैं, कंपनियां वर्क फ्रॉम होम लागू कर रही हैं, और पेट्रोल-डीजल की खरीद पर सीमाएं तय की जा रही हैं। बिजली कटौती आम हो गई है, जिससे उद्योग, स्वास्थ्य सेवाएं और दैनिक जीवन प्रभावित हो रहे हैं। ऊर्जा संकट ने जीवन की बुनियादी जरूरतों रसोई गैस, परिवहन, बिजली और पानी को सीधे प्रभावित किया है। इससे सामाजिक असंतोष और आर्थिक अस्थिरता बढ़ने का खतरा भी पैदा हो गया है ठीक वैसे ही, वैश्विक अर्थव्यवस्था पर खतरा : मंदी की आशंका ऊर्जा संकट का सीधा असर वैश्विक अर्थव्यवस्था पर पड़ता है। तेल और गैस की कीमतों में वृद्धि से उत्पादन लागत बढ़ती है, जिससे महंगाई बढ़ती है और उपभोक्ता खर्च घटता है। विशेष रूप से भारत जैसे देशों के लिए यह स्थिति चुनौतीपूर्ण है, जहां बड़ी संख्या में लोग खाड़ी देशों में काम करते हैं। इस युद्ध के कारण लाखों भारतीयों के रोजगार पर खतरा मंडरा रहा है, और हजारों लोग वापस लौट चुके हैं। साथियों बात कर हम पानी की जंग : भविष्य का सबसे बड़ा खतरा इसको समझने की करें तोविश्लेषकों का मानना है कि यह संघर्ष भविष्य में पानी की जंग का संकेत हो सकता है। जिस तरह तेल ने 20वीं सदी में भू-राजनीति को प्रभावित किया, उसी तरह पानी 21वीं सदी का सबसे बड़ा संसाधन बन सकता है। यदि जल स्रोतों और जल आपूर्ति प्रणालियों पर हमले बढ़ते हैं, तो यह मानव अस्तित्व के लिए गंभीर खतरा बन जाएगा। पानी की कमी न केवल स्वास्थ्य संकट पैदा करेगी, बल्कि बड़े पैमाने पर पलायन, सामाजिक अशांति और राजनीतिक अस्थिरता को भी जन्म दे सकती है। साथियों बात अगर हम ऊर्जा संकट का वैश्विक विस्तार : 1973 जैसा खतरा इसको समझने की करें तो, मध्य पूर्व में जारी संघर्ष ने वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति श्रृंखला को बुरी तरह प्रभावित किया है।

मध्य पूर्व विश्व के तेल और गैस उत्पादन का केंद्र है, जहां से बड़ी मात्रा में ऊर्जा संसाधन पूरी दुनिया में निर्यात होते हैं। कतर, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात जैसे देशों के उत्पादन केंद्रों पर खतरे के कारण तेल और गैस की कीमतों में तेज उछाल आया है।यह स्थिति 1973 के तेल संकट की याद दिलाती है, जब वैश्विक अर्थव्यवस्था को भारी झटका लगा था। आज भी वही खतरा मंडरा रहा है, ऊर्जा की कमी, महंगाई में वृद्धि, और वैश्विक मंदी का जोखिम मंडरा रहा है। साथियों बात अगर हम होर्मुज जलडमरूमध्य : वैश्विक आपूर्ति की जीवनरेखा पर संकट, होर्मुज जलडमरूमध्य दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण समुद्री मार्गों में से एक है,जहां से वैश्विक तेल आपूर्ति का बड़ा हिस्सा गुजरता है। इस क्षेत्र में बढ़ते तनाव और हमलों के कारण तेल टैंकरों की आवाजाही प्रभावित हुई है, जिससे आपूर्ति बाधित हो रही है। भारत सहित एशिया की कई अर्थव्यवस्थाएं, जो ऊर्जा आयात पर निर्भर हैं, इस संकट से सीधे प्रभावित हो रही हैं। भारत में ईंधन की कीमतों में वृद्धि, महंगाई और आर्थिक दबाव के रूप में इसका असर साफ दिखाई दे रहा है। साथियों बाद अगर हम युद्ध के बयानों पर नजर डालें तोहर जंग की शुरुआत में एक घोषणा की जाती है- यह जंग इंसानियत को बचाने की जंग है, लाखों जान बचाने के लिए न टाली जा सकने वाली जंग है। ईरान के खिलाफ 26 दिन पहले अमेरिका और इजरायल की तरफ से जब जंग शुरू की गई थी तब भी कुछ ऐसे ही दावे किए गए. अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप कह रहे थे कि वो ईरान के लोगों को एक तानाशाही शासन से आजादी दिलाने निकले हैं, इस्लामिक शासन को परमाणु हथियार हासिल करने से रोकने के लिए निकले हैं। ईरान ने भी जवाबी हमला करते हुए कहा कि वह इजरालय और मीडिल ईस्ट में अमेरिका के सैन्य ठिकानों को निशाना बनाएगा, हालांकि अब कहानी का प्लॉट ही बदल चुका है। अब नेता नहीं जनता निशाने पर है। ट्रंप ने 48 घंटे का अल्टीमेटम देते हुए कहा था कि उनकी सेना पूरे ईरान के बिजली संयंत्र को निशाने बनाने वाली है, तो वहीं ईरान ने कहा कि कोई भी हमला हुआ तो वह पूरे खाड़ी क्षेत्र के ऊर्जा और जल बुनियादी ढांचे को निशाना बनाएगा। ईरान के पावर प्लांट तबाह कर देंगे।

अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि युद्ध का असली चेहरा और मानवता के लिए चेतावनी, ईरान, इज़रायल और अमेरिका के बीच बढ़ता संघर्ष अब केवल सैन्य टकराव नहीं रह गया है, बल्कि यह ऊर्जा, पानी और मानव अस्तित्व की लड़ाई बन चुका है। इस युद्ध ने यह स्पष्ट कर दिया है कि आधुनिक युद्धों में सबसे बड़ा नुकसान आम नागरिकों को होता है। बिजली, पानी और भोजन जैसी बुनियादी जरूरतें जब युद्ध का हथियार बन जाती हैं, तो यह मानवता के लिए सबसे बड़ा संकट बन जाता है। दुनिया आज एक ऐसे मोड़ पर खड़ी है, जहां अगर समय रहते कूटनीतिक समाधान नहीं निकाला गया, तो यह संकट वैश्विक आपदा का रूप ले सकता है। यह केवल एक क्षेत्रीय संघर्ष नहीं, बल्कि पूरी मानव सभ्यता के लिए एक चेतावनी है कि संसाधनों की लड़ाई भविष्य में कितनी भयावह हो सकती है।

विचार

# पैक्स सिलिका : विश्वसनीय तकनीकी गठबंधन का निर्माण

*सैयद सुलेमान अख्तर*

सेमीकंडक्टर रोजमर्रा की तकनीकों- मोबाइल फोन से लेकर घरेलू उपकरणों तक को शक्ति प्रदान करते हैं, लेकिन उनका उत्पादन एक जटिल वैश्विक नेटवका पर निर्भर करता है। सामग्री, डिजाइन, निर्माण और असेंबली अक्सर कई देशों में फैली होती हैं, जिससे यह प्रणाली अत्यधिक परस्पर जुड़ी हुई बन जाती है। दशकों तक यह प्रणाली दक्षता के लिए बनाई गई थी। कंपनियां तेज और सस्ते चिप्स बनाने पर ध्यान केंद्रित करती थीं और उत्पादन को विशेषीकृत वैश्विक केंद्रों में वितरित करती थीं, लेकिन हाल के व्यवधानों- जैसे महामारी से उत्पन्न कमी और बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव ने इस मॉडल के जोखिम को उजागर किया है, जहां स्थानीय झटके वैश्विक उद्योगों में प्रभाव डाल सकते हैं।

अमेरिका के नेतृत्व में साझेदार देशों की पहल पैक्स सिलिका इन चुनौतियों का समाधान एक अधिक टिकाऊ तकनीकी और आर्थिक व्यवस्था बनाकर करना चाहती है। यह केवल सेमीकंडक्टर पर ध्यान केंद्रित करने के बजाय उस पूरी श्रृंखला तक विस्तारित है जो आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस अर्थव्यवस्था को संचालित करती है। तक्षशिला संस्थान के हाई-टेक जियोपॉलिटिक्स प्रोग्राम के अध्यक्ष और अमेरिकी विदेश मंत्रालय के क्वाड लीडर्स लीड ऑन-डिमांड (एलएलओडी) कार्यक्रम के पूर्व प्रतिभागी प्रणय कोटस्थाने बताते हैं, पैक्स सिलिका केवल कंप्यूटर चिप्स के बारे में नहीं है, यह एआई युग के लिए एक तकनीकी समूह है। यह पहल मिनरल्स-टू-मॉडल्स सप्लाई चेन को शामिल करती है- महत्वपूर्ण खनिजों और निर्माण से लेकर डेटा और एआई सिस्टम तक और यह इस मान्यता पर आधारित है कि इस क्षेत्र में कोई भी देश पूरी तरह आत्मनिर्भर नहीं हो सकता।

कोटस्थाने बताते हैं, सिद्धांत रूप में पैक्स सिलिका एआई युग के पूरे तकनीकी ढांचे में एक 'विश्वसनीय क्षेत्र' बनाने का प्रयास करता है। इस क्षेत्र के भीतर, समान सोच वाले देश खनिजों, ऊर्जा सहयोग, निर्माण क्षमता, चिप डिजाइन, बौद्धिक संपदा, एआई मॉडल, डिजिटल अवसंरचना और डेटा के अपेक्षाकृत मुक्त प्रवाह की अनुमति देंगे। सदस्य मिलकर इस पूरे ढांचे का इतना बड़ा हिस्सा कवर करते हैं कि कोई बाहरी कर्ता किसी एक खंड पर दबाव नहीं डाल सकता।

विविधीकरण का पहलू प्रत्येक स्तर पर कई सहयोगी देशों में क्षमता वितरित करके काम करता है। यदि किसी एक खनिज स्रोत में बाधा आती है, तो वैकल्पिक साझेदार स्रोत उसकी भरपाई कर सकते हैं। यदि किसी एक निर्माण केंद्र में समस्या आती है, तो अन्य उस भार को संभाल सकते हैं।

कोटस्थाने कहते हैं, पुराने मॉडल में सबसे सस्ता चिप जीतता था। पैक्स सिलिका के ढांचे में विश्वसनीय तकनीक जीतती है। विश्वसनीय का अर्थ है कि उसका स्रोत-कच्चे खनिज से लेकर तैनात एआई सिस्टम तक समान सोच वाले देशों से होकर गुजरे।

पैक्स सिलिका एक मौलिक बदलाव का प्रतिनिधित्व करता है। कोटस्थाने कहते हैं, यह केवल दक्षता की पहल नहीं है, बल्कि सुरक्षा और समृद्धि की पहल है। मुख्य विचार यह है कि कुछ आर्थिक दक्षता का त्याग करके लचीलापन बनाया जाए, एकल स्रोत पर निर्भरता कम की जाए और यह सुनिश्चित किया जाए कि एआई अर्थव्यवस्था की अवसंरचना विश्वसनीय साझेदारों के नियंत्रण में हो।




**विश्वसनीय साझेदारियां, पूर्ण ढांचा-** संबद्ध देशों के बीच समन्वित कार्रवाई को प्राथमिकता देकर पैक्स सिलिका साझेदारों को तकनीकी ढांचे के पूरक हिस्सों में विशेषज्ञता हासिल करने के लिए प्रोत्साहित करता है, बजाय इसके कि वे पूरी श्रृंखला को दोहराएं। वह बताते हैं, विचार यह नहीं है कि प्रत्येक देश पूरी श्रृंखला को दोहराए। बल्कि यह है कि विश्वसनीय साझेदार पूरक खंडों में विशेषज्ञता हासिल करें और सप्लाई चेन के सभी चरणों में क्षमताएं रखें।

कई देशों के संसाधनों, प्रतिभा और उत्पादन को एकीकृत करके, यह पहल परिचालन निरंतरता को मज़बूत करती है और भाग लेने वाले देशों के बीच दीर्घकालिक रणनीतिक तालमेल का समर्थन करती है।

**भारत की रणनीतिक भूमिका-** भारत ने फरवरी 2026 में पैक्स सिलिका पहल में शामिल होकर ट्रांसफॉर्मिंग द रिलेशनशिप यूटिलाइजिंग स्ट्रेटेजिक टेक्नोलॉजी (ट्रस्ट) पहल के तहत अमेरिका-भारत सहयोग के साझा दृष्टिकोण को आगे बढ़ाया। इसी कार्यक्रम में अमेरिका और भारत ने नवाचार के पक्ष में एक नियामक ढांचे के प्रति प्रतिबद्धता भी व्यक्त की। कोटस्थाने बताते हैं, यू अमेरिका-भारत संबंध स्वाभाविक रूप से उपयुक्त हैं क्योंकि दोनों की क्षमताएं एक-दूसरे की पूरक हैं। अमेरिका चिप डिजाइन टूल्स, ईडीए (इलेक्ट्रॉनिक डिजाइन ऑटोमेशन) सॉफ्टवेयर, उपकरण और फ्रंटियर एआई मॉडल में अग्रणी है; भारत बड़े पैमाने पर डिजाइन प्रतिभा, एंटरप्राइज एआई इंटीग्रेशन क्षमता और विशाल बाज़ार प्रदान करता है।

चिप डिजाइन के संदर्भ में वह बताते हैं कि भारत में अनुमानित दुनिया के 20 प्रतिशत डिजाइन इंजीनियर और शीर्ष अमेरिकी सेमीकंडक्टर कंपनियों के डिजाइन केंद्र स्थित हैं और पैक्स सिलिका के तहत उपयोग किए जा रहे चिप्स बेंगलुरु, हैदराबाद और नोएडा में डिजाइन किए जा रहे हैं। डिजाइन के अलावा, भारत अन्य महत्वपूर्ण क्षेत्रों में भी योगदान देता है, जैसे सॉफ्टवेयर, एंटरप्राइज एआई इंटीग्रेशन और ऊर्जा एवं खनिज संसाधन, जिससे वह सुरक्षित और लचीली सप्लाई चेन को सक्षम बनाने में एक रणनीतिक साझेदार बनता है।

अमेरिकी तकनीक और एआई नेतृत्व को भारत की क्षमताओं के साथ जोड़कर, पैक्स सिलिका यह दर्शाता है कि विश्वसनीय साझेदारों के बीच सहयोग कैसे वैश्विक तकनीकी पारिस्थितिकी तंत्र में निरंतरता, विविधीकरण और लचीलापन सुनिश्चित कर सकता है।

साहित्य



## ग़ज़ल कह गई सब इशारे में देखो

**संदीप ठाकुर**

ग़ज़ल कह गई सब इशारे में देखो
सभी शेर थे उनके बारे में देखो

परत दर परत खुल रही है कहानी
नज़ारे कई हर नज़ारे में देखो

चिराग़ों सा रोशन है रेशम का कुर्ता
ग़ज़ब ढा रही हो शरारे में देखो

मुझे कितने समझौते करने पड़े हैं
बड़ी मुश्किलें हैं गुज़ारे में देखो

बनावट अदाकारी से ऊबते हैं
यही इक कमी है हमारे में देखो

ख़ुशी ग़म वफ़ा दुश्मनी बेवफ़ाई
है सब ज़िंदगी के पिटारे में देखो

ज़रा लंबी है रात पर रात ही है
झलक धूप की हर सितारे में देखो



## राशिफल

**मेष:-** सामाजिक गतिविधियों में आपकी क्रियाशीलता बढ़ेगी। नये लक्ष्य व कार्य में व्यस्त रहेंगे। आर्थिक क्षेत्र में परिश्रम का पूरा लाभ प्राप्त होगा।

**वृषभ:-** रोजगार में लाभकारी स्थिति मन को प्रसन्न रखेगी। सामाजिक कार्य में व्यस्त रहेंगे। कोई महत्वपूर्ण निर्णय लेने में मन दुविधाग्रस्त होगा।

**मिथुन:-** वाक्यपटुता व व्यवहार कुशलता से संबंधों में प्रभावी होंगे। भौतिक आकांक्षाएं सार्थकता हेतु मन को उद्वेलित करेंगी। परिवार में खुशहाल स्थिति रहेगी।

**कर्क:-** कोई महत्वपूर्ण निर्णय लेने में मन दुविधाग्रस्त होगा। भावुकता व्यावहारिक जगत के अनुकूल चलने में बाधक बनेगी। अतः इसे सुधारें। रोजगार में व्यस्तता रहेगी किंतु जरूरी कार्य को समय से पूर्ण करें।

**सिंह:-** नये उत्साह व कार्य क्षमता की अनुभूति करेंगे। कार्यक्षेत्र में अनवरत् व्यस्तता रहेगी। योजनाओं के फलीभूत होने से मन प्रसन्न होगा। महत्वपूर्ण कार्य की पूर्ति में विलम्ब कतई न करें।

**कन्या:-** कोई नयी इच्छा मन पर प्रभावी होगी। सामान्य दिनचर्या के साथ बीत रहे जीवन में उत्साह का अभाव रहेगा। कार्यक्षेत्र में व्यस्तता बढ़ेगी। अपने स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

**तुला:-** निराशावादी विचार योजनाओं की सार्थकता में बाधक हैं। एक साथ कई सारी चिंताओं से मन ग्रसित होगा। अभिभावको के सहयोग से समस्याएं हल होंगी।

**वृश्चिक:-** नई प्रतिभाएं उजागर होंगी। प्रिय लोगों का सानिध्य प्राप्त होगा। शिक्षा-प्रतियोगिता में उसके परिणाम हेतु चिंतित होगा। रोजगार में स्थिति अनुकूल होगी।

**धनु:-** कुछ नये उत्साह व कार्य क्षमता की अनुभूति करेंगे। सभी इच्छाओं को सकार करने से पूर्व गहन सोच-विचार करें। आकस्मिक यात्रा की योजना बन सकती है।

**मकर:-** मर्यादा व पद का ख्याल रखते हुए अपने उच्छृंखल मन पर नियन्त्रण रखें। आकस्मिक कोई सुखद समाचार से मन प्रसन्न होगा। घर में किसी मेहमान के आगमन से व्यय संभव।

**कुंभ:-** महत्वपूर्ण कार्य की पूर्ति हेतु मन चिंतित होगा। प्रतिभाओं पर भरोसा रख अपने महत्वपूर्ण लक्ष्यों को फलीभूत करने हेतु केंद्रित हों। ग्रहों की अनुकूलता प्रगति के अच्छे अवसर प्रदान करेगी।

**मीन:-** नये कार्य के क्रियान्वयन हेतु प्रयत्न तीव्र होगा। अवरोधित कोई कार्य हल होने की संभावना है। कल्पनाओं में जीना छोड़ भौतिक जगत के अनुकूल चलने का प्रयत्न करें।

# पश्चिम एशिया युद्ध में परमाणु खतरे के प्रति लापरवाही की कोई गुंजाइश नहीं

*डॉ. अरुण मित्रा*

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अब होर्मुज जलडमरूमध्य को खोलने की अंतिम घोषित तिथि बढ़ा दी है। ऐसा लगता है कि यह फैसला उनके वरीय सैन्य नेतृत्व की सलाह पर, और साथ ही यूरोपीय देशों और खाड़ी सहकारी परिषद् (जीसीसी) के देशों के दबाव में लिया गया है। इन देशों को डर है कि अमेरिका द्वारा जरूरी अवसंरचना पर बमबारी के बदले में, ईरान डीसेलिनेशन और जल शोधन संयंत्रों को निशाना बना सकता है, जिससे इस इलाके में लाखों लोगों को पानी की भारी कमी का सामना करना पड़ सकता है। ट्रंप ने यह भी कहा है कि ईरान के साथ अच्छी बातचीत चल रही है। लेकिन ईरान ने ट्रंप के इस दावे को पूरी तरह से खारिज कर दिया है कि अमेरिका और ईरान के बीच बातचीत चल रही है। यह दावा ध्यान भटकाने की एक तरकीब हो सकती है, हालांकि इस बात की ज्यादा संभावना है कि अमेरिकी प्रशासन को ईरान के खिलाफ अपने सैन्य विकल्प की सीमाओं का एहसास होने लगा है। अमेरिका के अंदर भी ट्रंप की बात को कोई बहुत ज्यादा समर्थन नहीं मिल रहा है। लोगों की राय का एक बढ़ता हुआ हिस्सा मानता है कि वह नेतन्याहू के सामरिक एजेंडा से प्रभावित हुए हैं और यह अमेरिका की लड़ाई नहीं है, बल्कि इस इलाके में विस्तार के एक बड़े जायोनी नजरिए का हिस्सा है। ट्रंप ने यह भी दावा किया है कि वह 30 मिनट के अंदर लड़ाई खत्म कर सकते हैं। सामरिक मामलों के विशेषज्ञों ने चेतावनी दी है कि ऐसा नतीजा सिर्फ नाभिकीय हथियारों के इस्तेमाल से ही मुमकिन होगा। यह बयानबाजी बहुत चिंताजनक है, खासकर ऐसे नेता की तरफसे जिसे जल्दबाजी में काम करने वाला और अलग-अलग राय रखने वाला माना जाता है- जो अक्सर अचानक फैसले लेता है, अपने बयान बदलता है, और लंबे समय की कोई सही रणनीति नहीं दिखाता।

लगभग तीन हफ्ते की लड़ाई के बाद अमेरिका और इजरायल दोनों ही निराश दिख रहे हैं। उन्हें उम्मीद थी कि ईरान कुछ ही दिनों में हार मान लेगा, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। उम्मीदों के उलट, ईरान ने न सिर्फअमेरिकी-इजरायली हमले का विरोध किया है, बल्कि खाड़ी में अमेरिकी ठिकानों को निशाना बनाकर जवाबी कार्रवाई भी की है। ईरान के एफ-35 जैसे अतिविकसित लड़ाकू विमान को गिराने की खबरों ने हैरानी और बढ़ा दी है- जिन्हें सिर्फ अमेरिका और इजरायल चलाते हैं। इसके अलावा, ईरान ने हिंद महासागर में 4,000 किलोमीटर दूरी तक मार करने वाली लंबी दूरी की मिसाइलें दागी हैं, जिससे उसके दुश्मन परेशान हैं। डिमोना नाभिकीय संयंत्र समेत संवेदनशील जगहों के पास हाल के हमलों ने इजरायल की चिंता बढ़ा दी है। यह युद्ध एक बार फिर इजरायली सरकार की मानवीय नियमों और अन्तरराष्ट्रीय समझौतों की अनदेखी को दिखाता है। बच्चों समेत आम लोगों को हमलों का सबसे ज्यादा सामना करना पड़ा है, जबकि जरूरी अवसंरचना को सुनियोजित तरीके से नष्ट कर दिया गया है। गाजा में हुई तबाही और लेबनान में दुश्मनी का बढ़ना इस रूझान को और मजबूत करता है। साथ ही, खाड़ी देश अमेरिका के सुरक्षा भरोसे की कमियों को तेजी से पहचान रहे हैं। ऐसा लगता है कि अमेरिका भी बढ़ते अकेलेपन का सामना कर रहा है। नाटो ने कथित तौर पर होर्मुज जलडमरूमध्य को सुरक्षित करने में शामिल होने से मना कर दिया है, जबकि यूरोपीय देश सैन्य गतिविधियों में शामिल होने से हिचकिचा रहे हैं। ट्रम्प ने इन देशों को कायर कहकर उनकी बुराई की है, जिससे रिश्ते और खराब हो गए हैं। यूरोपीय नेताओं ने उनके शामिल होने की संभावना पर ही सवाल उठाते हुए जवाब दिया है, यह देखते हुए कि अगर अमेरिका- अपनी जबरदस्त नौसैनिक शक्ति के साथ- जलडमरूमध्य को सुरक्षित नहीं रख सकता, तो छोटी यूरोपीय सेनाएं तो बेअसर हो जाएंगी। खतरा यह है कि तनाव और बढ़ सकता है। अगर ईरान इजरायल या पूरे इलाके में अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर जरूरी सामरिक हमला करने में कामयाब हो जाता है, तो अमेरिकी नेतृत्व में निराशा और बढ़ सकती है। ट्रंप के जल्दबाज स्वभाव को देखते हुए, इस बात की असली चिंता है कि वह नाभिकीय हथियारों के इस्तेमाल सहित बहुत ज्यादा सख्त कदम उठा सकते हैं। इस खतरे को और बढ़ाने वाली बात मौजूदा अमेरिकी नेतृत्व की बनावट है, जिसमें अनुभवी राजनेता की कमी दिखती है और जो रणनीतिगत दूरदर्शिता के बजाय व्यापारिक सोच से ज्यादा प्रेरित है। नेतन्याहू के राज में इजरायल एक बदमाश देश बन गया है। इजरायली विरासत मंत्री अमीचाईएलियाहू ने गाजा पर नाभिकीय हथियारों के इस्तेमाल की धमकी दी थी। यह उनकी सोच को दिखाता है जिसके अब बदलने की उम्मीद कम है, खासकर तब जब ईरान ने इजरायल में डिमोना नाभिकीय संयंत्र के पास हमला किया है। इस झगड़े के आर्थिक नतीजे दुनिया भर में पहले से ही महसूस किए जा रहे हैं। ऊर्जा आपूर्ति में रुकावट से एक बड़ा आर्थिक संकट पैदा हो रहा है। भारत, जो ऊर्जा आयात पर बहुत ज्यादा निर्भर है, खास तौर पर कमजोर है। मुश्किल के शुरुआती संकेत दिख रहे हैं, जिनमें बढ़ती कीमतों की वजह से आबादी के एक हिस्से के जलाने की लकड़ी जैसे पारंपरिक ईंधन पर वापस लौटना भी शामिल है।

अगर हालात ऐसे ही रहे, तो इससे बड़े पैमाने पर औद्योगिक बंदी हो सकती है, छोटे व्यवसाय बंद हो सकते हैं, और परिवहन प्रणाली में गंभीर रुकावटें आ सकती हैंकृजिसमें रेल, सड़क और हवाई यात्रा शामिल है। कई देशों के पास लंबे समय तक रुकावट झेलने के लिए तेल भंडार पर्याप्त नहीं हैं। रासायनिक खाद की कमी से दुनिया भर में खाद्य सुरक्षा को और खतरा हो सकता है। यह बेहद चिंता की बात है कि फिलहाल, कोई भी वैश्विक शक्ति इस संघर्ष को खत्म करने के लिए प्रभावी मध्यस्थता करने में सक्षम नहीं दिख रही है। ब्रिक्स, जिसकी अध्यक्षता अभी भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कर रहे हैं, की विश्वसनीयता पर वैश्विक भू-राजनीति में सवाल उठने लगे हैंय खासकर, युद्ध शुरू होने से ठीक पहले, उनके हाल ही में इजरायल दौरे के बाद। इससे यह धारणा बनी है कि भारत, अमेरिका-इजरायल गुट के साथ है।

हालांकि संयुक्त राष्ट्र को लगातार हाशिए पर धकेला जा रहा है, फिर भी यह एकमात्र ऐसी वैश्विक संस्था है जिसके पास हस्तक्षेप करने की वैधता है। यह बेहद जरूरी है कि संयुक्त राष्ट्र, अमेरिका, इजरायल और ईरान को शामिल करते हुए एक बाध्यकारी प्रस्ताव पर सहमति बनाने के लिए तत्काल कदम उठाएय जिसमें सभी पक्ष स्पष्ट रूप से यह वचन दें कि वे परमाणु हथियारों का इस्तेमाल नहीं करेंगे। इस संदर्भ में, परमाणु हथियारों के श्निषेध पर संधिश् (टीपीएनडब्ल्यू) का महत्व पहले से कहीं अधिक बढ़ गया है। दुनिया को परमाणु हथियारों की होड़ से पैदा होने वाले गंभीर खतरों को पहचानना होगा, और एक ऐसी तबाही को रोकने के लिए निर्णायक कदम उठाने होंगे जिसकी कल्पना भी नहीं की जा सकती। नागरिक समाज संगठनों को परमाणु युद्ध के मानवीय परिणामों को उजागर करने में और अधिक सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। इस मुद्दे पर व्यापक शोध और अध्ययन सामग्री, श्इंटरनेशनल फिजिशियंस फॉर द प्रिवेंशन ऑफ न्यूक्लियर वॉर द्वारा पहले ही तैयार की जा चुकी है।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक:** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**पत्राचार एवं व्यवसायिक कार्यालय : 201-202 द्वितीय तल, रीजेन्सी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने, हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. 9305748833, 7985738649, 9451244788, 9554964672,**
**For News :** samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

## खबरें एक नजर में

### दबंगों ने महिला व पुत्री को पीटा

**शाहाबाद, हरदोई।** दबंगों ने महिला और उसकी पुत्री को पीट कर घायल कर दिया घटना की रिपोर्ट दर्ज कराई गई । शाहाबाद कोतवाली के मोहल्ला मिश्रीपुर निवासी मधु पत्नी लक्ष्मीकांत के अनुसार 24 मार्च को आप ने दरवाजे पर बैठी थी उसी समय मोहल्ले के कुलदीप, रेनू , कृष्ण चंद्र आ गए और उसे तथा उसकी पुत्री को पीटने लगे। पीड़िता का कहना है कि उसका पति शाहाबाद में नौकरी करता है और पूरे दिन वह बच्चों के साथ घर में अकेली रहती है। कुलदीप अक्सर उसके साथ दुर्व्यवहार करता रहता है जिससे वह काफी परेशान है। उसे अपनी जान का खतरा है। घटना की रिपोर्ट दर्ज कराई गई।

### दो पक्षों में मारपीट व गाली-गलौज, रिपोर्ट दर्ज

**हरपालपुर, हरदोई।** अरवल थाना क्षेत्र के ग्राम बेहटामुडिया में आपसी कहासुनी को लेकर दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट और गाली–गलौज हुई। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस टीम के सामने ही दोनों पक्ष उग्र हो गए और एक–दूसरे पर लाठी–डंडों से हमला कर जान से मारने की धमकी देने लगे। घटना के संबंध में मौके पर मौजूद उप–निरीक्षक शिवकुमार सिंह की तहरीर पर पुलिस ने दोनों पक्षों के करीब आधा दर्जन से अधिक नामजद आरोपियों के खिलाफ गंभीर धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया है। तहरीर के अनुसार, प्रथम पक्ष से सत्यप्रकाश व अन्य और द्वितीय पक्ष से राजेश सिंह, धर्मेंद्र सिंह उर्फ बबलू व उनके साथियों के बीच विवाद हो रहा था। पुलिस टीम ने उन्हें शांत कराने का प्रयास किया,लेकिन आरोपी पुलिस की मौजूदगी में ही गाली गलौज समेत मारपीट करने लगे और कानून हाथ में ले लिया।थानाध्यक्ष अनिल कुमार सिंह ने बताया कि उप निरीक्षक की तहरीर के आधार पर सभी आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली गई हैं।पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### बबुरावल प्राथमिक विद्यालय में नवारंभ उत्सव का भव्य आयोजन, बच्चों ने प्रस्तुत किए रंगारंग कार्यक्रम



**संडीला/हरदोई।** सण्डीला तहसील के विकास क्षेत्र बेहंदर स्थित प्राथमिक विद्यालय बबुरावल में बुधवार को नवारंभ उत्सव का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य शांति देवी एवं ग्राम प्रधान खेरवा उमा चौरसिया रहीं। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के इंचार्ज प्रधानाध्यापक अश्विनी कुमार ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया, जिसके बाद सरस्वती वंदना के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शुरुआत हुई। इस अवसर पर आंगनबाड़ी एवं नवप्रवेशी बच्चों ने उत्साहपूर्वक विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर सभी का मन मोह लिया। नवप्रवेशी बच्चों का स्वागत उमा चौरसिया व आरजू द्वारा तिलक व माल्यार्पण कर किया गया। संग्राम चौरसिया ने बच्चों को नगद पुरस्कार देकर उनका उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय परिसर में वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया गया।समापन के अवसर पर सभी उपस्थित बच्चों, अभिभावकों एवं शिक्षकों को फल, मिष्ठान एवं जलपान वितरित किया गया। कार्यक्रम में एआरपी वर्तिका सिंह, महेंद्र सिंह पटेल, धर्मेंद्र कुमार गुप्ता, मिथलेश कुमार, आंगनवाड़ी कार्यकर्त्री, सहायिका सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी व अभिभावक उपस्थित रहे।

### युवक को घायल करने वाले आरोपी पर रिपोर्ट

**शाहाबाद, हरदोई।** पतंग उड़ाने गए एक युवक को दबंगों ने पीट कर घायल कर दिया। घटना की रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। शाहाबाद कोतवाली के अल्लाहपुर निवासी अखिलेश कश्यप पुत्र राजकुमार कश्यप के अनुसार वह हरियाली वाले बाईपास पर पतंग उड़ा रहा था। उसी समय रामनगर कॉलोनी निवासी मनीष अवस्थी, विनय तिवारी, नितिन मिश्रा, तुषार आदि आगे और गाली गलौज कर करते हुए उसे डंडों से पीटने लगे। वहां पर मौजूद लोगों के बीच बचाव करने के बाद उपरोक्त लोग जान माल की धमकी देते हुए भाग गए। घटना की रिपोर्ट दर्ज कराई गई। घायल का डाक्टरी परीक्षण कराया गया।

### बगैर रायल्टी ओवरलोड मौरम लेकर फर्राटा थरते 6 ट्रक सीज

**कालपी (जालौन)।** जिलाधिकारी के निर्देश पर उप जिलाधिकारी के नेतृत्व में संयुक्त टीम के द्वारा रात में अभियान चलाकर ओवरलोडिंग एवं बिना प्रपत्रों के बालू लदे पकड़े गए 6 वाहनों के खिलाफबड़ी कार्रवाई की गई है। पकड़े गये सभी 6 ट्रकों को आटा तथा कालपी में सीज कर दिया गया है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक 25–26 मार्च की रात में एसडीएम मनोज कुमार सिंह, जनपद के खनन निरीक्षक कुलदीप कुमार, थानाध्यक्ष आटा अजय कुमार सिंह सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी, कालपी थाना की संयुक्त टीम द्वारा थाना आटा क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग मार्ग में बालू लदी गाड़ियों की चेकिंग की इस दौरान बिना खनन प्रपत्र रॉयल्टी के टीम ने 3 गाड़ियों को बालू लदे हुए पकड़ कर नवीन गल्ला मंडी के परिसर में सीज करके खड़ा करा दिया गया है।। इसी क्रम में रात में ही अभियान के दौरान जोल्हूपुर मोड़–कालपी हाइवे रोड में चेकिंग अभियान चलाया गया इस रोड में भी बिना खनिज प्रपत्रों के 3 ओवरलोड बालू लदी गाड़ियों को पकड़ा गया। टीम के द्वारा पकड़े गए ट्रकों को गल्ला मंडी कालपी के परिसर में खड़ा कर सीज कर दिया गया। उप जिलाधिकारी मनोज कुमार सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि अवैध बालू खनन के खिलाफनिरंतर अभियान चलाया जाता रहेगा।

### डीएम-एसपी ने पुलिस लाइन में वितरित की साइकिल, टॉर्च व साफा



**उरई (जालौन)।** गुरुवार को चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर जनपद में सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ एवं प्रभावी बनाने की दिशा में एक सराहनीय पहल करते हुए जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार ने पुलिस लाइन परिसर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान पुलिस विभाग के चौकीदारों को साइकिल, टॉर्च एवं साफा वितरित किया। जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने चौकीदारों के साथ सीधे संवाद स्थापित करते हुए उनके कार्यों की सराहना की और उन्हें ग्रामीण क्षेत्रों में कानून–व्यवस्था की पहली कड़ी बताते हुए उनकी भूमिका को अत्यंत महत्वपूर्ण बताया। चौकीदार न केवल सूचनाओं के वाहक हैं, बल्कि गांव की सुरक्षा व्यवस्था के मजबूत स्तंभ भी हैं, जिनकी सक्रियता से ही अपराधों की रोकथाम और शांति व्यवस्था सुनिश्चित होती है। संवाद के दौरान चौकीदारों ने अपने अनुभव साझा किए और अपनी समस्याओं से भी अवगत कराया। जिलाधिकारी ने उनकी समस्याओं के त्वरित समाधान का आश्वासन देते हुए कहा कि शासन स्तर से उन्हें हर संभव सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी, जिससे वे और अधिक प्रभावी ढंग से अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर सकें। पुलिस अधीक्षक ने भी चौकीदारों को सतर्क, सजग एवं सक्रिय रहते हुए अपने क्षेत्र में निरंतर निगरानी बनाए रखने के निर्देश दिए। कार्यक्रम का सबसे भावुक क्षण तब देखने को मिला जब चौकीदारों ने प्रशासन द्वारा मिले इस सम्मान और सहयोग के प्रति आभार व्यक्त करते हुए अपनी भावनाएं व्यक्त कीं। कई चौकीदारों की आंखें नम हो गईं और उन्होंने कहा कि इस प्रकार का सम्मान उन्हें अपने दायित्वों के प्रति और अधिक प्रेरित करता है। जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने कहा कि जनपद में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर कोई भी कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और चौकीदारों की सक्रिय भागीदारी से गांव–गांव में शांति, सुरक्षा एवं विश्वास का वातावरण स्थापित किया जाएगा।

### श्रद्धा के साथ घर-घर हुआ महागौरी का पूजन



**हमीरपुर।** नवरात्र के आठवें दिन अष्टमी पर मुख्यालय सहित पूरे जनपद में मां महागौरी का पूजन किया गया। वहीं जगह जगह कन्या पूजन का आयोजन हुआ। नगर के सुभाष बाजार स्थित दुर्गा पंडाल में विशाल कन्या भोज का आयोजन हुआ। वहीं सुबह शाम होने वाली आरती में बड़ी संख्या में महिला पुरुष शामिल हो रहे है। रात में जागरण कार्यक्रम आयोजित हुआ। वहीं नगर के चौरादेवी मंदिर में महिलाओं ने पूजा अर्चना करने के साथ खीर पूड़ी से अठवाई भरी और सुख समृद्धि की कामना की। सुमेरपुर संवाद के अनुसार कस्बा सहित ग्रामीण क्षेत्रों में महागौरी का पूजन श्रद्धा एवं उत्साह के साथ किया गया। महिलाओं ने मां के शक्तिपीठ पहुंचकर खीर पूड़ी से अठवाई भरी और सुख समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर घर–घर कन्या भोज आयोजित किए गए। क्षेत्र के ग्राम बांक, बिलहड़ी, बांकी में शाम को गाजेबाजे के साथ भव्य जवारे निकालकर जवारों का विसर्जन मौहर देवी मंदिर प्रांगण के तालाब में किया गया। जवारे देखने के लिए पलरा, विदोखर, नदेहरा, धरमपुर, कलौली जार आदि गांवों के ग्रामीणों की भीड़ उमड़ी हुई थी। जवारे मेले में देवी भक्तों ने सांगों का जोरदार प्रदर्शन किया। जिसको देखकर दर्शक अवाक रह गए।

# कन्टेनर की टक्कर से बाइक सवार दंपती सहित पुत्री की मौत

**हरपालपुर, हरदोई, समृद्धि न्यूज।**





कटरा बिल्हौर हाइवे पर हरपालपुर थाना क्षेत्र में एक तेज रफ्तार कन्टेनर की टक्कर से बाइक सवार पति पत्नी व पुत्री सहित तीन लोगों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गयी। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के अनुसार हरपालपुर थाना क्षेत्र के इशेपुर मजरा भुसेहरा गांव निवासी लगभग 30 वर्षीय मोनू पुत्र राकेश गुरुवार की दोपहर अपनी पत्नी नीलम व पुत्री लक्ष्मी के साथ बाइक पर सवार होकर हरदोई दवा लेने जा रहा था। जैसे ही यह लोग कटरा बिल्हौर हाइवे पर ककरा दूध प्लांट के पास पहुंचे उसी समय अपने आगे जा रहे एक अज्ञात वाहन को ओवरटेक करके अपनी बाइक आगे निकालते समय सामने से आ रहे एक तेज कन्टेनर से जबरदस्त टक्कर हो गयी।इस घटना में बाइक सवार मोनू व उसकी पत्नी नीलम और पुत्री लक्ष्मी की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गयी। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने तीनों शवो को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना के बाद आरोपी कन्टेनर चालक कन्टेनर छोड़कर मौके से फरार हो गया।

### संडीला के मुरारनगर में महिला ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**सण्डीला/हरदोई।** हरदोई के संडीला क्षेत्र में एक महिला द्वारा आत्महत्या किए जाने का मामला सामने आया है। दौलतपुर निवासी दुलीचंद राठौर, जो इंडस्ट्रियल एरिया स्थित ज्ञान धारा कंपनी में कार्यरत हैं, ने पुलिस को सूचना दी कि उनकी पत्नी रागिनी (लगभग 25 वर्ष) ने घर में पंखे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के समय दुलीचंद ड्यूटी पर थे और बच्चों ने फोन कर मां के फंदे से लटके होने की जानकारी दी। सूचना मिलते ही वह घर पहुंचे और पत्नी को उतारकर देखा, तब तक उसकी मृत्यु हो चुकी थी। पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची, परिजनों को सूचना दी गई तथा फॉरेंसिक टीम को बुलाया गया। नायब तहसीलदार की मौजूदगी में पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। बताया गया कि मृतका की शादी करीब छह वर्ष पूर्व हुई थी और उसके दो छोटे बच्चे हैं।

## बच्चे देश को आगे बढ़ाने में अग्रणी भूमिका निभायेंगे: असीम अरुण



**हरदोई, समृद्धि न्यूज।**

विगत दिवस प्रदेश सरकार के नव निर्माण के 9 वर्ष पूर्ण होने पर प्रभारी मंत्री असीम अरूण ने राजकीय पुस्तकालय के उच्चीकरण का फीताकाट कर लोकार्पण किया। इस अवसर पर मंत्री जी ने बच्चों को डायरी व पेन प्रदान किये तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि बच्चे देश को आगे बढ़ाने में अग्रणी भूमिका निभायेगें। इस अवसर पर जिलाधिकारी अनुनय झा ने मंत्री जी को पुस्तकालय के संचालन की विस्तार से जानकारी दी। लोकापर्ण के समय भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत सिंह बब्बन, पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा, मुख्य विकास अधिकारी सान्या छाबड़ा, अपर जिलाधिकारी न्यायिक प्रफुल्ल कुमार त्रिपाठी प्रभारी जिला सूचना अधिकारी दिव्या निगम आदि उपस्थित रहे।

### महिला को गड़ासा मारकर किया घायल, रिपोर्ट दर्ज

**शाहाबाद हरदोई।** पुरानी रंजिश के चलते दबंगों ने एक महिला को गड़ासे से हमला करके घायल कर दिया। घायल महिला का डाक्टरी परीक्षण कराया गया। आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है। शाहाबाद कोतवाली के ग्राम बबुराई निवासी कुतुका देवी पत्नी भगवान शरण के अनुसार 23 मार्च को रात 8:00 बजे वह अपने दरवाजे पर बैठी थी। उसी समय गांव के संतराम उसकी पत्नी संगीता, भाग्यश्री और रामदास आ गए गाली गलौज करने लगे। गाली गलौज का विरोध करने पर संगीता ने प्रार्थिनी की माता के ऊपर गड़ासा से हमला कर दिया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना की नाम जद रिपोर्ट दर्ज कराई गई। घायल का डाक्टरी परीक्षण कराया गया।

# रोजगार मेलों में बेरोजगार युवक-युवतियां भाग ले और रोजगार प्राप्त करें: रामबीर सिंह

- सन्निर्माण कामगार अपना पंजीकरण कराकर योजनाओं का लाभ प्राप्त करें: सत्यबीर

**हरदोई, समृद्धि न्यूज।**



प्रदेश सरकार के नव निर्माण के 9 वर्ष पूर्ण होने पर 9 दिवसीय कार्यक्रम में आज जिला सेवा योजन एवं श्रम विभाग की ओर से रोजगार मेले का आयोजन गांधी भवन सभागार में किया गया। मेले में उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए जिला सेवा योजन अधिकारी रामबीर सिंह ने कहा कि सेवा योजन कार्यालय द्वारा समय-समय पर रोजगार मेलों का आयोजन कर जनपद के युवक-युवतियों को विभिन्न कंपनियों के माध्यम से रोजगार उपलब्ध कराकर आर्थिक रूप से मजबूत बनया जा रहा है। उन्होने कहा कि आयोजित होने वाले मेलों में शिक्षित बेरोजगार युवक-युवतियां साक्षात्कार में भाग ले और रोजगार प्राप्त करें। मेले में सहायक श्रमायुक्त सत्यबीर सिंह ने कहा कि उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार बोर्ड में पंजीकृत कामगारों को मातृत्व शिशु एवं बाल मदद, सन्त रविदास शिक्षा प्रोत्साहन, आवासीय विद्यालय, कन्या विवाह, गम्भीर बीमारी, महात्मा गांधी पेंशन, निर्माण कामगार सहायता एवं पं. दीनदयाल उपाध्याय चेतना योजना का लाभ दिया जाता है। उन्होने विभिन्न क्षेत्रों में कार्य करने वाले सन्निर्माण कामगार विभाग में अपना पंजीकरण कराकर योजनाओं का लाभ प्राप्त करें। मेले में सूचना एवं जनसंपर्क विभाग में पंजीकृत तनिष्क थियेटर ग्रुप, लखनऊ के टीम लीडर अनादि खरे ने अपनी टीम के साथ मनमोहक संस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया, जिसकी सभी ने प्रशंसा की। इस अवसर पर जिला सेवा योजन अधिकारी व सहायक श्रमायुक्त ने रोजगार मेले चयनित युवक-युवतियों एवं श्रम विभाग के लाभान्वित श्रमिकों को प्रमाण-पत्र प्रदान किये। इस अवसर पर प्रभारी जिला सूचना अधिकारी दिव्या निगम, ईश्वर चन्द्र मिश्रा, धीरज रस्तोगी एवं लाभार्थी आदि उपस्थित रहे।

### जमीनी विवाद में हुई मारपीट में हुई बुजुर्ग की मौत

**हरदोई।** पचदेवरा थाने से महज 200 मीटर की दूरी पर जमीनी विवाद को लेकर दबंगों ने एक घर में घुसकर वृद्ध दंपति पर लाठी-डंडों से जानलेवा हमला कर दिया। हमले में घायल 70 वर्षीय बुजुर्ग की अस्पताल ले जाते समय मौत हो गई, जबकि उनकी पत्नी की हालत गंभीर बनी हुई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, गुरुवार दोपहर करीब 12 बजे पचदेवरा कुंवरपुर निवासी राधेश्याम (70) और उनके पड़ोसियों के बीच जमीन को लेकर विवाद शुरू हुआ। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि हमलावर मंजेश, ब्रजेश, अखिलेश और जसवंत ने लाठी-डंडों से लैस होकर राधेश्याम के घर में धावा बोल दिया। आरोपियों ने राधेश्याम और उनकी पत्नी रुक्मणी (65) को बेरहमी से पीटना शुरू कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए मौके से तीन आरोपियों बृजेश, मंजेश और अखिलेश को हिरासत में ले लिया। घायल दंपति को आनन-फानन में अस्पताल ले जाया गया, जहाँ डॉक्टरों ने राधेश्याम को मृत घोषित कर दिया। उनकी पत्नी रुक्मणी का इलाज फिलहाल शाहाबाद के अस्पताल में चल रहा है, जहाँ उनकी स्थिति गंभीर बताई जा रही है। एडिशनल एसपी सर्किल शाहाबाद आलोक राज नारायण ने बताया जमीनी विवाद में मारपीट की सूचना मिलते ही पुलिस टीम भेजी गई थी। तीन आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मामले में सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## मथुरा में 'सावित्रीबाई फुले शिक्षा सम्मान समारोह' का आयोजन, हरदोई की तीन प्रतिभाओं को मिलेगा सम्मान

- मानद उपाधि के लिए जनपद हरदोई की दो विभूतियों का हुआ चयन
- महिला उद्यमी निरमा देवी एवं साहित्यकार अमिता मिश्रा मीतू



**हरदोई।** ब्रज की पावन धरा मथुरा में 29 मार्च को शीतल रीजेंसी होटल में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में सावित्रीबाई फुले शिक्षा सम्मान समारोह का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम सोमनाथ नक्षत्र वाटिका ट्रस्ट तथा कोलंबिया पेसिफिक ग्लोबल ऑनर्स काउंसिल के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित होगा। आयोजकों के अनुसार समारोह में देश के विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाली 19 महिलाओं को सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में महिलाओं की उपलब्धियों को प्रोत्साहित करना और महिला सशक्तिकरण के संदेश को व्यापक स्तर तक पहुंचाना है। इस समारोह में जनपद हरदोई की तीन विभूतियों को भी सम्मानित किया जाएगा, जिसे जिले के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है। समाज सेवा एवं महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान देने वाली कुबेर लाल जन सेवा संस्थान की संस्थापिका निरमा देवी को समाजसेवी के रूप में उनके उल्लेखनीय कार्यो के लिए सम्मानित किया जाएगा। वहीं साहित्य के क्षेत्र में अपने लेखन के माध्यम से समाज को सकारात्मक दिशा देने और समृद्ध साहित्य को जन-जन तक पहुंचाने के लिए अमिता मिश्रा 'मीतू' को सम्मान प्रदान किया जाएगा। इसके अतिरिक्त पत्रकारिता के क्षेत्र में सक्रिय भूमिका निभाने तथा सामाजिक मुद्दों को प्रमुखता से उठाने के लिए विजयलक्ष्मी सिंह जादौन को भी सम्मानित किया जाएगा। ब्रजभूमि मथुरा में आयोजित इस समारोह में हरदोई जनपद की इन तीनों प्रतिभाओं को सम्मानित किया जाना जिले के लिए गर्व और सम्मान की बात मानी जा रही है।

### भूसा उतार रहे ट्रैक्टर में ट्रक ने मारी टक्कर दो घायल एक की हालत गंभीर ग्वालियर रेफर



**रामपुरा (जालौन)।** सड़क किनारे भूसा उतार रहे ट्रैक्टर में तेज गति व लापरवाही से जा रहे ट्रक की टक्कर से दो लोग घायल हो गए इसमें एक की हालत गंभीर होने पर ग्वालियर रेफर किया गया है। प्राप्त विवरण के अनुसार रामपुरा थाना क्षेत्र के माधौगढ़ रोड पर सटल्ली बाबा की बगिया के पास भूसा उतार रहे ट्रैक्टर में ट्रक चालक दीपेंद्र सिंह पुत्र जगदीश प्रसाद दोहरे उम्र 31 वर्ष निवासी छिरिया सलेमपुर थाना कोतवाली जालौन ने तेज गति व लापरवाही के साथ ड्राइविंग करते हुए ट्रैक्टर में टक्कर मार दी जिसमें राजेश यादव पुत्र जाहर सिंह उम्र लगभग 50 वर्ष, निवासी महौनी रामपुरा थाना रावतपुरा सरकार भिंड (मध्य प्रदेश) गंभीर रूप से घायल हो गए एवं उनका भांजा विवेक निवासी रामपुरा भी चोटिहाल हुआ है। बताया जाता है कि बुधवार की शाम समय करीब 8 बजे ट्रक यूपी 33 टी 2423 सरकारी खाद्यान्न का अनाज उतारकर रामपुरा से जालौन की ओर जा रहा था इस समय यह घटना घटित हुई है। सूचना पाकर रामपुरा थाना के वरिष्ठ उप निरीक्षक सुभाषचंद्र पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे व एंबुलेंस की सहायता से घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामपुरा भेजा जहां घायल राजेश यादव की हालत गंभीर होने पर उन्हें ग्वालियर रेफर किया गया है।

## सूने घर में युवती ने फांसी लगाकर की आत्महत्या



**मौदहा।** क्षेत्र के ग्राम छिमौली में परिजनों के मंदिर जाने के बाद घर सूना प्रकार अज्ञात कारणों के चलते युवती ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। इस घटना से मृतका के परिजनों में कोहराम मच गया। कोतवाली पुलिस ने मृतका के शव को मेडिकल परीक्षण के लिए भेज घटना की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम छिमौली निवासी गुड़िया (18) पुत्री अमर सिंह ने गुरुवार की दोपहर अपने घर में दुपट्टा का फंदा बना अपने गले में डाल फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली। घटना के समय उसके परिजन गांव के मंदिर गए हुए थे। इस घटना से मृतका के परिजनों में कोहराम मच गया। घटना की सूचना मिलते ही घटनास्थल पर ग्रामीणों का जमावड़ा लग गया। वहीं इस मामले की जानकारी होते ही कोतवाली पुलिस ने मौके पर पहुंच मृतका के शव को मेडिकल परीक्षण के लिए भेज घटना की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। मृतका दो भाइयों व एक बहन में दूसरे नंबर की थी। इंटर करने के बाद वह अब घरेलू व कृषि कार्यो में परिवारीजनों की मदद करती थी। फिलहाल यह घटना गांव में चर्चा का विषय बनी हुई है। कोतवाली प्रभारी संतोष कुमार सिंह ने बताया कि युवती के मौत का कारण स्पष्ट होने के लिए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

# भाजपा नामित सभासद का इस्तीफा

- बोलीं इतना बड़ा पद निर्वहन नहीं पा रही हूं इसलिए दिया इस्तीफा

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।**



नगर पालिका की नामित सभासद और भाजपा नेता नीलम बाजपेई ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए लिखा है कि वह इतने बड़े पद को निर्वहन नहीं पा रही है, इसलिए इस पद से इस्तीफा दे रही है। उन्होंने सभी लोगों का आभार भी व्यक्त किया। मुख्यालय के पातालेश्वर मोहल्ला निवासी नीलम बाजपेई पिछले करीब 26 वर्षो से भाजपा से जुड़ी हुई हैं। पार्टी में उन्होंने कई अहम पदों पर जिम्मेदारी निभाई है। उन्हें हाल ही में 14 मार्च को नगर पालिका का नामित सदस्य बनाया गया था, लेकिन अब उन्होंने इस पद से त्यागपत्र दे दिया है। नीलम बाजपेई का राजनीतिक सफर काफी लंबा रहा है। वर्ष 2002 में वह भाजपा महिला मोर्चा की नगर अध्यक्ष बनीं। इसके बाद 2005 और 2008 में महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष रहीं। वर्ष 2010 में भाजपा की जिला मंत्री और 2013 में दोबारा महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष बनीं। वर्ष 2017 में उन्हें कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र में महिला मोर्चा का क्षेत्रीय उपाध्यक्ष बनाया गया, जबकि 2020 में वह भाजपा की जिला उपाध्यक्ष रहीं। अपने इस्तीफे के संबंध में नीलम बाजपेई ने बताया कि उन्होंने भाजपा में रहते हुए कई बार सड़क पर उतरकर धरना-प्रदर्शन किए और लाठीचार्ज भी झेला। उन्होंने हमेशा पार्टी के लिए समर्पण दिखाया, लेकिन बड़े पदों पर रहने के बाद नगर पालिका के नामित सभासद का पद उन्हें कुछ ज्यादा ही बड़ा लगने लगा। इसी वजह से उन्होंने इस्तीफा देने का फैसला लिया। इस मामले में भाजपा जिलाध्यक्ष शकुंतला निषाद ने कहा कि उन्हें अभी फेसबुक पोस्ट की जानकारी नहीं है। उन्होंने कहा कि यदि ऐसी कोई पोस्ट डाली गई है तो वह इसे देखेंगी।

### चलती ट्रेन में चढ़ने की कोशिश में युवक की दर्दनाक मौत

**कुलपहाड़, महोबा।** नगर के कांशीराम कॉलोनी निवासी कल्लू अंसारी का 28 वर्षीय पुत्र शमशाद अपनी ससुराल मऊरानीपुर जिला झांसी गया हुआ था। सोमवार की रात्रि को वह महाकौशल एक्सप्रेस से वापिस अपने गृह नगर आ रहा था। उसी समय मध्यप्रदेश के हरपालपुर रेलवे स्टेशन पर किसी काम से उतरने के बाद पुनः उसी चलती ट्रेन में चढ़ते समय उसका पैर फिसलकर वह नीचे चला गया और ट्रेन से कटकर उसकी दर्दनाक मौत हो गई। घटना स्थल पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। जिसे मध्यप्रदेश के अस्पताल ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। इस घटना के दो दिन बाद मृतक युवक की शिनाख्त होने पर जिला छतरपुर मध्यप्रदेश में पोस्टमार्टम कराया गया।

## बड़ी माता मंदिर मातन पुरा में चैत्र नवरात्र की अष्टमी के दिन कन्या भोज का हुआ आयोजन

**पनवाड़ी, महोबा, समृद्धि न्यूज।**



पनवाड़ी विकास खण्ड के अंतर्गत कस्बे के प्रसिद्ध मंदिर जय बड़ी माता मंदिर मातन पुरा के ट्रस्ट की ओर से अष्टमी तिथि पर विशाल कन्या भोज का भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें कस्बे के दर्जन भर मुहल्ले से कन्याओ ने आकर कन्या भोज में प्रसाद ग्रहण किया माता के अनेक भक्तो ने बड़े शिद्दत से भोज में अपनी सेवाएं दी हजारो की संख्या में मंदिर परिसर में कन्या भोज में कन्याओ ने आकर प्रसाद ग्रहण किया ट्रस्ट के अध्यक्ष श्री प्रकाश मिश्रा ने बने टीन शेड में पहले से सारी व्यवस्थाओं का जायजा लेकर उक्त जन कन्या भोज का आयोजन कराया बढ़िया व्यवस्था के साथ अलग अलग पंक्ति में बैठकर शांतिपूर्ण तरीके से भोज हुआ उत्तम भोजन एवम जल व्यस्था तथा सैकड़ो कार्यकर्ता मौजूद रहे एवम अनेक भक्तो का विशेष सहयोग रहा कई भक्तो ने भोजन उपरांत कन्याओ को दक्षिणा देकर पैर छूकर उन्हें ससम्मान दिया गया उक्त अवसर पर श्री प्रकाश मिश्रा ट्रस्ट अध्यक्ष रमेश अग्रवाल उज्ज्वल आनंद सतेंद्र गुप्ता गौरव वर्मा आदि माता रानी के सेवक शाम तक मुस्तेद रहे।


**कार्यालय ग्रा0पं0 करनपुर मजरा ज्योंता वि0ख0 मोहम्मदाबाद, फर्रु0**

पत्रांक:मीमो/राज्य वित्त/15वां वित्त योजना के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 दिनांक 26/03/2026

**निर्माण सामग्री आपूर्ति हेतु अल्पकालीन निविदा सूचना**

राज्य वित्त/15वां वित्त योजना के अन्तर्गत वर्ष 2025-26 में ग्राम पंचायत करनपुर मजरा ज्योंता विकास खण्ड मोहम्मदाबाद द्वारा निम्नलिखित कार्यो में सामग्री विवरण के अनुसार कार्यस्थल पर आपूर्ति हेतु दिनांक 27/03/2026 से दिनांक 02/04/2026 को अपरान्ह 03:00 बजे तक सीलबंद निविदा आमंत्रित की जाती है। प्राप्त निविदा दिनांक 02/04/2026 को अपरान्ह 5 बजे गठित समिति एवं निविदादाताओं एवं उनके प्रतिनिधि के समक्ष ग्राम पंचायत कार्यालय में खोली जायेगी। निविदा एवं अन्य प्रपत्र दिनांक 27/03/2026 से दिनांक 02/04/2026 तक सुबह 10 बजे से अपरान्ह 05 बजे तक किसी भी कार्य दिवस में 500/- रुपये का भुगतान करके प्राप्त की जा सकती है।

| क्र. स | कार्य का नाम | सामग्री लागत (लाख रु0 में) | जमानत धनराशि | टेण्डर मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1- | अशोक के घर से विनोद के घर तक इंटरलाकिंग व नाली निर्माण कार्य | 2.86 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |
| 2- | धीरेन्द्र के घर से दिनेश के घर तक इंटरलाकिंग व नाली निर्माण कार्य | 2.61 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |

**नियम व शर्ते**– निविदा ग्राम पंचायत कार्यालय में अवकाश को छोड़कर किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।

प्रधान (महावीर सिंह) ग्रा0पं0 करनपुर मजरा ज्योंता, वि0ख0 मोहम्मदाबाद, फर्रु0, सचिव (शिवपाल सिंह)



**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबंधक (संकेत एवं दूरसंचार) उत्तर रेलवे, लखनऊ मंडल, लखनऊ द्वारा निर्धारित निविदा प्रपत्रों पर निम्नलिखित कार्य हेतु अनुभवी एवं स्थापित सक्षम ठेकेदारों द्वारा ई–निविदायें सिंगिल पैकेट सिस्टम द्वारा आमंत्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| निविदा सं. | 106-सिग/टेंडर/74/2025-26 |
| कार्य का नाम | उत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल के Sr.DSTE/Co./LKO अनुभाग में, सिग्नल की दृश्यता में सुधार और सिग्नल विफलता के सुधार के समय को कम करने के साथ–साथ, सिग्नलिंग इंस्टॉलेशन की विश्वसनीयता में सुधार। |
| अनुमानित लागत | रु. 30568602.33/- |
| निविदा प्रपत्र की कीमत | शून्य |
| धरोहर राशि | रु. 302900/- |
| कार्य पूरा करने की अवधि | 210 दिन |
| निविदा दस्तावेज जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय | 14.04.2026 15:30 Hrs |
| वेबसाइट विवरण एवं नोटिस बोर्ड का स्थान जहां निविदा दस्तावेजों को देखा जा सकता है | www.ireps.gov.in वरिष्ठ सिग्नल एवं दूरसंचार अभियंता कार्यालय/ मं.रे.प्र. कार्यालय परिसर/ उत्तर रेलवे/लखनऊ |

ठेकेदारों को ई–निविदा सिस्टम में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे की वेब साइट www.ireps.gov.in के अन्तर्गत पंजीकृत होना अनिवार्य है • समस्त नियम एवं शर्तें निविदा प्रपत्र में देखी जा सकती है • मैनुउल निविदाये स्वीकृत नहीं की जायेंगी। • निविदा प्रपत्र एवं बयाना धनराशि का भुगतान सिर्फ नेट बैंकिंग या पेमेंट गेटवे द्वारा स्वीकृत की जायेंगी।

निविदा सू. सं.– 106–सिग/टेंडर/74/2025–26 दिनांक 24.03.2026 1021/26

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## चौबीस घंटे में ही चोरी का हुआ खुलासा, आरोपी गिरफ्तार

**बाराबंकी।** शहर के लौताबाग स्थित खैरुल मनाज़िल मस्जिद में बीते मंगलवार देर रात करीब 1 बजे हुई चोरी की घटना का पुलिस ने महज 24 घंटे के भीतर सफल खुलासा कर दिया। इस कार्रवाई में मंडी चौकी प्रभारी शशांक पांडेय की अहम भूमिका रही, जिनकी सतर्कता और त्वरित कार्रवाई से आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। घटना के संबंध में तहरीर मिलते ही चौकी प्रभारी शशांक पांडेय ने टीम के साथ सक्रियता दिखाते हुए जांच शुरू की और सुरागरसी के आधार पर बुधवार को पीएसी ओवरब्रिज के पास मंडी के सामने से आरोपी को दबोच लिया। पकड़ा गया युवक मो. रकीब (22) पुत्र मो. शकील निवासी पीरबटावन, थाना कोतवाली नगर, जनपद बाराबंकी का रहने वाला है।

## संदिग्ध परिस्थितियों में युवक का शव पेड़ से लटकता मिला

**बाराबंकी।** पेड़ से एक युवक का शव लटकता हुआ मिला सूचना मिलने पर पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।मृतक की पहचान 26 वर्षीय दुर्गेश कुमार पुत्र राजकुमार के रूप में हुई है। उसका शव घर से करीब 500 मीटर दूर सोहनलाल के बाग में रस्सी के सहारे एक पेड़ से लटका हुआ पाया गया।पुलिस की प्रारंभिक जानकारी में सामने आया है कि दुर्गेश का अपनी पत्नी से विवाद चल रहा था। लगभग चार साल पहले उसकी शादी भिटरिया के पास दयारामपुर की महिला से हुई थी।पत्नी ने दुर्गेश के खिलाफ गुजारा भत्ता का मुकदमा भी दायर किया था, जो न्यायालय में विचाराधीन है। परिजनों के अनुसार, युवक अपनी पत्नी से चल रहे विवाद और मुकदमे के कारण काफी परेशान रहता था। दुर्गेश की कोई संतान नहीं थी और उसकी पत्नी अपने मायके में रहती है।मृतक के पिता राजकुमार ने बताया कि दुर्गेश अपनी पत्नी से अनबन के चलते परेशान था। जब वह काफी देर तक घर वापस नहीं आया, तो परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। इसी दौरान उसका शव पेड़ से लटका हुआ मिला।बदोसराय कोतवाली के कोतवाल अजीत कुमार विद्यार्थी ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।



## कलाकारों का उत्कृष्ट मंच है लाही महोत्सवः राजू भैया

▸ मां आदिशक्ति सेवा समिति द्वारा आयोजित 21वाँ मां आदिशक्ति लाही महोत्सव संपन्न



**समृद्धि न्यूज़, हैदरगढ़ बाराबंकी।** मां आदिशक्ति के दरबार में होने वाला तीन दिवसीय मां आदिशक्ति लाही महोत्सव वास्तव में भक्ति एवं कला का अनूठा संगम है। यह ऐसा मंच है जहां पर बच्चों से लगाकर ग्रामीण कलाकार तक अपनी कला प्रतिभा का प्रदर्शन करते हैं। उसके बात सामाजिक कार्यकर्ता कृष्ण कुमार द्विवेदी (राजू भैया) ने लाही महोत्सव के समापन के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में कहीं ।इस दौरान श्री भैया सहित अन्य गणमान्य अतिथियों एवं कलाकारों तथा विद्वानों का समिति की प्रबंधक डॉक्टर विजय कुमार मिश्रा के द्वारा भव्य स्वागत किया गया। राजू भैया ने कहा कि लाही महोत्सव में जिस प्रकार से नवरात्र के मौके पर माता रानी की भक्ति से युक्त कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाते हैं। वह अत्यंत सराहनीय है। उन्होंने कहा कि यहां पर होने वाली रामलीला एवं नाटक में स्थानीय कलाकारों की सहभागिता होती है ।जिससे हमारी ग्रामीण कला संस्कृति जीवंत बनी रहती है। राजू भैया ने मां आदिशक्ति सेवा समिति के अध्यक्ष डॉ विजय कुमार मिश्रा सहित पूरी समिति को बधाई देते हुए कहा कि इस कार्यक्रम में छोटे-छोटे बच्चों को भी अपनी कला का प्रदर्शन करने का मौका मिलता है। जो उनका उत्साह बढ़ाता है। इसके अलावा ग्रामीण कलाकार भी यहां पर अपनी प्रस्तुति दे करके भारतीय संस्कृति की ग्रामीण विरासत को बल प्रदान करते हैं। इस मौके पर मां आदि शक्ति सेवा समिति के प्रबंधक डॉक्टर विजय कुमार मिश्रा ने आए हुए सभी अतिथियों का स्वागत कर सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। जबकि इससे पूर्व बीती 23 मार्च को विशाल भंडारे के साथ माता आदि शक्ति मंदिर पर मैया रानी की पूजा के उपरांत यह महोत्सव प्रारंभ हुआ। यहां 24 से 25 मार्च तक लाही मेला उत्सव मनाया गया। उत्सव में बच्चों एवं स्थानीय कलाकारों ने एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक परिस्थितियों देकर के उपस्थित श्रोताओं का दर्शकों का मन मोह लिया। तीन दिवसीय कार्यक्रम का सफल संचालन प्रसिद्ध कीर्तनकार उदय कुमार मिश्रा 'प्रेमी' एवं विद्वान शिक्षक सतीश कुमार मिश्रा के द्वारा किया गया। मां आदिशक्ति लाही महोत्सव में प्रमुख रूप से माता-पिता धाम कंधई पुर के महंत रामानुजाचार्य जी महाराज, व्यापार मंडल अध्यक्ष राजकुमार सोनी रानू ,सुधाकर अवस्थी डब्बू, सोनू बाजपेई, भाजपा नेता अतुल सोनी, भोला सोनी,सुरेश मिश्रा, सुप्रसिद्ध भजन गायिका अंशिका किशोरी, गोपाल मिश्रा, अनुराग, लवकुश भाई सहित सैकड़ो लोग उपस्थित थे।

## तालगांव जांच प्रकरण: 15 दिन बाद भी नहीं हुई कार्यवाही, सवालों के घेरे में प्रशासन





**सीतापुर।** विकासखंड परसेंडी की ग्राम पंचायत ताल गांव में ग्रामीणों की शिकायत पर हुई जांच अब प्रशासनिक सुस्ती का शिकार होती नजर आ रही है। मामले की जांच लोकायुक्त स्तर से की गई थी, जिसमें ग्राम प्रधान और ग्राम पंचायत सचिव को प्रथम दृष्टया दोषी माना गया। जांच आख्या आयुक्त, लखनऊ मंडल के पत्रांक 634 दिनांक 24 दिसंबर 2025 के माध्यम से उत्तर प्रदेश शासन को भेजी जा चुकी है। इसके बाद भी स्थानीय स्तर पर कार्रवाई का इंतजार बना हुआ है। मामले को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी सीतापुर द्वारा एक जांच टीम का गठन किया गया था, ताकि दोषियों के खिलाफ आगे की कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। लेकिन टीम गठन के लगभग 15 दिन बीत जाने के बावजूद अभी तक कोई ठोस कार्रवाई सामने नहीं आई है। सूत्रों के अनुसार, गठित जांच टीम में जिला पंचायत राज अधिकारी निरीश चंद्र साहू भी शामिल हैं, जिसको लेकर ग्रामीणों में असंतोष देखा जा रहा है। लोगों का आरोप है कि टीम की निष्क्रियता के कारण कार्रवाई में देरी हो रही है, जिससे पूरे प्रकरण की निष्पक्षता पर सवाल खड़े हो रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि जब उच्च स्तर की जांच में दोष तय हो चुका है, तो स्थानीय प्रशासन द्वारा कार्रवाई में देरी क्यों की जा रही है। वहीं, यह भी चर्चा है कि कहीं यह मामला सिर्फ औपचारिकता तक सीमित न रह जाए और फाइलों में दबकर रह जाए। अब बड़ा सवाल यह है कि जिलाधिकारी के आदेश के बावजूद जांच टीम कब तक अपनी रिपोर्ट सौंपेगी और दोषी प्रधान व सचिव पर वास्तविक कार्रवाई कब होगी। यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो प्रशासन की कार्यशैली पर गंभीर प्रश्नचिह्न लगना तय है।

## सड़क हादसों में एक युवक की मौत तीन लोग घायल



**मसौली बाराबंकी।** गोंडा बहराइच राष्ट्रीय राजमार्ग पर बीती रात्रि अलग अलग स्थानों पर हुई मार्ग दुर्घटना मे एक युवक की जिला अस्पताल मे मौत हो गयी तथा पिकप चालक सहित तीन लोग घायल हो गये जिन्हे जिला अस्पताल मे भर्ती कराया गया है। बीती रात्रि थाना क्षेत्र के सहावपुर के निकट पैदल जा रहे युवक को एक अज्ञात वाहन ने बुरी तरह से रौंद दिया सूचना पर पहुंची मसौली पुलिस ने युवक को जिला अस्पताल मे भर्ती कराया जहां इलाज के दौरान युवक की मौत हो गयी। मृतक की पहचान उदयराज पुत्र भगौती प्रसाद निवासी ग्राम मौथरी थाना जैदपुर के रूप मे हुई पुलिस ने पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

इसी क्रम मे इन्दौर से गोण्डा जा रही पिकअप असंतुलित होकर बिन्दौरा गांव के निकट सड़क के किनारे लगे एक पेड़ से टकरा गई। जिसमें चालक सहित आगे बैठे तीन लोग बुरी तरह फंस गए पुलिस और आस-पास के लोगों के घण्टों मसक्कत के बाद गम्भीर रूप से चालक सहित तीनों अन्य को सीएचसी बड़ागांव में भर्ती कराया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। गोण्डा जिले के सब्जी व्यवसाई अकील जनपद इन्दौर से भिन्डी लादकर पिकप से गोण्डा जा रहे थे कि गुरुवार की भोर करीब 5 बजे बिन्दौरा गांव के निकट पिकअप असंतुलित होकर सडक के किनारे पेड़ से टकरा हो गई। जिसमें जनपद इन्दौर के ग्राम मागपुर निवासी पिकप चालक पवन पुत्र गंगा राम , इन्दौर के मऊपुर निवासी अशोक पुत्र आशाराम बड़ागांव निवासी सावन पुत्र मिशाद पिकप मे बुरी तरह से फंस गये घटना के बाद आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए। मौजूद लोगों ने मसौली पुलिस को सूचना दी। उपनिरीक्षक राकेश यादव ने पुलिस बल के साथ पहुंचकर घण्टों मशक्कत के बाद एम्बुलेंस से सीएचसी बड़ागांव में भर्ती कराया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

## गैस के बाद अब डीजल, पेट्रोल के लिए मचा हाहाकार



**रायबरेली समृद्धि न्यूज़।** रायबरेली में गैस डीज़ल व पेट्रोल की वास्तविक सप्लाई और प्रशासनिक दावों में विरोधाभास नज़र आ रहा है। एक तरफ जहाँ जिले भर में गैस एजेंसियों व पेट्रोल पम्पों पर भारी भीड़ है वहीं प्रशासनिक दावा है कि सप्लाई चेन सामान्य है। उधर पेट्रोल पम्प सूत्रों के मुताबिक सप्लाई डिमांड अनुसार नहीं है। उनका कहना है कि पहले डीलर स्टॉक की व्यवस्था थी जिससे बिक्री बाधित नहीं हो रही थी। अब डिपो से तेल तब ही मिल रहा है जब स्टॉक निल हो। ऐसे मे बीच के समय बिक्री बाधित हो रही है। उधर इसने मामले में जिला पूर्ति अधिकारी उबैदुर्रहमान ने बताया है कि ऑयल कम्पनी के विक्रय अधिकारियों से प्राप्त सूचना/विवरण के अनुसार जनपद में पेट्रोल/डीजल का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है। उन्होंने जनपद के प्रोपराइटर/ प्रबन्धक समस्त डीजल/ पेट्रोल रिटेल आउटलेट को निर्देशित किया है कि अपने-अपने पेट्रोल/डीजल पम्प पर आने वाले ग्राहकों को इस हेतु आश्वस्त करें कि किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें, जनपद में डीजल एवं पेट्रोल का पर्याप्त भण्डार है। इस दौरान उन्होंने निर्देशित किया है कि किसी भी प्रकार की बोतल/ जरीकेन/ ड्रम आदि में पेट्रोल की निकासी/ बिक्री कदापि न की जाए तथा डीजल की बिक्री के समय यह ध्यान रखा जाए कि कोई भी ग्राहक अनावश्यक रूप से डीजल का क्रय कर जमाखोरी न करने पाए। उन्होंने पेट्रोल पंप मालिकों को कहा है कि उपभोक्ताओं को डीजल/पेट्रोल की आपूर्ति नियमानुसार करना सुनिश्चित करें।

# खबरें एक नजर में

## निर्माणाधीन इंटीग्रेटेड कोर्ट परिसर का न्यायमूर्ति इरशाद अली ने किया निरीक्षण



**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** इलाहाबाद हाई कोर्ट खंडपीठ लखनऊ के प्रशासनिक न्यायमूर्ति श्री इरशाद अली ने बुधवार को निर्माणाधीन इंटीग्रेटेड कोर्ट परिसर का स्थलीय निरीक्षण कर निर्माण कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान न्यायमूर्ति ने प्रस्तावित दीवानी न्यायालय के मॉडल का अवलोकन किया तथा निर्माण कार्यों की वर्तमान स्थिति की विस्तृत जानकारी ली। इस अवसर पर कार्यदायी संस्था लोक निर्माण विभाग, निर्माण खंड-2 अयोध्या के अधिशासी अभियंता उमेश चंद्र ने जानकारी देते हुए बताया कि इंटीग्रेटेड कोर्ट परिसर का निर्माण लगभग 220 करोड़ रुपये की लागत से कराया जा रहा है। इस अत्याधुनिक परिसर में 17 कोर्ट रूम, अधिवक्ताओं के लिए चैंबर, सुरक्षा ब्लॉक, आवासीय परिसर, पार्किंग सुविधा एवं हरित क्षेत्र जैसी व्यवस्थाएं विकसित की जा रही हैं। उन्होंने बताया कि परियोजना को 30 अप्रैल 2027 तक पूर्ण करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। निरीक्षण के दौरान न्यायमूर्ति इरशाद अली ने 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत पौधारोपण भी किया। न्यायमूर्ति के आगमन पर जनपद के अधिवक्ता गणों ने उनका माला पहनाकर भव्य स्वागत किया। इस मौके पर विशेष कार्याधिकारी राममिलन सिंह, जिलाधिकारी संजय चौहान, पुलिस अधीक्षक सरवणन टी, उपजिलाधिकारी गौरीगंज प्रीति तिवारी सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी, अधिवक्तागणों में जिला बार एसोसिएशन अध्यक्ष महेश चंद्र शुक्ल, सेंट्रल बार एसोसिएशन अध्यक्ष पृथ्वीराज मिश्रा, महामंत्री संतोष शुक्ल, संस्थापक सूर्य प्रकाश तिवारी, उमाशंकर पांडेय सहित अन्य अधिवक्ता गण एवं संबंधित विभागों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## उत्सव के रूप में मनाया गया परीक्षा फल वितरण

**सलोन रायबरेली समृद्धि न्यूज़।** प्रगति पत्र वितरण करना विद्यालय के लिए एक महत्वपूर्ण आयोजन होता है। जहां छात्र-छात्राओं के शैक्षणिक विकास का मूल्यांकन कर अभिभावकों को प्रगति से अवगत कराना है।अंकों का विवरण नहीं बल्कि बच्चों के रचनात्मक भावनात्मक के विकास और रुचियों का समग्र चित्रण करना प्रदान करता है। सलोन विकास क्षेत्र के नूरुद्दीनपुर स्थित चाइल्ड वेलफेयर कॉन्वेंट स्कूल में वार्षिक अंक पत्र वितरण समारोह का कार्यक्रम आयोजित किया गया।जहां उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं समेत सभी को पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया।वही रिपोर्ट कार्ड पाकर बच्चों में खुशी देखने को मिली।छात्र दिव्यांशु को ओलंम्पियड मैथ परीक्षा में प्रथम स्थान आने पर विद्यालय द्वारा साइकिल भेंट की गई।



## व्यापार मंडल द्वारा रामनवमी पर निकल जाएगी भव्य शोभायात्रा

**महराजगंज रायबरेली समृद्धि न्यूज़।** अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के द्वारा निकल जाएगी रामनवमी पर भगवान श्री राम की शोभायात्रा ।अखिल भारतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल नगर इकाई महराजगंज के द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया कि विगत वर्षो की भांति इस वर्ष भी रंधावा रोड शांति नगर से राम जयसवाल के ठाकुरद्वारा से दिनांक 27,3,26 दिन शुक्रवार समय 3:00 बजे से निकली जाएगी जिसकी सभी तैयारियां कर ली गई है जिन मार्गो से भगवान श्री राम जी की यात्रा निकाली जाएगी उन मार्गो को भगवान के झंडे होर्डिंग से सजाया गया है व्यापार मंडल अध्यक्ष रिंकू जायसवाल ने बताया कि भगवान श्री राम जी की शोभा यात्रा कस्बे के प्रमुख मार्गो से निकली जाएगी।

## होटल ढाबों में धड़ल्ले से हो रहा है घरेलू गैस सिलेंडर का इस्तेमाल



**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** जनपद में होटल और ढाबा संचालकों द्वारा बड़े पैमाने पर घरेलू गैस सिलेंडरों के अवैध इस्तेमाल का मामला प्रकाश में आने से अब तूल पकड़ता जा रहा है। स्थानीय सूत्रों और नागरिकों के अनुसार, जिले में होटल संचालक कॉमर्शियल गैस सिलेंडर की जगह ज्यादातर घरेलू सिलेंडरों का उपयोग कर रहे हैं, जिससे नियमों के उल्लंघन के साथ साथ सरकारी राजस्व को भी भारी नुकसान हो रहा है। मिली जानकारी के मुताबिक, होटल संचालक घरेलू सिलेंडरों को खरीदकर उन्हें बार-बार रिफिल कराते हैं और उसी से पूरे होटल का संचालन करते हैं। बाहर से ये होटल ढाबे भट्ठी या कोयले के उपयोग का दिखावा करते हैं, ताकि जांच के दौरान किसी को शक न हो। लेकिन अंदर की हकीकत कुछ और ही है। नियमानुसार, किसी भी व्यावसायिक प्रतिष्ठान में घरेलू गैस सिलेंडर का उपयोग पूरी तरह प्रतिबंधित है। इसके लिए विशेष रूप से कॉमर्शियल सिलेंडर का उपयोग अनिवार्य किया गया है। इसी लागत से बचने के लिए यह अवैध खेल चल रहा है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि इस पूरे मामले की जानकारी संबंधित सप्लाई इंस्पेक्टर और विभागीय अधिकारियों को होने के बावजूद बड़े होटलों पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है।

## रक्षा मंत्री से मुलाकात कर सांसद के.एल. शर्मा ने महत्वपूर्ण मुद्दों पर की वार्ता



**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** सांसद किशोरी लाल शर्मा ने देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से मुलाकात कर जनहित संबंधी महत्वपूर्ण मुद्दों पर बातचीत की है। उन्होंने अमेठी स्थित सेना भर्ती कार्यालय के स्थानांतरण के विषय में उन्हें अवगत कराया कि वर्ष 1988 से स्थापित यह कार्यालय अमेठी सहित आसपास के लगभग 13 जनपदों के युवाओं को भारतीय सेना में सेवा का अवसर प्रदान करता रहा है। इसके स्थानांतरण से क्षेत्र के हजारों युवाओं को कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने रक्षा मंत्री से स्थानांतरण को निरस्त करने की मांग की। इसके साथ ही क्षेत्रीय शैक्षिक संस्थानों से जुड़े एक महत्वपूर्ण मुद्दे को भी उनके समक्ष रखा कि इंडो-रशिया राइफल्स प्राइवेट लिमिटेड एवं आयुध निर्माणी, कोरवा अमेठी से जुड़े कर्मचारियों के बच्चों के लिए एचएएल द्वारा संचालित विद्यालय में शुल्क संरचना में असमानता पाई जा रही है। एक ही मंत्रालय के अधीन संस्थानों के बावजूद फीस में अंतर होने से कर्मचारियों में असंतोष है। उन्होंने रक्षा मंत्री से इस विषय में पारदर्शिता एवं समानता सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक निर्देश जारी करने का आग्रह किया। सांसद जी द्वारा विश्वास जताया गया है कि रक्षा मंत्री दोनों मुद्दों को गंभीरता से लेते हुए आवश्यक कार्रवाई करेंगे।

## बैंक शाखा प्रबन्धकों संग एसपी ने की गोष्ठी



**अमेठी समृद्धि न्यूज़।**

जनपद पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. द्वारा बृहस्पतिवार को पुलिस कार्यालय गौरीगंज में जनपद के बैंक शाखा प्रबंधकों के साथ बैंकिग सुरक्षा को सुदृढ़ बनाये जाने एवं साइबर अपराध की रोकथाम व आमजन की धनराशि की सुरक्षा सुनिश्चित करने के संबन्ध में गोष्ठी का आयोजन किया गया। बैठक में पुलिस अधीक्षक द्वारा निर्देशित किया गया कि सभी बैंक शाखाओं में सीसीटीवी कैमरे व फायर अलार्म पूर्ण रूप से कार्यशील स्थिति में रहें तथा कैमरों की रिकॉर्डिंग सुरक्षित रखी जाए। बैंक परिसर में आने-जाने वाले संदिग्ध व्यक्तियों पर विशेष निगरानी रखने के निर्देश भी दिए गए। इसके अतिरिक्त, एटीएम बूथों की सुरक्षा, गार्ड की अनिवार्य तैनाती तथा समय-समय पर सुरक्षा ऑडिट कराने पर बल दिया गया। साइबर अपराधों के बढ़ते मामलों को देखते हुए बैंक मैनेजरों को ग्राहकों को जागरूक करने हेतु कहा गया कि ओटीपी, पिन या बैंक संबंधी गोपनीय जानकारी किसी के साथ साझा न करें। किसी भी संदिग्ध लेन-देन या धोखाधड़ी की सूचना तत्काल साइबर क्राइम थाना एवं स्थानीय पुलिस को देने के निर्देश दिए गए। बैंक अधिकारियों को पुलिस विभाग से समन्वय स्थापित कर वित्तीय अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण लगाये जाने हेतु निर्देशित किया गया। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह व अन्य अधिकारी कर्मचारीगण मौजूद रहे।

## नवनिर्माण के नौ वर्ष नौ दिवसीय मेले का हुआ समापन



▸ छात्राओं ने प्रस्तुत किए सांस्कृतिक कार्यक्रम

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** जिला पंचायत रिसोर्स सेंटर गौरीगंज में आयोजित 'नवनिर्माण के नौ वर्ष' थीम पर आधारित नौ दिवसीय मेला बृहस्पतिवार को समाप्त हो गया। पूरे आयोजन के दौरान विभिन्न विभागों ने आमजन को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से अवगत कराया, जिससे बड़ी संख्या में लोगों ने लाभकारी योजनाओं की जानकारी प्राप्त की। मेले में सूचना, स्वास्थ्य, महिला कल्याण, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, उद्योग, कृषि, समाज कल्याण, जल जीवन मिशन, बैंकिंग एवं कौशल विकास विभागों द्वारा आकर्षक स्टॉल लगाए गए थे। समापन समारोह के अवसर पर कार्यक्रम का माहौल सांस्कृतिक रंगों से सराबोर रहा। बेसिक शिक्षा विभाग की छात्राओं द्वारा प्रस्तुत किए गए विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। इस अवसर पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय तिवारी ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों एवं प्रतिभाशाली बच्चों को प्रशस्ति पत्र एवं पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. रमेश सिंह ने कुशलतापूर्वक किया, जिससे पूरा आयोजन सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हुआ। इस नौ दिवसीय मेले के सफल आयोजन से आमजन को विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी एक ही मंच पर उपलब्ध कराई गई, जो जनहित में एक सराहनीय पहल साबित हुई।

## एटीएम बूथ में चोरी के प्रयास का पुलिस ने किया खुलासा



**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** रात्रि में चोरों द्वारा बैंक ऑफ बड़ौदा शाखा ऐंधी में लगे एटीएम मशीन व कैमरों से तोड़-फोड़ करते हुये एटीएम में चोरी करने के प्रयास की घटना का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। बैंक मैनेजर जितेन्द्र कुमार पुत्र सोनकर बाबू से प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना गौरीगंज पर मुकदमा पंजीकृत किया गया था। पुलिस अधीक्षक द्वारा घटना के शीघ्र अनावरण व अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु आवश्यक निर्देश दिये गये थे। बृहस्पतिवार को थाना गौरीगंज पुलिस व स्वाट टीम की संयुक्त टीम द्वारा बाबूगंज बाजार में 'ऑपरेशन चक्रव्यूह' अभियान के तहत चेकिंग के दौरान 2 मोटरसाइकिल सवार कुल 3 संदिग्ध व्यक्तियों को पुलिस टीम द्वारा पकड़ कर नाम व पता पूछने पर पहले ने अपना नाम सोनू गुप्ता पुत्र रमेश कुमार गुप्ता निवासी कूढ़ा बाजार थाना नसीराबाद जनपद रायबरेली, दूसरे ने कपिल गुप्ता पुत्र दुलारे गुप्ता निवासी कूढ़ा बाजार थाना नसीराबाद व तीसरे ने अपना नाम करन पासवान पुत्र रामसरन निवासी बनी स्टेशन के पास ऐंधी थाना गौरीगंज बताया। पकड़े गये व्यक्तियों के कब्जे से 3 स्टाल कपड़ा, एक एटीएम मशीन की-बोर्ड, 2 सीसीटीवी कैमरा बरामद हुए हैं। पूछताछ करने पर उन तीनों लोगों ने बताया कि स्टाल ओढ़कर पहचान छिपाते हुये ऐंधी में बैंक ऑफ बड़ौदा एटीएम मशीन को तोड़कर उसमें रखे रुपयों को निकालने का प्रयास किया परन्तु पुलिस वाहन के आवागमन के कारण मशीन को खोल नहीं पाये और एटीएम के पास लगे कैमरों व एटीएम मशीन के की-बोर्ड को तोड़कर चुरा ले गये थे। अभियुक्तों की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त लोहे की पाइप व हथौड़ी को गुवांवा मोड़ के सामने रेलवे लाइन के पास झाड़ियो से बरामद किया गया है। बरामदगी के आधार पर गौरीगंज पुलिस द्वारा अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। थाना गौरीगंज पुलिस व स्वाट सर्विलांस टीम अमेठी की संयुक्ट टीम को पुलिस अधीक्षक द्वारा 15,000/- रुपये नकद पुरस्कार प्रदान करने की घोषणा की गई है।

## डीएम की अध्यक्षता में बैंकर्स की जनपद स्तरीय सलाहकार समिति की बैठक आयोजित

**समृद्धि न्यूज़, सीतापुर।**



जिलाधिकारी डॉ0 राजागणपति आर0 की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में बैंकर्स की जनपद स्तरीय सलाहकार समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान केंद्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने बैठक में उपस्थित सभी बैंकों एवं संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि योजनाओं का लाभ पात्र लाभार्थियों तक समयबद्ध, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण तरीके से सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की लापरवाही, अनावश्यक विलंब अथवा उदासीनता स्वीकार नहीं की जाएगी। जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि सभी बैंक लक्ष्य के अनुरूप ऋण जमा अनुपात सुनिश्चित करें। खराब प्रगति वाली बैंकों के अधिकारियों को सुधार के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं जैसे सी0एम0 युवा उद्यमी योजना, पी0एम0 स्वनिधि योजना, एन0आर0एल0एम0 सहित अन्य योजनाओं में लक्ष्य के अनुरूप पात्रों को लाभान्वित किया जाये। अस्वीकृत किये गये आवेदनों की पुनः समीक्षा किये जाने के निर्देश भी जिलाधिकारी ने दिये। उन्होंने कहा कि बिना पर्याप्त कारण के कोई भी आवेदन अस्वीकृत न किया जाये। लम्बित आवेदनों के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश जिलाधिकारी ने दिये। समस्त सरकारी विभागों को निर्देशित किया कि निरस्त किए गए आवेदन को पुनः बैंकों को प्रेषित करे। मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान (सी0एम0 युवा) योजना की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना के अंतर्गत विभिन्न बैंकों में प्रेषित किए गए आवेदनों पर ऋण स्वीकृति तथा स्वीकृत ऋणों के सापेक्ष ऋण वितरण की बैंकवार विस्तृत समीक्षा की।

# निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का हुआ आयोजन

**गुरसहायगंज कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

रामकृष्ण नगर के निवासियों के लिए एक महत्वपूर्ण पहल के तहत प्रातः 10बजे नलकूप के सामने स्थित चकोर यज्ञशाला में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्देश्य क्षेत्र के लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना तथा उन्हें प्राथमिक चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराना है। स्वास्थ्य शिविर का संचालन बीड़ी श्रमिक टी.बी. अस्पताल के मुख्य चिकित्सक डॉ. मुकेश गोला के नेतृत्व में किया जाएगा।



शिविर के दौरान विभिन्न प्रकार की बीमारियों के लक्षण, बचाव और उपचार के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। विशेष रूप से मौसमी बीमारियों, टी.बी., सांस संबंधी रोगों तथा सामान्य स्वास्थ्य समस्याओं पर विशेषज्ञ सलाह उपलब्ध कराई जाएगी। शिविर में आने वाले मरीजों की प्राथमिक जांच की जाएगी और आवश्यकता के अनुसार उन्हें निःशुल्क दवाओं का वितरण भी किया गया। इसके साथ ही लोगों को स्वच्छता, संतुलित आहार और नियमित स्वास्थ्य जांच के महत्व के बारे में भी जागरूक किया गया , ताकि वे भविष्य में गंभीर बीमारियों से बच सकें। आयोजकों का मानना है कि इस प्रकार के स्वास्थ्य शिविर ग्रामीण और कस्बाई क्षेत्रों में रहने वाले लोगों के लिए बेहद लाभकारी साबित होते हैं, क्योंकि यहां अक्सर लोग छोटी-छोटी बीमारियों को नजरअंदाज कर देते हैं, जो आगे चलकर गंभीर रूप ले सकती हैं। ऐसे में समय पर जांच और सही सलाह मिलना बेहद जरूरी होता है। क्षेत्र के सम्मानित नागरिकों से अपील की गई है कि वे इस अवसर का अधिक से अधिक लाभ उठाने के लिए निर्धारित समय पर पहुंचकर अपने स्वास्थ्य की जांच कराई। साथ ही अपने परिवार और आसपास के लोगों को भी इस शिविर के बारे में जानकारी देकर उन्हें शामिल होने के लिए प्रेरित किया। यह स्वास्थ्य शिविर न केवल लोगों को मुफ्त चिकित्सा सुविधा प्रदान की गई , बल्कि उन्हें स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए भी प्रेरित किया गया , जिससे समाज में स्वास्थ्य के प्रति जागरूक हो सके शिविर का आयोजन और देखरेख मोहित आर्य और सिंकू प्रजापति ने की।जहाँ नगर के सचिन प्रजापति अमित प्रजापति, राहुल आर्य, पवन पाल, दीपचंद्र, तनिष्क, कुशाग्र, संदीप प्रजापति, ऋषभ, विनीत वर्मा,मनोज, विशाल प्रजापति आदि लोग मौजूद रहें।

## छत ढहने से मलबे में दबी युवती की हालत गंभीर

**छिबरामऊ, कन्नौज।** प्रेमपुर चौकी क्षेत्र के सैंसारपुर गांव में छत ढह जाने से एक युवती मलबे में दबकर गंभीर रूप से घायल हो गई। उसे इलाज के लिए सौ शैया अस्पताल से मेडिकल कॉलेज तिर्वा रेफर कर दिया गया है। ग्राम सैंसारपुर लोधापुर निवासी सुजाता (23) पुत्री सतेंद्र कुमार दुबे अपने घर की ही छत पर किसी काम से गई हुई थी।

अचानक पुरानी छत ढह जाने के कारण वह नीचे कमरे में जा गिरी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। परिजन उसे सौ शैया अस्पताल लेकर पहुंचे, वहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टर ने उसकी हालत गंभीर देख उसे मेडिकल कॉलेज तिर्वा रेफर कर दिया। युवती की हालत गंभीर बनी हुई है।

# सुशांत श्री का भक्ति गीत टी-सीरीज पर लॉन्च

▸ छिबरामऊ महोत्सव की प्रतिभा रहे हैं सुशांत श्री

**छिबरामऊ , कन्नौज समृद्धि न्यूज।**




रामनवमी की पूर्व संध्या पर छिबरामऊ महोत्सव की एक और बड़ी उपलब्धि सामने आई है। महोत्सव में सिंगिंग स्टार बने स्थानीय प्रतिभा सुशांत श्री का भक्ति गीत राम श्री राम देश की प्रसिद्ध संगीत कंपनी टी-सीरीज द्वारा लॉन्च कर दिया गया है। महोत्सव के संस्थापक गौरव त्रिपाठी ने इस उपलब्धि पर खुशी जताते हुए कहा यह न केवल सुशांत श्री की व्यक्तिगत सफलता है, बल्कि पूरे छिबरामऊ क्षेत्र की सांस्कृतिक पहचान के लिए गौरव की बात है। स्थानीय मंच से राष्ट्रीय प्लेटफॉर्म तक पहुंचना साबित करता है कि सही अवसर मिलने पर प्रतिभाएं कितनी दूर तक अपनी छाप छोड़ सकती हैं। गौरव त्रिपाठी ने यह भी बताया कि इससे पहले महोत्सव की प्रतिभा प्रशंसा वर्मा टी-सीरीज की स्टेजवर्क एकेडमी का हिस्सा रह चुकी हैं, लेकिन सुशांत श्री का गाना सीधे टी-सीरीज द्वारा लॉन्च किया गया है। इस मौके पर महोत्सव अध्यक्ष इंदिरा दुबे, संजीव चौहान, अरुणेश चतुर्वेदी, शशिकांत शुक्ला, राजेश सक्सेना, प्रदीप प्रधान, हर्षदीप, गुलशन, लकी पॉल सहित नगर के अनेक संगीत प्रेमियों ने सुशांत श्री को बधाई दी और अपनी प्रसन्नता व्यक्त की है।

# अष्टमी पर मन्दिरों में उमड़ी भक्तों की भीड़

▸ श्रद्धालुओं ने झण्डा एवं घंटा चढ़ा मनौतियां मांगी

**छिबरामऊ , कन्नौज समृद्धि न्यूज।**

नगर के सिद्धपीठ मां कालिका देवी मन्दिर, गमा देवी मन्दिर एवं अन्य देवी मन्दिरों में मां दुर्गा के अष्टम स्वरुप मां महागौरी की पूजा अर्चना करने भक्तों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी।



शारदीय नवरात्रि के आठवें दिन नगर के सौरिख रोड स्थिति सिद्धपीठ मां कालिका देवी मन्दिर पर मां महागौरी की पूजा अर्चना करने सुबह से ही भक्तों का जनसैलाब उमड़ पड़ा। हर कोई मां महागौरी के श्रृंगार को देखने के लिए लालायित दिखाई दे रहा था। मां कालिका देवी सिद्धपीठ मंदिर के पुजारी पंडित विजय शुक्ला ने बताया कि पुराणों के अनुसार मां महागौरी का स्वरुप हम लोगों को अलौकिक तेज प्रदान करता है। शास्त्रों में माता गौरी की अवस्था आठ वर्ष की मानी गयी है। माता की चार भुजायें शान्ति स्वरुप हैं। उन्होंने महाशिवशंकर की प्राप्ति हेतु कठोर तपस्या की, जिससे मां महागौरी का शरीर धूल मिट्टी से ढककर मलीन हो गया था। तब महादेव ने इनके शरीर को धोया इससे मां महागौरी का स्वरुप गौर हो गया और तभी से वह मां महागौरी के नाम से प्रख्यात हुईं। उन्होंने बताया कालिका देवी मन्दिर पर दर्शन करने ग्रामीण क्षेत्र से श्रद्धालुओं का जत्था आता है और वह मन्दिर पर झण्डे, नेजा एवं घण्टों को चढ़ाकर माता से मनौतियां मांगते हैं। बहुत से श्रद्धालु मइया के दरबार में पहुंचकर अपने बच्चों का मुण्डन संस्कार करवाना शुभ मानते है। इस सिद्धपीठ मन्दिर के दर्शन करने से ही भक्तों की मनोकामनायें पूर्ण हो जाती हैं। मन्दिर के आसपास मेले जैसा दृश्य रहता है।

# बाइक बचाने के प्रयास में ऑटो पलटा, मां-बेटी समेत कई घायल

▸ शटरिंग लगवाने के लिए ऑटो से जा ही रही थी महिला

**छिबरामऊ , कन्नौज समृद्धि न्यूज।**



जीटी रोड हाईवे पर सिकंदरपुर कस्बे में अस्पताल के सामने बाइक को बचाने के प्रयास में अचानक आटो अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में मां-बेटी समेत कई लोग घायल हो गए। गंभीर घायल मां-बेटी को सौ शैया अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जबकि अन्य घायल प्राइवेट अस्पताल में इलाज कराकर अपने गंतव्य को रवाना हो गए। सिकंदरपुर चौकी क्षेत्र के रायपुर निवासी जगवती (38) पत्नी अखिलेश शाक्य अपनी पुत्री स्वेता के साथ गांव से सिकंदरपुर अपने घर के निर्माण हेतु शटरिंग लगवाने के लिए ऑटो से जा ही रही थी। सिकंदरपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के ठीक सामने बाइक को बचाने के प्रयास में ऑटो अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में ऑटो में बैठी सभी सवारियां गंभीर रूप से घायल हो गई। वहां स्थानीय लोगों की मदद से श्वेता और जगवती को एंबुलेंस से सौ शैय्या अस्पताल भिजवाया गया, जबकि और सभी सवारियां अपना प्राइवेट उपचार करवा रही है।

# मरीजों को मिलेगा बेहतर व त्वरित उपचार : असीम अरुण

▸ कन्नौज मेडिकल कॉलेज में ब्लड कंपोनेंट यूनिट व ऑक्सीजन प्लांट का उद्घाटन

**तिर्वा , कन्नौज समृद्धि न्यूज।**



गुरुवार को मेडिकल कॉलेज में स्वास्थ्य सुविधाओं को सुदृढ़ करने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए ब्लड कंपोनेंट सेपरेशन यूनिट और ऑक्सीजन प्लांट का उद्घाटन किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में समाज कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने भाजपा विधायक कैलाश राजपूत और जिलाध्यक्ष वीर सिंह के साथ संयुक्त रूप से दोनों सुविधाओं का शुभारंभ किया। यह उद्घाटन आवश्यक लाइसेंस मिलने के बाद संपन्न हुआ। मेडिकल कॉलेज प्रशासन के अनुसार, ब्लड कंपोनेंट सेपरेशन यूनिट के शुरू होने से अब मरीजों को प्लेटलेट्स, प्लाज्मा समेत अन्य रक्त अवयवों के लिए बाहर नहीं जाना पड़ेगा।

इससे आपातकालीन स्थितियों में समय की बचत होगी और मरीजों को तत्काल उपचार मिल सकेगा। मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. सीपी पाल ने बताया कि ऑक्सीजन प्लांट के शुरू होने से अस्पताल में ऑक्सीजन की उपलब्धता सुनिश्चित हो जाएगी। इससे गंभीर मरीजों के इलाज में किसी प्रकार की बाधा नहीं आएगी और स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार होगा। कार्यक्रम के दौरान प्राचार्य डॉ. सीपी पाल, सीएमएस डॉ. दिलीप सिंह, ब्लड बैंक प्रभारी डॉ. अनीता ओमहरे सहित अन्य चिकित्सक, स्टाफ व जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### निःशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर 29 मार्च को

**छिबरामऊ, कन्नौज।** सुखराम सिंह कुसुमलता इंटर कॉलेज कुंवरपुर करनौली में निःशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन 29 मार्च को लगेगा। यह जानकारी देते हुए देव कुमार यादव ने बताया यह शिविर 29 मार्च दिन रविवार को प्रातः 9 बजे से 1 बजे तक लगेगा। इस शिविर में जांच के बाद मोतियाबिंद ऑपरेशन के मरीजों को लैंस, दवा, भोजन एवं कानपुर जाने व वापस छोड़ने की व्यवस्था निशुल्क की जाती है। सभी लोग अपने आधार कार्ड की फोटोकॉपी व मोबाइल नंबर शिविर स्थल पर अवश्य लाएं।

### रामजानकी मंडपम में स्थापित देवी देवताओं की हुई सजावट



**गुरसहायगंज, समृद्धि न्यूज।** नवरात्रि एवं राम नवमी के पर्व पर जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने नगर के जीटी रोड स्थित राम जानकी मंदिर की भव्य सजावट सुनिश्चित करने के लिए अहम कदम उठाया है। विगत दिनों जिलाधिकारी द्वारा जारी आदेश के अनुसार नगर के राम मंदिर में स्थित देवी देवताओं की, सजावट के लिए विगत दिनों से 20 किलो फूल उपलब्ध कराए जा रहे हैं। इस निर्णय से श्रद्धालुओं में खुशी की लहर दिखाई दी राम जानकी मंडपम के मुखिया जिलाधिकारी का कहना है कि त्योहारों के दौरान मंदिरों में बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचते हैं। ऐसे में मंदिर की सुंदरता और स्वच्छता बनाए रखना जरूरी है। फूलों से सजावट न केवल वातावरण को आकर्षक बनाती है, बल्कि धार्मिक भावनाओं को भी प्रबल करती है। इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए यह आदेश जारी किया गया है। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि मंदिर में समय से फूलों की आपूर्ति व साफ सफाई सुनिश्चित की जाए। साथ ही यह भी कहा गया है कि फूलों की गुणवत्ता अच्छी हो और उनका उपयोग केवल सजावट के लिए ही किया जाए। प्रशासन ने आम जनता से भी अपील की है कि वे मंदिरों में स्वच्छता बनाए रखने में सहयोग करें और धार्मिक कार्यक्रमों को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराएं। इस पहल से जिले के मंदिरों में त्योहारों के दौरान विशेष आकर्षण दिखाई दे रहा है।

### धनुष यज्ञ का भव्य मंचन देख दर्शक हुए रोमांचित



**छिबरामऊ , कन्नौज समृद्धि न्यूज।** आवास विकास कॉलोनी के गांधी पार्क में चल रही श्रीमद भागवत कथा के दौरान बुधवार की रात धनुष यज्ञ का प्रभावशाली मंचन प्रस्तुत किया गया। राम-सीता स्वयंवर की लीला देख दर्शकों में भक्ति और रोमांच की लहर दौड़ गई। पात्रों के अभिनय, संवादों और दृश्यों ने पूरे माहौल को राममय बना दिया। मुख्य अतिथि पूर्व पालिकाध्यक्ष राजीव दुबे ने राम-लक्ष्मण की आरती उतारी। इस अवसर पर उन्होंने कहा धनुष यज्ञ केवल एक लीला नहीं, बल्कि सत्य, धर्म और भक्ति की विजय का प्रतीक है। आज का यह मंचन हमें प्रेरित करता है कि कठिनाइयों का सामना करते हुए भी हम अपने कर्तव्य का पालन करें। भगवान राम की कथा आज भी प्रासंगिक है और समाज को सही मार्ग दिखाती है। कार्यक्रम के आयोजक अतुल कुमार दुबे एवं कमेटी के अध्यक्ष स्वदेश पाल ने माल्यार्पण व अंगवस्त्र भेंट कर राजीव दुबे का हार्दिक स्वागत किया। उन्होंने कहा इस पावन कथा के माध्यम से हम क्षेत्रवासियों को राम भक्ति का संदेश दे रहे हैं। धनुष यज्ञ कार्यक्रम में कानपुर से आए कलाकारों रामजी बने ओमजी अवस्थी, लक्ष्मण बने रामजी पाण्डेय, परशुराम बने आशीष अवस्थी, जनक बने हरिश्चन्द्र त्रिपाठी, रावण बने अजय कुमार शुक्ल एडवोकेट (कन्नौज), वाणासुर बने स्वामी त्रिवेदी, व्यास जी रामप्रशाद द्विवेदी, हास्य कलाकार आनन्द पाण्डेय एवं वादक हरिओम शरण ने दर्शकों को रोमांचित कर दिया। इस भव्य कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे और उन्होंने पूरे मंचन का भरपूर आनंद लिया।

# भाजपा पदाधिकारी के स्वागत का सिलसिला जारी

**गुरसहायगंज कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष वीर सिंह भदोरिया द्वारा जिला कार्यकारिणी के नवनियुक्त पदाधिकारी का स्वागत का सिलसिला चल रहा है जिसके अंतर्गत नगर में जिला मंत्री कोषाध्यक्ष सहित पदाधिकारी का पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि द्वारा फूल मालाओं से लाद कर पदाधिकारी का भव्य स्वागत किया गया। नगर के जीटी रोड स्थित भाजपा नेता सुगम दुबे के प्रतिष्ठान पर नवनियुक्त जिला कमेटी के जिला महामंत्री संजीव कुमार गुप्ता संजू भैया तथा वरिष्ठ भाजपा नेता जिला कोषाध्यक्ष संतोष चतुर्वेदी जिला महामंत्री इतेंद्र राजपूत जिला उपाध्यक्ष गौरव द्विवेदी सहित नव मनोनीत पदाधिकारी का नगर पालिका अध्यक्ष मुन्नी देवी गुप्ता के प्रतिनिधि मयंक गुप्ता ने संयुक्त रूप से पदाधिकारी का स्वागत किया इस दौरान उन्होंने कहां की भाजपा ने नगर के पदाधिकारी को भाजपा में काम करने का अवसर प्रदान किया है जिसके लिए जिला अध्यक्ष सहित हाई कमान बधाई का पात्र है उन्होंने आवाहन किया कि भाजपा के सभी नव मनोनीत पदाधिकारी एकजुट होकर विधानसभा 27 के चुनाव में भाजपा का परचम लहराएंगे । इस मौके पर भारतीय जनता पार्टी के नगर अध्यक्ष धर्मेंद्र कौशल पूर्व नगर अध्यक्ष दीपू शर्मा पूर्व नगर अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी अनुराग गुप्ता सुमग दुबे नीरज मिश्रा उमाकांत सैनी के अलावा नगर व ग्रामीण क्षेत्र से आए भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# नवनियुक्त भाजपा पदाधिकारियों का सम्मान, संगठन मजबूती पर जोर

▸ आगामी चुनावों को लेकर पूरी तरह से संगठन है तैयार असीम अरुण

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



शहर स्थित भाजपा जिला कार्यालय में गुरुवार को नवनियुक्त जिला पदाधिकारियों व कार्यसमिति सदस्यों के सम्मान में समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में समाज कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने शिरकत कर नई टीम को शुभकामनाएं दीं।

समारोह के दौरान संगठन की आगामी कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा की गई। वर्षभर विभिन्न कार्यक्रमों के सफल संचालन के लिए अलग-अलग समितियों के गठन का निर्णय लिया गया। साथ ही कार्यालय व्यवस्था को और सुदृढ़ करने तथा बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत बनाने पर जोर दिया गया। राज्यमंत्री असीम अरुण ने अपने संबोधन में कहा कि पार्टी आगामी विधानसभा और पंचायत चुनावों के लिए पूरी तरह तैयार है। उन्होंने कहा कि 'सबका साथ, सबका विकास' के मूल मंत्र के साथ संगठन कार्य कर रहा है और नई कार्यकारिणी जिलाध्यक्ष वीर भदौरिया के नेतृत्व में विकास कार्यों को नई गति देगी। उन्होंने कार्यकर्ताओं से संगठन की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने और केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं का लाभ हर पात्र व्यक्ति तक सुनिश्चित कराने का आह्वान किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में जिला पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# सम्राट अशोक जयंती पर संगोष्ठी, सामाजिक समरसता पर जोर

▸ भाजपा पर इतिहास मिटाने का आरोप

▸ अशोक जयंती पर सार्वजनिक अवकाश की उठी मांग

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



नसरापुर स्थित समाजवादी पार्टी जिला कार्यालय पर मंगलवार को सम्राट अशोक की जयंती के अवसर पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सामाजिक समरसता, ऐतिहासिक चेतना और पिछड़े, दलित व आदिवासी वर्गों की राजनीतिक भागीदारी पर विशेष चर्चा की गई।

कार्यक्रम की अध्यक्षता सपा जिलाध्यक्ष कलीम खान ने की, जबकि संचालन विधानसभा अध्यक्ष प्रवल प्रताप सिंह ने किया। कलीम खान ने अपने संबोधन में कहा कि सम्राट अशोक ने समाज को जोड़ने, ज्ञान के प्रसार और न्यायपूर्ण शासन की नींव रखी थी। समाजवादी पार्टी उन्हीं आदर्शों को आगे बढ़ाने का कार्य कर रही है।पूर्व विधायक कल्यान सिंह दोहरे और वरिष्ठ नेता जय कुमार तिवारी 'बऊअन' ने अशोक जयंती पर सार्वजनिक अवकाश घोषित करने की मांग की। उन्होंने कहा कि सम्राट अशोक ने सत्ता को जनकल्याण का माध्यम बनाकर अखंड भारत का निर्माण किया, लेकिन वर्तमान सरकार उनके इतिहास को दबाने का प्रयास कर रही है।सपा नेताओं ने भाजपा पर समाज को धर्म और जाति के आधार पर बांटने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव के नेतृत्व में समावेशी और न्यायपूर्ण उत्तर प्रदेश का निर्माण संभव है। हसीब हसन और प्रवल प्रताप सिंह ने कहा कि अशोक का अहिंसा और नीति का मार्ग आज भी प्रासंगिक है। कार्यक्रम में राकेश कठेरिया, शकील अहमद, सुनील दिवाकर सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# मंदिर से चोरों ने पार की दान पेटी व सीमेंट की बोरियां

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

शातिर चोरों का आतंक और दुस्साहस एक बार फिर सामने आया है। जिले के एक शिव मंदिर से शातिर चोरों ने जहां मौका पाकर मंदिर की दान पेटी को पार कर दिया वहीं मंदिर परिसर में ही बिजली लाइन के कार्य हेतु रखी सीमेंट की बोरियां भी पार कर दी गईं। बताते चलें कि मामला कन्नौज जिले के थाना सौरिख के हरिभानपुर गांव का है। मंदिर परिसर के अध्यक्ष विनीत सिंह ने बताया कि, बीती रात मंदिर में चोरी की वारदात को अंजाम दिया गया। उन्होंने घटना को लेकर बताया कि, मंदिर परिसर में पहुंचकर ताले तोड़े गए और शिव मंदिर की दान पेटी तोड़ने के बाद उसमें मौजूद नकदी को भी पार कर दिया गया । इतना ही नहीं बिजली विभाग द्वारा 33 हजार लाइन के कार्य हेतु रखी गई सीमेंट की बोरियां जो विगत दिन एक ट्रक पलटने के बाद मंदिर परिसर में रखी गईं थीं, इनको भी परिसर के रैन बसेरे से पार कर दिया गया। अध्यक्ष ने बताया कि, मंदिर और रैन बसेरा से जुड़ा मामला न्यायालय में विचाराधीन है, इसके अलावा इस पर स्टे भी लगा हुआ है। ऐसे में चोरी की वारदात ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं। मामले कि जानकारी पर मंदिर समिति के कई लोग मौके पर पहुंचे, जिसके बाद मामले की जानकारी पुलिस को दी गई।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि फर्म न्यू लाइफ हॉस्पिटल एंड ट्रामा सेंटर, पता जनता कोल्ड स्टोरेज के पीछे, सौ शैय्या अस्पताल रोड, छिबरामऊ (कन्नौज) जिनका पंजीकरण संख्या- KAP0015179 है। उक्त फर्म में प्रमोद कुमार प्रजापति तथा सरस्वती मुखर्जी थे। श्रीमती सरस्वती मुखर्जी दिनांक-02 जुलाई 2025 से अपना हिस्सा लेकर फर्म न्यू लाइफ हॉस्पिटल एंड ट्रामा सेंटर से अलग हो गई हैं, तथा नए पार्टनर दिनांक-02 जुलाई 2025 से मंजू कुमारी फर्म- न्यू लाइफ हॉस्पिटल एंड ट्रामा सेंटर में सम्मिलित हुई हैं। भविष्य में कुल दो पार्टनर 1- प्रमोद कुमार प्रजापति व 2- मंजू कुमारी फर्म- न्यू लाइफ हॉस्पिटल एंड ट्रामा सेंटर को संचालित करेंगे।

**प्रमोद कुमार प्रजापति**
**पार्टनर न्यू लाइफ हॉस्पिटल एंड ट्रामा सेंटर पता- जनता कोल्ड स्टोरेज के पीछे, सौ शैय्या अस्पताल रोड, छिबरामऊ (कन्नौज), पिन-209721**

# छायावाद का आधार स्तंभ थीं कवयित्री महादेवी वर्मा : पुष्पेंद्र प्रताप

**गुरसहायगंज,कन्नौज समृद्धि न्यूज।**

हिंदी साहित्य जगत की अद्भुत छायावादी कवयित्री महादेवी वर्मा का योगदान एवं महत्व अविस्मरणीय है। 26 मार्च 1907 को होली के पर्व पर उत्तर प्रदेश के फर्रूखाबाद में हिंदू चित्रगुप्त वंशी कायस्थ परिवार में जन्मी महादेवी वर्मा महज 7 वर्ष से ही हिंदी कविताएं लिखती थीं। इनके पिता गोविंद प्रसाद वर्मा भागलपुर में एक कॉलेज में प्रोफेसर थे और माता हेमरानी वर्मा अत्यंत धार्मिक प्रवृत्ति की संगीत प्रेमी महिला थीं। हिंदी साहित्य जगत के महान छायावादी कवि सुमित्रानंदन पंत और सूर्यकांत त्रिपाठी निराला से महादेवी वर्मा की घनिष्ठ मित्रता थी । कहा जाता है कि 40 साल तक महादेवी वर्मा निराला को राखी बांधती रहीं। यह विचार नगर में मोहल्ला गांधी नगर स्थित मदन मोहन मालवीय इंटर कॉलेज के अंग्रेजी सहायक प्रवक्ता पुष्पेन्द्र प्रताप सिंह ने आधुनिक युग की मीरा महीयसी महादेवी वर्मा के जन्मदिवस के अवसर पर व्यक्त किए।



उन्होंने कहा कि प्रख्यात महादेवी वर्मा पशु-पक्षी खासकर गाय से बहुत प्रेम करती थीं। भारत के साहित्य आकाश में महादेवी जी ध्रुव तारे के समान अटल एवं आलोकित हैं। विद्यार्थी जीवन में अपनी वरिष्ठ और रूम मेट रहीं कवयित्री सुभद्रा कुमारी चौहान से महादेवी वर्मा बहुत प्रेरित और प्रभावित थीं जो कि विलक्षण काव्यात्मक कौशल की साहित्य रचयिता थी,काव्य सृजन के साथ साथ महादेवी जी ने नारी चेतना एवं समाज सुधार के लिए भी महत्वपूर्ण प्रयास किए।

असाधारण प्रतिभा एवं काव्य कौशल की धनी महादेवी जी अपनी विशिष्ट रचनाओं जैसे निहार, रश्मि ,नीरजा, संध्यगीत ,यामा आदि के माध्यम से ज्ञानपीठ , पदम भूषण , पदम विभूषण आदि कई राष्ट्रीय पुरस्कारों से सम्मानित की गईं। महादेवी जी आजीवन अध्यापन करते हुए अंत तक प्रयाग महिला विद्यापीठ में प्रधानाचार्या बनी रहीं।उनका अधिकांश जीवन इलाहाबाद ( प्रयागराज ) में व्यतीत हुआ । यद्यपि मात्र 9 वर्ष में उनका बाल विवाह हुआ तथापि उन्होंने अविवाहित की भांति जीवन बिताया। महिलाओं की शिक्षा और आर्थिक आत्म निर्भरता की पक्षधर महादेवी जी का निधन 11 सितंबर 1987 को प्रयागराज में हुआ महादेवी वर्मा जी के जन्म दिवस समारोह के अवसर पर कॉलेज के प्रधानाचार्य शैलेश गुप्ता सभी छात्र छात्राओं को उनके जीवन से प्रेरणा और शिक्षा लेने हेतु प्रोत्साहित किया इस अवसर पर प्रवक्ता ब्रजेश गंगवार, ऋचा, सुनील सिंह, अभिषेक वर्मा , , दुर्ग विजय , रामासरे , विजय शंकर, राकेश सक्सेना शिव सिंह , अमीर हमजा, करतार सिंह राकेश यादव शिव सिंह यादव आनंद राजन मुकेश कुमार रमेश चंद कुशवाहा शशि देवी आदि उपस्थित रहे।

# राजीव नयन त्रिपाठी कान्यकुब्ज पत्रकार समिति के अध्यक्ष निर्वाचित

**छिबरामऊ , कन्नौज समृद्धि न्यूज।**

कान्यकुब्ज पत्रकार समिति की निर्वाचन प्रक्रिया के तहत एकमात्र नामांकन पत्र राजीव नयन त्रिपाठी द्वारा दाखिल किया गया, जिससे उनका निर्विरोध निर्वाचन तय हो गया है। एल्डर्स व चुनाव कमेटी शुक्रवार को उनके निर्वाचन की घोषणा करेगी।



कान्यकुब्ज पत्रकार समिति एल्डर्स कमेटी डॉ. अरुण तिवारी व चुनाव अधिकारी अनिल दुबे तपन की देखरेख में निर्वाचन प्रक्रिया चली। गुरुवार को दोपहर दो बजे तक नामांकन पत्र दाखिल करने की समय सीमा निर्धारित थी। निर्धारित समय पर समिति के निवर्तमान महामंत्री राजीव नयन त्रिपाठी ने अपने प्रस्तावक वरिष्ठ पत्रकार अमित कुमार कुशवाह तथा वरिष्ठ पत्रकार कुशल मिश्रा के साथ चुनाव अधिकारियों को नामांकन पत्र सौंपा। निर्धारित समय तक अध्यक्ष पद पर उनके अलावा किसी अन्य पत्रकार के नामांकन दाखिल न करने पर राजीवनयन त्रिपाठी का निर्विरोध निर्वाचन तय हो गया है। साथी पत्रकारों ने मिठाई खिलाकर व फूलमालाओं से लादकर जीत की बधाई दी। इस दौरान सोहम प्रकाश यादव, अभिषेक दुबे उर्फ हीरो, लोकेश दुबे, प्रतीक मिश्रा, विकास अवस्थी, अंकित शुक्ला, सोनू मिश्रा, राजा कटियार, अंकुर सिंह, प्रवीण प्रताप सिंह, विनीत, योगेंद्र मिश्रा, इजराइल, अनिल कनौजिया, जितेन्द्र सिसौदिया समेत जनपद भर के सभी पत्रकार बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

# चैत्र शुक्ल की अष्टमी पर मंदिरों में हुए हवन यज्ञ

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

चैत्र शुक्ल नवरात्रि की अष्टमी के मौके पर मां दुर्गा के आठवें स्वरूप मां महागौरी की पूजा की जाती है। नगर के शक्तिपीठ देवी मंदिरों पर हवन यज्ञ हुए। लोगों ने आहूतियां देकर मां भगवती से सर्वमंगल की कामना की। सुबह से लेकर शाम तक यह क्रम चलता रहा। जिससे नगर का वातावरण देवीमय बना रहा। चैत्र नवरात्रि का पावन अपने अंतिम पडाव की ओर है। इन दिनों में लोग पूरी श्रद्धा और आस्था के साथ माता का पूजन और व्रत किया है। नवरात्रि की अष्टमी तिथि को मां दुर्गा के आठवें स्वरूप मां महागौरी के पूजन का विधान है। जबकि बीते रोज मां कालरात्रि की पूजा की गई है। यह देवी दुर्गा का अत्यंत शांत, सौम्य और उज्ज्वल स्वरूप माना जाता है। मां महागौरी की पूजा करने से जीवन में शुद्धता, सुख-समृद्धि और मन की शांति प्राप्त होती है। मान्यता है कि इनके आशीर्वाद से सभी पाप और कष्ट दूर हो जाते हैं और भक्तों की मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, मां पार्वती ने भगवान शिव को पति रूप में पाने के लिए कठोर तपस्या की थी। उन्होंने वर्षों तक कठिन व्रत और साधना की, यहां तक कि उन्होंने अन्न और जल का भी त्याग कर दिया। इस कठोर तप के कारण उनका शरीर अत्यंत कृश और वर्ण काला हो गया।



मंदिर में पूजा अर्चना करते भक्तगण



मठिया देवी मंदिर हवन करते भक्तगण

मां पार्वती की इस अटूट भक्ति और तपस्या से प्रसन्न होकर भगवान शिव प्रकट हुए और उन्हें पत्नी रूप में स्वीकार कर लिया। इसके बाद भगवान शिव ने मां पार्वती के शरीर को गंगाजल से स्नान कराया, जिससे उनका वर्ण अत्यंत उज्ज्वल और गौर हो गया। इसी कारण उन्हें महागौरी कहा गया।

नगर के पल्ला मठिया मंदिर, गुरगांव देवी मंदिर, महाकाल मंदिर, काली देवी मंदिर मऊदरवाजा, बढ़पुर स्थित शीतला देवी मंदिर, संतोषी माता मंदिर, भोलेपुर स्थित वैष्णोदेवी मंदिर, फतेहगढ़ के कालीबाड़ी मंदिर सहित नगर के कई छोटे-बड़े सभी मंदिरों में पहुंचकर भक्तों ने माथा टेंका और माता महागौरी की पूजा अर्चना कर सर्वमंगल की कामना की। वहीं मठिया देवी मंदिर में विशाल हवन का आयोजन किया गया। जिसमें भक्तों ने आहूतियां डालीं तथा सर्व मंगल की कामना की। यहां पर भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। इस दौरान सदानंद शुक्ला, राजू गौतम, संजय गर्ग सहित बढ़ी संख्या में भक्तगण मौजूद रहे। इसी प्रकार नगर के शीतला माता मंदिर व ऐतिहासिक गुरगांव देवी मंदिर पर भी भक्तों की भारी भीड़ रही। इसके अलावा घरों पर भी भक्तों ने हवन किये और व्रत रहकर मां की आराधना की। कई रामनवमी पर नगर में कई स्थानों पर भंडारों का आयोजन किया जायेगा। जिसके लिए तैयारियां जोरशोर से चल रही हैं।

## अष्टमी पर निकाली गई नौ देवियों की मनमोहक शोभायात्रा

▸ शोभायात्रा का जगह-जगह हुआ स्वागत

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।**

नगर में नवरात्रि के आठवें दिन अष्टमी को चौराहा कमालगंज स्थित सिद्ध दुर्गा मंदिर से नौ देवियों के साथ खाटूश्याम एवं रामभक्त हनुमान एवं शंकर की शौभायात्रा निकाली गई। महिलाएं एवं पुरुषों ने भारी भीड़ के साथ जयकारा लगाते हुए एवं पुष्प की वर्षा करते हुए माता के नौ रूपों के साथ नगर का भ्रमण किया। कमालगंज नगर में जगह-जगह लोगों ने माता का आशीर्वाद लिया एवं जगह-जगह पर प्रसाद का विवरण किया गया। दुर्गा मंदिर चौराहे पर शाम से ही साथ का वितरण चालू हो गया एवं रात्रि तक प्रसाद का बराबर वितरण होता रहा।



शोभायात्रा में मौजूद झांकी

जिसमें हजारों की संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण कर मंदिर में स्थित नवदुर्गा का आशीर्वाद लिया। शोभायात्रा की अगुवाई धीरु शुक्ला, मनोज गुप्ता, दीपक सुनार, कन्हैया गुप्ता, लाला रामकुमार गुप्ता, पंकज रावत, संजय चौरसिया आदि दुर्गा मंदिर कमेटी एवं सहयोगियों ने बढ़चढ़ कर भाग लिया। थाना पुलिस मौके पर मौजूद रहकर व्यवस्था संभालते हुए दिखी।

## पुत्र ने अपने बुजुर्ग पिता को मारपीट कर घर से निकाला

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

पुत्र ने अपने बुजुर्ग पिता को मारपीट कर घर से निकाल दिया। बुजुर्ग ने थाने में तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की।

ग्राम मंझना निवासी रामदुलारे पुत्र स्वर्गीय श्यामलाल ने पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि उनका पुत्र अक्सर उनके साथ गाली-गलौज और मारपीट करता है।

घटना गुरुवार सुबह करीब 7 बजे की है, जब रामदुलारे अपने कमरे में लेटे थे। पीड़ित के अनुसार, उनका बेटा कमरे में आया और बिना किसी कारण के उन्हें गालियां देने लगा। जब रामदुलारे ने इसका विरोध किया, तो बेटे ने उनके साथ मारपीट की और उन्हें जबरन घर से बाहर निकाल दिया। रामदुलारे ने आरोप लगाया है कि मारपीट के बाद बेटे ने उन्हें घर में रहने से मना कर दिया।

इसके बाद उसने घर के मुख्य दरवाजे पर ताला लगा दिया और वहां से चला गया। इस घटना के बाद बुजुर्ग पिता बेघर हो गए हैं। थाना प्रभारी नवाबगंज को लिखित शिकायत सौंपकर आरोपी पुत्र के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने और उन्हें वापस अपने घर में सुरक्षित प्रवेश दिलाने की मांग की है।

थाना प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

## यज्ञ की रक्षा के लिए राजा दशरथ ने अपने पुत्रों को विश्वामित्र के साथ भेजा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

नवदिया फतेहगढ़ में चल रही श्रीराम कथा के छठवें दिन कथाव्यास एस0एन0 द्विवेदी ने अपने मुखार बिंदु से श्रीराम जन्मोत्सव व विश्वामित्र द्वारा राम-लक्ष्मण को मांगने आने की कथा सुनाई। कथाव्यास एस0एन0 द्विवेदी ने कहा कि श्रीराम जन्मोत्सव, जिसे रामनवमी के रूप में मनाया जाता है, चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि को अयोध्या में राजा दशरथ और माता कौशल्या के घर भगवान विष्णु के सातवें अवतार श्री राम के जन्म के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। यह पर्व सत्य, त्याग और मर्यादा की विजय तथा बुराई के अंत का प्रतीक है। जब बधाईयां अयोध्या में चल रही थी, उसके बाद जब राम-लक्ष्मण अपने भाइयों के साथ गुरुकुल में पढ़ने जाने लगे। जब वह बड़े होने लगे, तभी गुरुवशिष्ठ आदि लोगों ने उन्हें शिक्षा प्रदान की। उधर महर्षि विश्वामित्र राक्षसों द्वारा अपने यज्ञ में बाधा डालने से परेशान होकर राजा दशरथ के पास आए और अपने



कथा के दौरान मौजूद आचार्य

यज्ञ की रक्षा के लिए राम और लक्ष्मण को अपने साथ वन ले जाने की अनुमति मांगी। शुरू में हिचकिचाने के बाद गुरु वशिष्ठ की सलाह पर दशरथ ने राम-लक्ष्मण को उनके साथ भेज दिया, जिससे राम की राक्षसों के वध और आगे की यात्रा शुरू हुई। इस मौके पर डा0 राजीव पाठक व डॉ0 राजेश तिवारी ने व्यासगद्दी की आरती उतारी। मंगेश सिंह राठौर, कृष्णा देवी मुख्य यजमन रहे। इस दौरान विष्णु दीक्षित, रमेश चंद्र दीक्षित, इतेन्द्र सिंह, सतेंद्र सिंह, ओमपाल सिंह, दिनेश सिंह, बिहारी सिंह आदि मौजूद रहे।

## युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या



रोते बिलखते मृतक के परिजन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

संदिग्ध परिस्थितियों में युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जानकारी होने पर परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की और शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

जानकारी के अनुसार कोतवाली फतेहगढ़ के क्षेत्र नेकपुर चौरासी निवासी 40 वर्षीय सोनू अपनी पत्नी प्रिया तिवारी व दो बच्चों के साथ रहता था। गुरुवार सुबह सोनू का शव पंखे में फांसी के फंदे पर लटका देख परिजनों में कोहराम मच गया। मौके पर स्थानीय लोगों की भीड़ लग गयी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की। वहीं परिजनों ने बताया कि मृतक के माता-पिता पड़ोस के मकान में रहते थे। बुधवार देर रात सानू घर लौटे और ऊपर के कमरे में सोने चले गए, जबकि उनकी पत्नी और बच्चे नीचे सो रहे थे। गुरुवार सुबह जब सानू नीचे नहीं आए, तो परिजन उन्हें जगाने ऊपर गए। वहां उन्होंने सानू को कमरे में पंखे से लटका देख चीखपुकार शुरु कर दी। पुलिस ने शव को नीचे उतारकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

## श्रीराम बाल स्वरूप के दर्शन कर भक्तों ने लगाये श्रीराम के जयकारे

▸ रामनवमी महोत्सव आयोजन में भक्तों की उमड़ी भीड़

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।**

रामनवमी के पावन अवसर पर कस्बा अमृतपुर स्थित प्राचीन ठाकुरद्वारा मंदिर में भव्य रामनवमी महोत्सव का आयोजन किया गया। सुबह से ही मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ जुटनी शुरू हो गई और देखते ही देखते पूरा परिसर सैकड़ों महिलाओं, पुरुषों व बच्चों से खचाखच भर गया। महोत्सव के दौरान कथावाचक पंडित अरविंद शास्त्री के भजनों पर श्रद्धालु भावविभोर होकर झूम उठे। भक्ति गीतों की धुन पर बच्चे, बुजुर्ग और महिलाएं



कथा का श्रवण कराते पंडित अरविंद शास्त्री



मौजूद भक्तगण

स्वयं को नृत्य करने से रोक नहीं सके। जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। दोपहर 12 बजे भगवान श्रीराम के जन्म का शुभ क्षण आते ही मंदिर परिसर जय श्रीराम के उद्घोष से गूंज उठा। इस दौरान भगवान श्रीराम के बाल स्वरूप के दर्शन कर भक्तों ने एक-दूसरे पर गुलाल उड़ाकर जन्मोत्सव की बधाई दी। फूलों से सजी पालकी और सुसज्जित मंदिर परिसर का दृश्य अयोध्या धाम जैसा प्रतीत हो रहा था। कार्यक्रम की व्यवस्था हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी जिला पंचायत सदस्य अजय कुमार सिंह चौहान उर्फ लल्ला भैया और समाजसेवी सूखेन्द्र सिंह द्वारा कराई गई। श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद वितरण की समुचित व्यवस्था की गई, जिसमें हजारों भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। भारी भीड़ के चलते कई श्रद्धालुओं को मंदिर में प्रवेश के लिए इंतजार करना पड़ा, जबकि कई लोग अपनी बारी का धैर्यपूर्वक इंतजार करते नजर आए। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर थाना अमृतपुर पुलिस पूरी तरह सतर्क रही। एसआई राघवेंद्र सिंह भदौरिया एवं एक महिला कांस्टेबिल की मौजूदगी में मंदिर परिसर में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए। जिससे कार्यक्रम शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। महोत्सव में देवेंद्र देव तिवारी, विनोद प्रकाश द्विवेदी, रामनरेश मिश्रा, गजेंद्र सिंह, अशोक यादव फौजी, नीरज अवस्थी, प्रशांत अवस्थी और आलोक शुक्ला सहित अनेक श्रद्धालुओं ने भगवान के दरबार में भक्ति भाव से नृत्य कर अपनी आस्था प्रकट की।

## अफवाह फैलने पर ट्रैक्टर चालक दो ड्रमों में लेना पहुंचा डीजल

▸ पेट्रोल पम्प मालिक बोले: डीजल और पेट्रोल का पर्याप्त स्टॉक, अफवाहों पर न दे ध्यान

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

पिछले कुछ घंटो से पेट्रोल और डीजल की कमी की अफवाहें फैलने से लोगों में भ्रम की स्थिति उत्पन्न हो गई। इन अफवाहों के कारण लोग ईंधन का स्टॉक करने के लिए पेट्रोल पंपों पर पहुंचने लगे। अफवाहों का असर इतना था कि नगर के एक पेट्रोल पंप पर एक युवक अपनी ट्रैक्टर-ट्रॉली में दो बड़े ड्रम लादकर पहुंचा। युवक ने बताया कि उसे आने वाले दिनों में डीजल की भारी किल्लत होने की जानकारी मिली थी, जिसके चलते वह ईंधन खरीदने आया था।





पेट्रोल पम्प पर ड्रम लेकर पहुंचकर ट्रैक्टर मालिक

नगर के बाईपास पेट्रोल पंप के मालिक नवनीत गंगवार ने भी बताया कि ड्रम लेकर आए लोगों को मना किया जा रहा था। हालांकि, उन्होंने स्पष्ट किया कि किसानों को केवल 20 लीटर ईंधन दिया गया। उन्होंने बताया कि पेट्रोल और डीजल पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है और किसी प्रकार की कोई कमी नहीं है। कस्बा स्थित पेट्रोल पंप के मालिक चौधरी केशव यादव ने इन भ्रामक खबरों पर लगाम लगाने के लिए स्थिति स्पष्ट की। उन्होंने जनता से अपील करते हुए कहा, तेल की कोई कमी नहीं है। हमारे पास डीजल और पेट्रोल का पर्याप्त स्टॉक मौजूद है। लोग किसी भी तरह की अफवाह पर ध्यान न दें और घबराएं नहीं।

ईंधन की सप्लाई सुचारु रूप से जारी है। प्रशासन और पंप मालिकों ने लोगों से शांति बनाए रखने और केवल अपनी जरूरत के अनुसार ही ईंधन खरीदने का आग्रह किया है। जिला प्रशासन पहले ही स्पष्ट कर चुका है कि एलपीजी और डीजल, पेट्रोल की कोई कमी नहीं है। इसलिए जितनी जरुरत हो उतना ही लें। घर में स्टाक करने से बचें।

## अलग-अलग मार्ग दुर्घटना में चार घायल

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।**

अलग-अलग मार्ग दुर्घटना में चार युवक गंभीर रुप से घायल हो गये। जिन्हे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार जितेंद्र व राहुल कमालगंज से अपने गांव पाहला जा रहे थे। उबरीखेड़ा के पास एक मोड़ पर उनकी बाइक फिसलने से दोनों सड़क पर गिर पड़े। जितेंद्र को गंभीर चोटें आई, जबकि राहुल को हल्की चोटें लगीं। घटना के तुरंत बाद आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और घायलों को प्राथमिक उपचार के लिए सीएससी कमालगंज भेजा। पुलिस ने भी घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की जांच शुरू कर दी है। स्थानीय





घायल से जानकारी करते लोग

लोगों ने बताया कि इस मोड़ पर पहले भी कई दुर्घटनाएं हो चुकी हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन से इस स्थान पर चेतावनी संकेतक और सड़क सुरक्षा के उचित इंतजाम करने की मांग की है, ताकि भविष्य में ऐसे हादसों को रोका जा सके। वहीं करीमगंज निवासी राशिद अपनी मोटरसाइकिल से गढ़िया की ओर जा रहे थे और सामने से आ रहे जहानगंज थाना क्षेत्र के आलूपुर निवासी बृजेश की बाइक से उनकी टक्कर हो गई। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों की सूचना पर एंबुलेंस मौके पर पहुंची और दोनों घायलों को कमालगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने उन्हें लोहिया रेफर कर दिया।

## डीएम ने कुठला झील पर हो रहे प्रस्तावित कार्यों का किया निरीक्षण



निरीक्षण करते डीएम

▸ 241.90 लाख की लागत से किया जायेगा विकसित

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी ने पर्यटन विभाग द्वारा नगला हूसा स्थित कुठला झील पर ईको टूरिज्म विकसित किए जाने हेतु प्रस्तावित कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया। उक्त परियोजना लगभग 241.90 लाख की लागत से कराई जानी प्रस्तावित है।

निरीक्षण के दौरान डीएम ने संबंधित अधिकारियों से कार्य योजना की विस्तृत जानकारी प्राप्त की तथा निर्देश दिए कि ईको टूरिज्म के विकास में प्राकृतिक सौंदर्य के संरक्षण को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। उन्होंने कहा कि झील क्षेत्र को इस प्रकार विकसित किया जाए कि पर्यटकों को आकर्षक एवं सुरक्षित वातावरण मिल सके, साथ ही स्थानीय पारिस्थितिकी तंत्र को किसी प्रकार की क्षति न पहुंचे। डीएम ने प्रस्तावित कार्यों में आवश्यक सुविधाओं जैसे पाथ-वे, बैठने की व्यवस्था, इंट्रेंस गेट, प्रकाश व्यवस्था, स्वच्छता एवं सुरक्षा प्रबंध सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

इसके अतिरिक्त उन्होंने कहा कि परियोजना को निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण किया जाए। जिससे क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ावा मिल सके तथा स्थानीय लोगों के लिए रोजगार के अवसर भी सृजित हों। निरीक्षण के दौरान संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## इंद्र के वरदान स्वरुप परशुराम का हुआ अवतरण



**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** भगवन विष्णु ने परशुराम अंश के रूप में उस भूगु कुल में अवतार लिया। जिस भृगु के पाद-प्रहार को अपने वक्षःस्थल पर सहा। इसी भूगुवंश में उत्पन्न होने के कारण वे भार्गव कहलाए। जमदग्नि अयोध्या गये और राम-लक्ष्मण को अपने साथ लाये। राम लक्ष्मण ने कीर्तिवीर को मारा और गोमती नदी में स्नान किया, तभी से इस घाट का नाम रामघाट हो गया।

**परशुराम जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में विशेष**



आशीष उर्फ भईयन मिश्रा

**समाजसेवी आशीष उर्फ भईयन मिश्रा** ने बताया कि जमदग्नि ऋषि बहुत क्रोधी थे। परशुराम पिता भक्त थे। एक दिन उनके पिता ने आदेश दिया कि अपनी मां रेणुका का सिर धड़ से अलग कर दो। परशुराम ने तत्काल अपने फरसे से मां का सिर काट दिया तो जमदग्नि बोले क्या बरदान चाहते हो। परशुराम ने कहा कि यदि आप वरदान देना चाहते है तो मेरी मां को जिंदा कर दीजिए। पहले उनका नाम राम था।



राजकिशोर शुक्ला

**शिक्षक नेता राजकिशोर शुक्ला** ने बताया कि भगवान परशुराम का जन्म अक्षय तृतीया के दिन हुआ। इसलिए पूरे देश में इसी दिन उनका जन्मोत्सव मनाया जाता है। हमारी शासन से मांग है कि फर्रुखाबाद में भगवान परशुराम को प्रतिमा स्थापित को जाये, साथ ही किसी मार्ग का नाम भगवान परशुराम के नाम से जाना जाये। उनका जन्म अत्याचार करने वाले राजाओं से पृथ्वी को मुक्त कराने के लिए हुआ था।



सोनी शुक्ला

**व्यापारी नेत्री सोनी शुक्ला** ने बताया कि भगवान परशुराम ने त्रेतायुग में ब्रहमाश्रेष्ठ महर्षि जमदग्नि एवं माता की रेणुका के परिवार में अक्षय तृतीया को प्रदोष काल में जन्म लिया। पौराणिक वृतांत के अनुसार महार्षि जमदग्नि द्वारा सम्पन्न कराये गये पुत्रोष्टि यज्ञ से प्रसन्न होकर देवराज इंद्र के वरदान स्वरुप भगवान परशुराम का अवतरण हुआ। बाल काल में परशुराम ने शस्त्रों की प्रारंभिक शिक्षा अपने पितामाह ऋचीक, पिता से ग्रहण की।

# प्राइवेट स्कूलों की मनमानी फीस व किताबों में लूट बंद कराने की मांग

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

**तीन दिन के अंदर कार्यवाही नहीं हुई तो होगा आंदोलन भईयन मिश्रा**

जनपद में प्राइवेट स्कूलों के द्वारा एडमिशन फीस तथा बच्चों की कॉपी किताब एवं अन्य स्कूलों की सामग्री निर्धारित अपनी दुकानों से खरीदने के लिए अभिभावकों पर दबाव डाला जाता है और उनको मजबूर किया जाता है के संबंध दुकान से ही सारी वस्तुएं खरीदी जाए, इसको लेकर फर्रुखाबाद विकास मंच के जिलाध्यक्ष भईयन मिश्रा के नेतृत्व में अभिभावक एवं समाज के जागरूक लोग बहुत बड़ी संख्या में जिलाधिकारी कार्यालय फतेहगढ़ पहुंचे और जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन उप जिलाधिकारी को दिया।

ज्ञापन में प्रमुख रूप से 6 मांगे रखी गई है इसमें कहा गया है की हर हालत में प्राइवेट स्कूलों में चल रही जबरदस्त लूट को बंद किया जाए। जनपद के प्रत्येक स्कूल में एनसीईआरटी के द्वारा संचालित पुस्तकों का ही संचालन किया जाए। प्राइवेट पब्लिकेशंस की कोई भी पुस्तक विद्यालय में ना पढ़ाई जाए। प्रतिवर्ष प्रवेश शुल्क के नाम पर वसूली बंद की जाए, जो छात्रों से फीस प्रति माह ली जाती है, उसका पूरी जानकारी रसीद देते समय दी जाए की किस मद में कितनी फीस ली जा रही है, यदि ऐसा नहीं होता है तो सड़कों पर उतरकर आंदोलन किया जाएगा। फर्रुखाबाद विकास मंच के जिलाध्यक्ष भईयन मिश्रा ने कहा कि पूरे जनपद के हाल बहुत खराब है प्रत्येक प्राइवेट स्कूल जबरदस्त तरीके से धन उगाई में लगे हुए हैं। गरीब परिवार बच्चों को मुश्किल से पढ़ पा रहे हैं। आज के समय नर्सरी के बच्चे की पढ़ाई का एक वर्ष का स्कूल का खर्चा एक लाख रुपए से अधिक है ऐसे में मध्यम वर्गीय परिवारों की कमर टूटी जा रही है, इस पर रोक लगनी चाहिए, लूट के अड्डे यह बंद होने चाहिए। यदि तीन दिनों में कार्रवाई नहीं होती है तो चौक पर धरना दिया जाएगा। उन्होंने कहा की बड़ा दुर्भाग्य कि जनपद के सांसद एवं विधायक चाहे सत्ता पक्ष हो या विपक्ष के नेता हो, सब आंख बंद किया और कानों में तेल डाले बैठे हैं और जनता खुलेआम लूट जा रही है। अंगद पांडे ने कहा जिला प्रशासन तत्काल इस सब कार्यों पर रोक लगाई नहीं तो आम आदमी का जीना दुश्वार हो जाएगा। स्कूलों में पढ़ाई ना के बराबर होती है, लेकिन स्टेटस सिंबल दिखाने के चक्कर में अभिभावकों की जेब पर डाका डाला जा रहा है जो स्वीकार नहीं होगा। ज्ञापन देने वालों में राजा मिश्रा, ओमनिवास पाठक, निश्चित दुबे उर्फ निशु, डॉ0 पंकज राठौर, अवनीश त्रिवेदी उर्फ माधव, बाबू अग्निहोत्री, उमेश जाटव, रजत वर्मा, आयुष सक्सेना, अभिषेक श्रीवास्तव, सनी बाथम, विष्णु मिश्रा, शिवांग बाजपेई, सुमित भल्ला, महेश चंद्र, बंटी यादव, दीपक कनौजिया, कुलदीप दीक्षित, अजय मिश्रा, अनुज तिवारी, रंजीत दीक्षित, नितेश पांडे, शिव प्रताप सिंह, आदर्श सिंह, निलेश कुमार, कौशलेंद्र प्रताप सिंह, विजय कुमार, धीरेंद्र सिंह, अमल सिंह परिहार, जीतू वर्मा, चित्रांश कुमार, राजीव वर्मा आदि लोग उपस्थित रहे।


एसडीएम को ज्ञापन सौंपते भईयन मिश्रा आदि

# नगर में आज निकलेगी श्रीराम जन्मोत्सव शोभायात्रा

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

श्रीराम जन्मोत्सव शोभायात्रा नगर में 27 मार्च शुक्रवार को धूमधाम से निकाली जायेगी। व्यवस्था की देखरेख कर रहे विजय दुबे मटर लाल द्वारा स्वरुपों को सजाया जायेगा। शोभायात्रा में सांसद मुकेश राजपूत सहित जनपद के जनप्रतिनिधि भाग लेंगे। रेलवे रोड स्टेट बैंक से शुरु होकर चौक होते हुए रोडवेज बस स्टैण्ड स्थित एक गेस्ट हाउस तक आयेगी। यात्रा के उपमंत्री विमलेश मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि हर वर्ष से अच्छी इस बार शोभायात्रा होगी। जगह-जगह द्वार बनेगें। शोभायात्रा का रास्ते में पुष्प वर्षा कर स्वागत होगा। समापन बीएस मेंसन में होगा, जहां सीता रसोई होगी। व्यवस्था में लगे अध्यक्ष संदीप दीक्षित, दीपक मिश्रा, शिवम रामानुज, विनोद अग्निहोत्री, आंनद प्रकाश गुप्ता, विजय प्रताप, आदित्य दीक्षित, सौरव मिश्रा, पवन कसेरे, क्रांति पाठक आदि लोगों के संयोजन में यात्रा निकलेगी। यात्रा में सांसद मुकेश राजपूत के अलावा ईश्वरदास ब्रह्मचारी शामिल होंगे। जनपद के सभी लोगों को शोभायात्रा में शामिल होने के लिए आमंत्रण भेजा गया।


बाल स्वरुप भगवान श्रीराम

# शान्ति और अहिंसा के महान पथ प्रदर्शक थे सम्राट अशोक: चंद्रपाल

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

समाजवादी पार्टी जिला संगठन द्वारा लकूला रोड मसेनी स्थित दीप पैलेस में सम्राट अशोक की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष चंद्रपाल सिंह ने तथा संचालन शिवम यादव ने किया।

जिलाध्यक्ष ने कहा कि सम्राट अशोक ने कलिंग युद्ध के बाद अपने आपको बदला और शांति एवं अहिंसा के महान पथ प्रदर्शक के रूप में खुद को स्थापित किया।

सम्राट अशोक ने लगभग पूरे भारतीय उप महाद्वीप पर एक विकासशील राजा के रूप में शासन किया। सर्वेश अम्बेडकर, इलियास मंसूरी, अजीत यादव, अभिषेक शाक्य, शिवम यादव, विनीत परमार आदि ने विचार व्यक्त किए। इस दौरान राजेंद्र पाल, अजब सिंह शाक्य, सुमित शाक्य, इंद्रेश यादव, धीरज राजपूत, शिवम दिवाकर, डॉ0 धर्वेंद्र कुशवाह, अंकज यादव, शीलू खां, अरविंद शर्मा, कौशलेंद्र यादव, राधेश्याम सविता आदि मौजूद रहे।


गोष्ठी को संबोधित करते जिलाध्यक्ष

# दहेज की खातिर ससुरालियों ने विवाहिता को पीटा

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

**डीजल डालकर जलाने का किया प्रयास**

**7 नवम्बर 2025 को हिन्दू रीति रिवाज से हरदोई में हुई थी शादी**

अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर ससुरालियों ने विवाहिता को मारपीट कर घायल कर दिया। घटना के संबंध में पीड़िता ने कोतवाली प्रभारी मोहम्मदाबाद को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है।

जानकारी के अनुसार कोतवाली मोहम्मदाबाद के क्षेत्र पिपरगांव निवासी राखी पत्नी प्रभाकर जाटव ने पुलिस को दी तहरीर में दर्शाया कि 7 नवम्बर 2025 को हिन्दू रीति रिवाज से जनपद हरदोई में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह में प्रभाकर से शादी हुई थी। जिसके बाद प्रभाकर बारात को घर पर भी लेकर आये थे। जिसमें पिता ने 5 लाख रुपया व एक बाइक अपाचे दी गई। दिये गये दान दहेज से ससुरालीजन संतुष्ट नहीं हुए और अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर पति प्रभाकर, ससुर भइया लाल, सास राजवती, देवर अक्षय कुमार गाली-गलौज कर प्रताड़ित करने लगे। 24 मार्च को उक्त ससुरालीजनों ने रात्रि 10:30 बजे कमरे में बंद कर डीजल डालकर आग लगाने का प्रयास किया। विरोध करने पर मारपीट कर घायल कर दिया। जिससे मेरी काफी चोंटे आयी है। पीड़िता ने मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही की मांग की है।

# सातनपुर आलू मंडी में किसानों से नहीं बंद हो रही लूट

**जिम्मेदारों पर कार्यवाही नहीं हुई तो होगा आंदोलन: अजय कटियार**

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

भाकियू टिकैत जिलाध्यक्ष अजय कटियार ने सातनपुर आलू मंडी में सुबह पहुंचकर किसानों से हो रही लूट को बंद करने के लिए मंडी सचिव से मुलाकात करने के लिए उनके कार्यालय पर पहुंचे तो सुबह 9 बजे मंडी सचिव का कार्यालय बंद मिला। जिसके बाद मंडी में ही दूर-दूर से आने वाले किसानों के लिए ठहरने के लिए बने किसान भवन पर पहुंचे तो किसान भवन पर धान क्रय केंद्र का बोर्ड लगा हुआ था और उसके गेट पर ताला बंद था। उन्होंने मण्डी का भ्रमण कर व्यवस्थायें देखी। मण्डी में अभी भी आलू की बिक्री अंगौछे के अंदर हो रहा है जिससे किसानों को पता ही नहीं चलता कि उनकी फसल किस भाव बिकी। उन्होंने कहा है हम पिछले कई दिनों से मंडी की गतिविधियों पर नजर बनाए हुए थे। जिला अधिकारी के साफ निर्देश है कि आलू की बिक्री खुली बोली लगाकर की जाए, लेकिन मंडी के सचिव जब स्वयं का ही कार्यालय समय पर नहीं खुलवाते है तो मंडी में हो रही लूटमार को कैसे बंद करेंगे। यदि किसी किसान को कोई दिक्कत होती है तो वह किसके पास जाएगा। डीएम ने कहा था कि यदि कोई भी आढ़ती अंगौछे के अंदर सौदा करता है तो उसका लाइसेंस निरस्त होगा। आढ़ितयों को जबाव देना होगा। ये सभी अनियमितताएं बंद नहीं हुई तो भाकियू आंदोलन करेगी और इसकी जानकारी राकेश टिकैत तक भेजी जायेगी।


बंद पड़ा मण्डी सचिव का कार्यालय

# रामनवमी के उपलक्ष्य में काव्य गोष्ठी का हुआ आयोजन

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

कला एवं साहित्य की अखिल भारतीय संस्था जनपद इकाई के द्वारा भारतीय नव संवत्सर एवं रामनवमी के उपलक्ष्य में वरिष्ठ साहित्यकार कवि राम अवतार शर्मा इंदु के जन्म दिवस पर विराट काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया।

मुख्य अतिथि राष्ट्रीय कवि डॉ0 शिवओम अम्बर ने कहा कि की इंदु जीवन संघर्षो के बीच कविता को लिखा और मंचों पर पढ़ा है। उन्होंने कहा कि रामअवतार शर्मा इंदु श्रेष्ठ कवि छंदकार है। उन्होंने कांटों को भी मस्ती में जीते हैं, बस्ती बस्ती फरियाद नहीं करते, सच कहते है अथवा चुप रहते हैं हम लफ्जों को बर्बाद नहीं करते पंक्तियां पढ़ीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे वरिष्ठ कवि ज्योति स्वरूप अग्निहोत्री ने कहा कि अवधपुरी का राम लला तो, सबकी आंखों का तारा कविता पढ़ी। कवि राम शंकर अवस्थी ने कहा सारे प्राणियों को छुड़ाता सब बंधन से, सीमाओं में आप उसे वंदी न बनाइए।

कवि उत्कर्ष अग्निहोत्री ने उस शख्स को तू न बता शाम हो गई, वो उठ के जहां बैठ गया शाम हो गई। कार्यक्रम में प्रांशु पाण्डेय, विशाल श्रीवास्तव, रत्नेश पाल, श्वेता शर्मा, ब्रज किशोर सिंह किशोर, दिलीप कश्यप, देवेश तिवारी, राज गौरव पाण्डेय आदि ने काव्य पाठ किया। संस्था अध्यक्ष डॉ0 सर्वेश श्रीवास्तव ने कहा सभी कवियों को राम नवमी की की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम संयोजक नीरज शर्मा ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर संजय गर्ग, प्रमोद दीक्षित, रोशन शर्मा, रोली आराध्या शर्मा, मनोज कश्यप, अनुराग शर्मा, प्रथम शर्मा, अंजलि शर्मा, दर्पण शर्मा, धर्मेंद्र सिंह आदि लोग उपस्थित रहे।



काव्यपाठ करते डॉ. शिवओम अम्बर

# संदिग्ध परिस्थितियों में घर में लगी आग, लाखों का नुकसान

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।

संदिग्ध परिस्थितियों में मकान में आग लगने से लाखों का सामान जलकर राख हो गया। सूचना पर पहुंचे नगर पंचायत अध्यक्ष ने घटना का जायजा लिया और मुआवजा दिलाये जाने का आश्वासन दिया।

नगर के मोहल्ला नगला हीरा सिंह निवासी लखपति पुत्र हीरालाल के घर में बुधवार शाम करीब 5 बजे भीषण आग लग गई। आग इतनी भयंकर थी कि उसने पूरे घर को अपनी चपेट में ले लिया।

इस अग्निकांड में घर में खड़ी एक मोटरसाइकिल, साइकिल, समर पंप, मलिंगा की दो बोरी, कपड़े, पर्स और अन्य घरेलू सामान जलकर राख हो गया। इसके साथ ही घर में रखे 30 से 40 हजार रुपये नकद भी जल गए। लखपति, जो उस समय अपने दूसरे मकान में काम करवा रहे थे, उन्हें आसपास के लोगों ने आग लगने की सूचना दी। सूचना मिलते ही वे अपने परिजनों के साथ घर पहुंचे और आग लगी हुई देखी। पड़ोसियों ने तुरंत मदद के लिए हाथ बढ़ाया। उन्होंने अपने घरों से समर पंप चलाकर और पाइप लगाकर पानी डालकर आग बुझाने का प्रयास किया। करीब दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका, लेकिन तब तक घर का सारा सामान जलकर राख हो चुका था। घटना की जानकारी मिलने पर नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल कुमार राजपूत मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया।


पीड़ित परिजनों से जानकारी करते अनिल राजपूत

# भाकियू महाशक्ति के सुशील सिंह चौहान बने प्रदेश अध्यक्ष


नियुक्ति पत्र दिखाते सुशील चौहान

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। भारतीय किसान यूनियन महाशक्ति ने संगठन को और अधिक मजबूत और प्रभावशाली बनाने के उद्देश्य से बड़ा संगठनात्मक फेरबदल किया है। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ठा. धर्मेंद्र सिंह के नेतृत्व में यह निर्णय लिया गया। जिसमें किसान आंदोलन को नई दिशा देने के लिए कई अहम नियुक्तियां की गई। नई नियुक्तियों के तहत ठा. सुशील सिंह चौहान को प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई। जबकि रोहित कुमार सिंह को प्रदेश सचिव बनाया गया है। वहीं डॉ0 विनय कुमार को जिला प्रभारी चिकित्सा प्रकोष्ठ नियुक्त किया गया। संगठन के कई वरिष्ठ पदाधिकारी भी मौजूद रहे। जिनमें राष्ट्रीय महासचिव बंटी सिंह लोधी, राष्ट्रीय सचिव वेद प्रकाश शुक्ला और प्रदेश प्रमुख महासचिव अवनीश सिंह तोमर प्रमुख रूप से शामिल रहे। नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष ठा. सुशील सिंह चौहान ने कहा कि किसान देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं और उनके हितों की रक्षा करना संगठन की प्राथमिकता है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकारी योजनाओं का लाभ किसानों तक सही तरीके से नहीं पहुंच रहा है और किसान व मजदूर भ्रष्टाचार के शिकार हो रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि भारतीय किसान यूनियन महाशक्ति अब पहले से अधिक मजबूत हो चुकी है और गांव-गांव तक संगठन को विस्तार दिया जाएगा।

# गाय को राष्ट्रमाता घोषित करने की विश्व हिन्दू महासभा ने उठायी मांग

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

विश्व हिन्दू महासंघ के पदाधिकारियों ने गुरुवार को मथुरा में गौ-सेवक फरसा वाले बाबा की ट्रक से कुचलकर हुई कथित निर्मम हत्या के विरोध में मुख्यमंत्री संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा। ज्ञापन में दोषियों के विरुद्ध शीघ्र पहचान कर कठोर कार्रवाई करने तथा मामले की निष्पक्ष एवं उच्च स्तरीय जांच कराने की मांग प्रमुख रूप से उठाई गई। विश्व हिन्दू महासंघ के जिलाध्यक्ष अरविंद शुक्ला के नेतृत्व में बड़ी संख्या में पदाधिकारी कलेक्ट्रेट पहुंचे और मुख्यमंत्री से मांग की कि मथुरा की घटना को गंभीरता से लेते हुए दोषियों को शीघ्र गिरफ्तार कर कड़ी से कड़ी सजा दिलाई जाए, ताकि भविष्य में ऐसी घटना न घटित हो सके। गौ माता को राष्ट्र माता घोषित किया जाए तथा प्रदेश भर में सक्रिय गौ-रक्षकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए विशेष सुरक्षा प्रावधान लागू किए जाएं। साथ ही गौ-रक्षा कार्य में लगे कार्यकर्ताओं पर दर्ज मुकदमों की निष्पक्ष समीक्षा कर उन्हें वापस लेने और गौ-रक्षकों को आवश्यक लाइसेंस उपलब्ध कराने की भी मांग की गई। इस अवसर पर लक्ष्मी शरण सिंह राठौड़, विभोर सोमवंशी, सनी चौहान, रावेंद्र सिंह वैस, सुधीर कुमार, माधुर मिश्रा, रवि चौहान, आलोक दीक्षित, अनुराग सिंह सोमवंशी, सुनीता अग्निहोत्री, मंजू सिंह तोमर, संगीता अवस्थी, सुमन, संजीव कुमार सिंह एवं विजय शुक्ला उपस्थित रहे।


एसडीएम को ज्ञापन सौंपते पदाधिकारी

# पुलिस ने मिशन शक्ति के तहत महिलाओं व बालिकाओं को किया जागरूक

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

पुलिस ने मिशन शक्ति 5.0 के दूसरे चरण के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए। आयोजित कार्यक्रमों का उद्देश्य महिलाओं को सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन का संदेश देना था। वहीं महिलाओं/ बालिकाओ को महिला सशक्तिकरण, लैंगिक अपराध, नवीन कानूनों, साइबर अपराध एवं उनसे बचाव के उपायों, घरेलु हिंसा, विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों एवं शासन द्वारा प्रचलित योजनाओं के संबंध में जानकारी प्रदान करते हुए पम्पलेट वितरित कर जागरूक किया गया।

पुलिस अधीक्षक के निर्देशन मे मिशन शक्ति अभियान 5.0 के अन्तर्गत थाना अमृतपुर मिशन शक्ति टीम द्वारा महिलाओ/बालिकाओ को महिला सशक्तिकरण, लैंगिक अपराध, नवीन कानूनों, साइबर अपराध एवं उनसे बचाव के उपायों, घरेलु हिंसा, विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों एवं शासन द्वारा प्रचलित योजनाओं के संबंध में जानकारी प्रदान करते हुए पम्पलेट वितरित कर जागरूक किया गया। इसके साथ ही कोतवाली फर्रुखाबाद, थाना कादरीगेट, थाना कमालगंज, कोतवाली कायमगंज, कोतवाली मोहम्मदाबाद, थाना मेरापुर, थाना शमशाबाद में पुलिस ने भ्रमण के दौरान छात्राओं, बालिकाओं और महिलाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा उपायों तथा आत्मरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। उन्हें आपातकालीन हेल्पलाइन नंबरों जैसे 112 (आपातकालीन सेवा), 1090 (वुमेन पावर लाइन) और 181 (महिला हेल्पलाइन) के प्रभावी उपयोग के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। साइबर अपराधों से बचाव के लिए साइबर सेफ्टी के महत्वपूर्ण सुझाव साझा किए गए। महिलाओं को आर्थिक रूप से स्वतंत्र बनाने के उद्देश्य से विभिन्न सरकारी योजनाओं की प्रक्रियाओं से भी अवगत कराया गया। उपस्थित महिलाओं को उनके कानूनी अधिकारों, विशेषकर घरेलू हिंसा और कार्यस्थल पर उत्पीड़न के विरुद्ध सुरक्षा कानूनों के बारे में जागरूक किया गया।


जागरूक करती पुलिस

# एसपी ने नगर के प्रमुख देवी मंदिरों का किया निरीक्षण, परखी सुरक्षा व्यवस्था

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

नवरात्रि के पावन पर्व के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक ने नगर के प्रमुख देवी मंदिरों और शक्तिपीठों का स्थलीय निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।

नवरात्रि के पावन पर्व के दृष्टिगत, श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुगम दर्शन सुनिश्चित करने हेतु पुलिस अधीक्षक आरती सिंह ने थाना मऊदरवाजा के प्रमुख देवी मंदिरों और शक्तिपीठों का स्थलीय निरीक्षण किया। इस भ्रमण का मुख्य उद्देश्य मंदिर परिसरों में भीड़ प्रबंधन, सुरक्षा व्यवस्था और शांति व्यवस्था का जायजा लेना रहा। मंदिर परिसर और आसपास के क्षेत्रों में लगे सीसीटीवी कैमरों के कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया गया।

एसपी ने निर्देश दिए कि संदिग्ध गतिविधियों पर पैनी नजर रखी जाए और किसी भी अप्रिय स्थिति में तत्काल रिस्पॉन्स सुनिश्चित हो। सादे कपड़ों में महिला पुलिस कर्मियों और एंटी-रोमियो स्क्वाड को मंदिर के आसपास गश्त बढ़ाने के लिए निर्देशित किया गया है, ताकि अराजक तत्वों पर लगाम कसी जा सके।


मंदिर परिसर का निरीक्षण करती एसपी

## मण्डी में हालैंड आलू की बढ़ी मांग, सामान्य आलू की बिक्री फीकी

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।
आलू मण्डी सातनपुर में इन दिनों हालैंड आलू की मांग ज्यादा है। नेपाल से हालैंड आलू की मांग बढ़ने पर मण्डी में हालैंड आलू हाथों-हाथ बिक रहा है, जबकि अन्य आलू की बिक्री फीकी है। चिप्सोना व 3797 आलू मण्डी में आना कम हो गया है। ज्यादातर किसान भी अपना आलू कोल्ड स्टोरेजों में जमा कर रहे है। गुरुवार को आलू की आमद 60 मोटर रही। हालैंड आलू 601 रुपये से 731 रुपये कुंतल बिका। जबकि सामान्य व निबल व अन्य आलू 201 रुपये से 451 रुपये कुंतल बिका। जनपद के व्यापारियों ने मण्डी से आलू लेना कम कर दिया है। स्थानीय व्यापारियों व आढ़तियों के अलावा बाहर के व्यापारियों ने भी अपना आलू कोल्ड स्टोरेजों में भरा है। जिस कारण मण्डी में आलू की बिक्री में सुस्ती आयी है। केवल हालैंड आलू की मांग बढ़ी है। उत्तराखण्ड व नेपाल के व्यापारियों ने गुरुवार को आलू खरीदा। मामूली भाव चढ़ने के साथ 601 रुपये से बढ़ते-बढ़ते 731 रुपये कुंतल तक हालैंड आलू बिका। निबल आलू की मांग न होने के कारण आलू किसान मण्डी में आलू अपना न बिकने पर आढ़तियों की दुकान पर छोड़कर चले जाते है और औने-पौने दामों में बेंचने को मजबूर है।


मण्डी में आलू

# रुक्मिणी विवाह व सुदामा चरित्र कथा सुन श्रोता हुए मंत्रमुग्ध

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

सदर विधानसभा क्षेत्र के गांव रुनीचुरसाई में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के अन्तिम दिवस पर कथाव्यास पं0 सुरेश चन्द्र द्विवेदी व सुनोराम दुबे असेह कन्नौज वाले के मुखारबिंदु से भक्तों को अमृतमयी कथा सुनाई गई। भगवान कन्हैया ने रुक्मिणी, जामवंती, सत्यभामा सहित सोलह हजार एक सौ आठ विवाह का वर्णन किया, प्रसंग सुनकर भक्त भावविभोर हुए। अपने गुरुकुल के बालसखा सुदामा चरित्र का मार्मिक चित्रण वर्णन किया। कृष्ण सुदामा की निस्वार्थ मित्रता का वर्णन करते हुए कहा पत्नी सुशीला के बहुत आग्रह पर भेंट स्वरूप चावल ले गए। द्वारिकाधीश ने अपने गरीब मित्र को राजसिंहासन बैठाया और सुदामा की दीन दशा पर करुणा करिके करुणानिधि बहुत रोए। तत्पश्चात अपने गरीब मित्र को चावल की एक मुठ्ठी के बदले सुदामा की कुटिया को राजमहल में बदल दिया। उन्होंने कहा कि चार वेद छः शास्त्र में बात लिखी है, दोय, दुख दीन्हे दुख होत है, सुख दीन्हे सुख होय और अन्त में सभी श्रद्धालुओं से खचाखच भरे पंडाल में जीवन के कल्याण हेतु कहा, संसार के जीवों पर हर दम ही दया करना, जब कोई न हो अपना सियाराम जपा करना, कथा परीक्षित विमलेश कुमार पत्नी ममता कुमारी रहे, संगीतमय कथा में ढोलक पर राजेश पैड पर पुजारी, हेमचंद्र दुबे, साधू, केशव और व्यवस्था में अरविन्द राजपूत, वीरभान सिंह, गिरन्द सिंह, माखनलाल, सूरजपसाद, हरजीत, अमित कुमार, भगवान दास, मनोज कुमार, रामनरेश, अवधेश सिंह, राजनरायन, हरीराम, दीपक, आशाराम, प्रभूदयाल, शोभित सहित भारी संख्या में श्रद्धालु रहे।


कथा का श्रवण कराते आचार्य सुरेश चन्द्र व सुनोराम

## इकलौती बेटी को तेंदुए ने घर से उठाया

# 20 घंटे तक शव के पास धरना, आश्वासन के बाद थमा आक्रोश

- तीन शादियों और बरसों की मन्नतों के बाद मिली संतान की दर्दनाक मौत से गांव में मातम
- 5 सूत्रीय मांगों पर प्रशासन ने दिया भरोसा



**समृद्धि न्यूज़, निघासन (खीरी)।**

सिंगाही थाना क्षेत्र के फुटहा फार्म में सात वर्षीय मासूम सिमरन की तेंदुए के हमले में हुई दर्दनाक मौत ने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया। जिस बेटी को पाने के लिए पिता ने उम्रभर मन्नतें मांगीं, वही इकलौती संतान पलभर में उनसे छिन गई। इस घटना के बाद गुरुवार को परिजनों और ग्रामीणों का आक्रोश फूट पड़ा और उन्होंने शव को मौके पर रखकर करीब 20 घंटे तक धरना दिया। प्रशासन के आश्वासन के बाद ही देर शाम शव पोस्टमार्टम के लिए उठाया जा सका।

घटना बुधवार शाम की है, जब सिमरन घर में बैठकर खाना खा रही थी। तभी अचानक तेंदुआ घर में घुस आया और उसे जबड़े में दबोचकर उठा ले गया। परिजन कुछ समझ पाते, उससे पहले ही वह करीब 500 मीटर दूर खेत में पहुंच चुका था, जहां मासूम को मार डाला गया। माता-पिता की आंखों के सामने हुई इस घटना ने पूरे गांव को दहला दिया। शोर सुनकर ग्रामीण मौके पर पहुंचे और तलाश शुरू की, लेकिन जब तक बच्ची मिली, तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। घटना के बाद गुरुवार सुबह से ही ग्रामीणों की भारी भीड़ मौके पर जुट गई। भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के बैनर तले सैकड़ों लोगों ने धरना शुरू कर दिया। संगठन के पदाधिकारियों के नेतृत्व में प्रशासन को ज्ञापन सौंपा गया, जिसमें पांच प्रमुख मांगें रखी गईं। इनमें 21 लाख रुपये मुआवजा, परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी, जंगल क्षेत्र में मजबूत फेंसिंग, लापरवाह अधिकारियों पर कार्रवाई और आत्मरक्षा में जंगली जानवर को मारने पर कार्रवाई न करने की मांग शामिल रही। धरने के दौरान कई बार माहौल तनावपूर्ण हो गया और अधिकारियों व ग्रामीणों के बीच तीखी नोकझोंक भी हुई। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए सिंगाही, निघासन, तिकुनिया, पढ़ुआ, मझगई, धौरहरा और पलिया समेत कई थानों की पुलिस और पीएसी बल तैनात किया गया। मौके पर डीएफओ कीर्ति चौधरी, एसडीएम राजीव निगम और सीओ शिवम कुमार समेत कई अधिकारी मौजूद रहे और लगातार परिजनों को समझाने का प्रयास करते रहे। करीब 20 घंटे तक चले गतिरोध के बाद निघासन एसडीओ मनोज तिवारी ने परिजनों को आर्थिक सहायता, प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत घर, घर के चारों ओर बाउंड्री और वन विभाग में एक सदस्य को नौकरी देने का आश्वासन दिया। इसके बाद परिजन और ग्रामीण शांत हुए और धरना समाप्त किया गया। बताया जाता है कि करीब 65 वर्षीय जोगा सिंह ने जीवन में तीन शादियां की थीं और लंबे समय तक संतान सुख के लिए प्रयास किया। तीसरी पत्नी सरजीत कौर से सात साल पहले उन्हें सिमरन के रूप में संतान मिली थी। सरजीत कौर मूकबधिर हैं और सिमरन ही उनका एकमात्र सहारा थी। उसकी मौत के बाद परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है और घर में सन्नाटा पसरा हुआ है। सिमरन ने इसी वर्ष स्कूल में पढ़ाई शुरू की थी। उसकी किताबें, बैग और कपड़े अब भी घर में वैसे ही रखे हैं, जिन्हें देखकर परिजन बार-बार भावुक हो रहे हैं। उधर, वन विभाग ने तेंदुए को पकड़ने के लिए इलाके में दो पिंजरे लगा दिए हैं और दो अन्य मंगवाए जा रहे हैं। गश्त बढ़ा दी गई है और जरूरत पड़ने पर तेंदुए को ट्रेंकुलाइज करने की तैयारी भी की जा रही है। बावजूद इसके, पूरे क्षेत्र में दहशत का माहौल है और लोग बच्चों को घरों से बाहर नहीं निकलने दे रहे हैं।

## महाष्टमी पर मेला चैती कार्यालय का शुभारंभ 28 मार्च से सजेगा सांस्कृतिक मंच

**गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर)।** नगर में आयोजित होने वाले बहुप्रतीक्षित मेला चैती की तैयारियों ने अब रफ्तार पकड़ ली है। गुरुवार को दुर्गा महाष्टमी के शुभ अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने विधिवत पूजा-अर्चना कर मेला चैती कार्यालय का उद्घाटन किया। इस दौरान पं0 लवकुश शास्त्री द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजन संपन्न कराया गया। बताया गया कि इसी कार्यालय से 28 मार्च 2026 से 16 अप्रैल 2026 तक आयोजित होने वाले मेला चैती के समस्त सांस्कृतिक कार्यक्रमों, प्रशासनिक व्यवस्थाओं एवं नगर पालिका परिषद की विभिन्न गतिविधियों का संचालन किया जाएगा। मेला क्षेत्र में व्यवस्थाओं को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए तैयारियां अंतिम चरण में हैं। कार्यक्रम में भाजपा नगर अध्यक्ष विनोद स्वर्णकार, पूर्व कुम्भी मंडल अध्यक्ष रविन्द्र कटियार सहित कई जनप्रतिनिधि एवं सभासद मौजूद रहे। इनमें प्रमुख रूप से राजेश वर्मा, दानिश राइन, हर्ष अवस्थी, राजीव सैनी (अल्लू), धर्मेन्द्र जायसवाल, सुशील कश्यप, अनिल गुप्ता, धर्मेन्द्र तिवारी (टीटू), सौरभ तिवारी, सुफियान खान, विजय मिश्रा, हिमांशु सिंह, धीरज बाजपेयी, नामित सभासद शत्रोहन मिश्रा आदि शामिल रहे। इसके अलावा नगर पालिका के सफाई एवं खाद्य निरीक्षक संदीप वर्मा, वरिष्ठ लिपिक अमित श्रीवास्तव, लेखाकार मोहित अवस्थी सहित पालिका के कर्मचारी भी उपस्थित रहे।



## खबरें एक नजर में

### सपाइयों ने मनाई सम्राट अशोक की जयंती



**मिर्जापुर।** समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय लोहिया ट्रस्ट में गुरूवार को सम्राट अशोक की जयंती बनाई गई। इस दौरान सपा जिला अध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी ने सम्राट अशोक के चित्र पर पुष्पांजलि कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर सपा जिलाध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी ने कहा सम्राट अशोक मौर्य साम्राज्य के महान शासक थे, जिन्होंने प्राचीन भारत पर शासन किया और बौद्ध धर्म को बढ़ावा दिया था और साथ ही शांति और अंहिसा का संदेश दिया। सम्राट अशोक मौर्य वंश के तीसरे सम्राट थे, जो चंद्रगुप्त मौर्य के पौते और बिन्दुसार के पुत्र थे। अशोक ने धम्म नामक एक नीति शुरू की, जो शांति, अहिंसा, न्याय औरसहिष्णुता पर आधारित थी। इस अवसर पर सुरेन्दर सिंह पटेल, राजेश भारती, मुन्नी यादव, झल्लू यादव, सत्यप्रकाश यादव, वन्दना गुप्ता, राजकुमार यादव, आकांक्षा यादव, राममिलन यादव, प्रिंस राव, आकाश यादव, विवेक कुशवाहा, रामराज यादव, अशोक यादव, बबलू शुक्ला, राजेन्दर यादव, राहुल यादव, अनिश खान, रवि सोनकर, विरेन्दर यादव, रामजी यादव, सलीम बादशाह, संदेश यादव, आदि मौजुद रहें।

### महाअष्टमी पर कन्या पूजन का विशेष महत्वः आनन्द शेखर गिरि



**हलिया (मिर्जापुर )।** नवरात्र की महाष्टमी के पावन अवसर पर अंतर्राष्ट्रीय पंच दशनाम जूना अखाड़ा के महंत आनंद शेखर गिरी ने कहा कि छोटी कन्याओं को देवी का स्वरूप मानकर उनका पूजन एवं भोजन कराना अत्यंत पुण्य दायी होता है। उन्होंने बताया कि धार्मिक मान्यता के अनुसार नवरात्र के नौ दिनों में नौ कन्याओं को नवदुर्गा का प्रतीक माना जाता है। विशेष रूप से अष्टमी और नवमी तिथि पर विधि-विधान से कन्याओं का पूजन करने से मां दुर्गा प्रसन्न होती हैं। और भक्तों की मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। महंत ने कहा कि कन्या पूजन से घर में सुख, शांति और समृद्धि का वास होता है। यह अनुष्ठान नकारात्मक शक्तियों का नाश कर सकारात्मक ऊर्जा का संचार करता है, जिससे साधक के जीवन की बाधाएं दूर होती हैं और इच्छित फल की प्राप्ति होती है। उन्होंने यह भी कहा कि यह परंपरा केवल धार्मिक आस्था तक सीमित नहीं है बल्कि समाज में नारी सम्मान और सेवा भावना को बढ़ावा देने का एक सशक्त माध्यम भी है। कन्याओं को देवी स्वरूप मानने की परंपरा भारतीय संस्कृति की गौरवशाली पहचान है। महंत आनंद शेखर गिरी के अनुसार श्रद्धा और विश्वास के साथ किए गए अनुष्ठान से रुके हुए कार्य पूरे होते हैं। आर्थिक स्थिति में सुधार आता है और परिवार में खुशहाली बनी रहती है। नवरात्र में किया जाने वाला कन्या पूजन न केवल आध्यात्मिक उन्नति का मार्ग प्रशस्त करता है, बल्कि समाज में समरसता, सम्मान और सेवा के संस्कार भी स्थापित करता है।

### मेला क्षेत्र का भ्रमण कर सीओ ने सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा



**हलिया (मिर्जापुर)।** क्षेत्र के प्रसिद्ध गड़बड़ा धाम शीतला धाम में बुधवार की देर शाम को नवरात्रि के सप्तमी के अवसर पर भीड़ को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सम्पूर्ण मेला क्षेत्र में भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सीओ लालगंज अमर बहादुर ने निरीक्षण कर पुलिसकर्मियों को आवश्यक निर्देश दिया है इस संबंध में थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव ने बताया की नवरात्रि सप्तमी के अवसर पर गड़बड़ा धाम मेला में भीड़ को देखते हुए सीओ लालगंज द्वारा मेला क्षेत्र का निरीक्षण किया गया है और आवश्यक निर्देश दिया गया है इस दौरान मेला प्रभारी एसआई श्याम लाल हेड कांस्टेबल अभिषेक चौबे, मंगलधारी मिश्रा आदि मौजूद रहे।

## अष्टमी-नवमी पर दो दिवसीय मेला, मां भुवनेश्वरी धाम में उमड़ती है आस्था की भीड़

**समृद्धि न्यूज़, ईसानगर, खीरी।**



चैत्र नवरात्र की अष्टमी के पावन अवसर पर ग्राम पंचायत लखपेड़ा स्थित मां भुवनेश्वरी मंदिर में आस्था का जनसैलाब उमड़ पड़ा। आज अष्टमी के साथ दो दिवसीय मेले का प्रथम दिन आयोजित हो रहा है, जबकि कल नवमी के अवसर पर मेले का दूसरा दिन लगेगा। सुबह से ही मंदिर परिसर में हजारों श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। भक्तों ने विधि-विधान से हवन-पूजन कर मां भुवनेश्वरी से सुख-समृद्धि और परिवार की खुशहाली की कामना की। 'जय माता दी' के जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा।

मां भुवनेश्वरी का यह धाम क्षेत्र का एक प्राचीन और प्रसिद्ध आस्था केंद्र है, जहां कई वर्षों से अष्टमी-नवमी पर मेला लगता चला आ रहा है। इस स्थान की मान्यता दूर-दूर तक फैली हुई है और दूरदराज के गांवों व जिलों से श्रद्धालु यहां पहुंचते हैं। मेले के दौरान मंदिर परिसर के आसपास प्रसाद, पूजन सामग्री व अन्य आवश्यक वस्तुओं की दुकानें सजी रहीं, जिससे मेले का माहौल जीवंत नजर आया। वहीं, सुरक्षा व्यवस्था को लेकर थाना खमरिया पुलिस पूरी तरह मुस्तैद रही।

# गोला मंदिर कॉरिडोर में बन रहे यात्री विश्रामालय का निरीक्षण, गुणवत्ता पर खास जोर

- निर्माण कार्य में मानकों से समझौता नहीं, अधिकारियों को दिए सख्त निर्देश

**समृद्धि न्यूज, गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर)।**



विधायक अमन अरविंद गिरी ने निर्माणाधीन गोला मंदिर कॉरिडोर के प्रांगण में बन रहे यात्री विश्रामालय (धर्मशाला) का निरीक्षण कर अधिकारियों द्वारा कार्य की प्रगति और गुणवत्ता का जायजा लिया गया। निरीक्षण के दौरान निर्माण में उपयोग की जा रही सामग्री के मानकों को परखा गया तथा कार्य को निर्धारित गुणवत्ता के अनुरूप पूर्ण करने के निर्देश दिए गए।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने निर्माण स्थल का बारीकी से अवलोकन करते हुए ईट, सीमेंट, सरिया सहित अन्य निर्माण सामग्री की गुणवत्ता की जांच की। साथ ही निर्माण कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतने की हिदायत दी गई। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए बनाए जा रहे इस यात्री विश्रामालय में उच्च गुणवत्ता और मजबूती का विशेष ध्यान रखा जाए।

उन्होंने कहा कि गोला मंदिर कॉरिडोर क्षेत्र में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए यह विश्रामालय महत्वपूर्ण सुविधा साबित होगा, इसलिए निर्माण कार्य समयबद्ध और मानकों के अनुरूप पूर्ण होना आवश्यक है। किसी भी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान कार्यकर्ता बंधु एवं संबंधित विभागों के अधिकारीगण भी उपस्थित रहे, जिन्होंने निर्माण कार्य को बेहतर ढंग से संपन्न कराने का भरोसा दिलाया।

## आभा आईडी में खीरी ने रचा कीर्तिमानः लखनऊ में सीएमओ डॉ. संतोष गुप्ता को राज्य स्तरीय सम्मान

**समृद्धि न्यूज़, लखीमपुर खीरी।**




आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन (एबीडीएम) के तहत आभा आईडी निर्माण में शानदार प्रदर्शन कर लखीमपुर खीरी की स्वास्थ्य टीम ने प्रदेश स्तर पर अपनी अलग पहचान बना ली है। इसी उपलब्धि के लिए 25 मार्च 2025 को लखनऊ के होटल क्लार्क अवध में आयोजित राज्य स्तरीय कॉन्फ्रेंस में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संतोष गुप्ता को 'प्रशंसा पत्र' देकर सम्मानित किया गया।

सम्मान समारोह में स्वास्थ्य विभाग के शीर्ष अधिकारियों की मौजूदगी ने इस उपलब्धि को और खास बना दिया। महानिदेशक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाओं द्वारा यह सम्मान सचिव स्वास्थ्य एवं मिशन डायरेक्टर एबीडीएम रितु माहेश्वरी और अपर निदेशक लखनऊ मंडल की उपस्थिति में प्रदान किया गया। कार्यक्रम में प्रदेश भर से आए 200 से अधिक स्वास्थ्य अधिकारियों की मौजूदगी रही, जहां खीरी का प्रदर्शन चर्चा का केंद्र बना रहा।

इस सफलता पर सीएमओ डॉ. संतोष गुप्ता ने इसे पूरे जनपद की टीम वर्क का परिणाम बताया। उन्होंने कहा कि जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल और मुख्य विकास अधिकारी अभिषेक कुमार के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य विभाग ने लक्ष्य को न सिर्फ पूरा किया, बल्कि रिकॉर्ड स्तर पर आभा आईडी बनाकर नया मुकाम हासिल किया।

सीएमओ ने विशेष रूप से अधीक्षकों, डीपीएमयू-बीपीएमयू स्टाफ, सीएचओ, एएनएम, संगिनी, आशा कार्यकर्ताओं और पैरामेडिकल टीम की सराहना करते हुए कहा कि जमीनी स्तर पर इनकी मेहनत ही इस उपलब्धि की असली ताकत है।

उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि 'शीर्ष स्थान हासिल करना जितना कठिन होता है, उसे बनाए रखना उससे कहीं ज्यादा चुनौतीपूर्ण है।' ऐसे में सभी स्वास्थ्यकर्मियों को लगातार प्रयास जारी रखते हुए एबीडीएम के अन्य पहलुओं में भी जनपद को अग्रणी बनाए रखना होगा।

लखनऊ में मिले इस सम्मान के बाद सीएमओ को लगातार बधाइयां मिल रही हैं। उन्होंने उच्चाधिकारियों के प्रति आभार जताते हुए पूरी टीम को शुभकामनाएं दीं और भविष्य में भी इसी तरह उत्कृष्ट प्रदर्शन जारी रखने का आह्वान किया।

## आरक्षित वन क्षेत्र में घुसपैठ कर सरकारी संपत्ति से छेड़छाड़, वाटर प्यूरीफायर तोड़कर पुर्जे चोरी

**लखीमपुर-खीरी।** शारदानगर रेंज के अंतर्गत महेवा स्थित आरक्षित वन क्षेत्र में अज्ञात लोगों द्वारा घुसपैठ कर वन संपदा को नुकसान पहुंचाने और सरकारी सामान चोरी करने का मामला सामने आया है। घटना का खुलासा उस समय हुआ जब वन विभाग की टीम नियमित गश्त के दौरान इंदिरा पार्क के मुख्य गेट पर पहुंची। वन रक्षक ज्ञानेन्द्र कुमार ने कोतवाली सदर में दी गई तहरीर में बताया कि 20 मार्च की सुबह करीब 5 बजे गश्त के दौरान पार्क परिसर में अव्यवस्था और नुकसान के स्पष्ट निशान दिखाई दिए। जांच करने पर पता चला कि बीती रात अज्ञात लोगों ने मवेशियों को आरक्षित वन क्षेत्र में चराया, जिससे वन संपदा को क्षति पहुंची। मौके पर निरीक्षण के दौरान सामने आया कि आरोपियों ने पार्क में लगे दो वाटर प्यूरीफायर को तोड़कर उनके पुर्जे निकाल लिए। इसके अलावा पानी की टंकी के स्टोर से एक नल, चैन कुप्पी, 5 लीटर का थर्मस, छह रिंच, एक हसिया और अन्य पुराना लोहे का सामान भी चोरी कर लिया गया। आरोपियों ने पार्क में लगे समरसेबल को भी नुकसान पहुंचाने की कोशिश की। वन विभाग की टीम ने मौके पर काफी तलाश की, लेकिन आरोपियों का कोई सुराग नहीं लग सका। घटना के बाद विभाग में हड़कंप मच गया और सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े हो गए हैं। प्रार्थी की तहरीर के आधार पर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने और चोरी की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामले की जांच उपनिरीक्षक गौरव कुमार को सौंपी गई है।

## बी.फार्मा व डी.फार्मा प्रथम वर्ष के छात्रों का हुआ स्वागत

**चुनार (मिर्जापुर)।** विंध्य गुरुकुल कॉलेज ऑफ फार्मेसी में बी.फार्मा एवं डी.फार्मा प्रथम वर्ष के छात्रों के स्वागत हेतु फ्रेशर पार्टी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य नवप्रवेशित छात्रों का स्वागत करना एवं उन्हें कॉलेज के वातावरण से परिचित कराना था। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन के साथ हुई। इसके पश्चात छात्रों द्वारा नृत्य, गायन एवं अन्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दी गई, जिन्होंने उपस्थित सभी लोगों का मन मोह लिया। कॉलेज की उपप्राचार्या डॉ सुशीला गुप्ता ने छात्र/छात्राओं को अनुशासन में रहकर कैसे आगे बढ़ना है इसके लिए प्रेरित किया। वरिष्ठ छात्रों ने अपने अनुभव साझा किए और नए छात्रों को प्रेरित किया। साथ ही, शिक्षकों ने भी छात्रों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर मिस्टर फ्रेशर एवं मिस फ्रेशर का चयन भी किया गया, जिन्होंने अपनी प्रतिभा एवं व्यक्तित्व से सभी को प्रभावित किया। बीफार्मा में मिस्टर फ्रेशर निखिल कुमारमिस फ्रेशर खुशी यादव मिस्टर परफेक्ट आदर्श पाण्डेयमिस परफेक्ट साक्षी चौरसिया डीफार्मा में मिस्टर फ्रेशर आशीषमिस फ्रेशर नीलूमिस्टर परफेक्ट अमनमिस परफेक्ट अस्मिता रही। कार्यक्रम का संचालन आलिश्बा और आरिफ ने किया।



## घर के सामने बैठे व्यक्ति पर दबंगों का हमला

# घर में घुसकर लाठी-डंडों व लोहे की रॉड से पीटा, कोर्ट के आदेश पर दर्ज हुआ मुकदमा

- शराब के नशे में शुरू हुआ विवाद, हिंसक हमले में बदला
- पीड़ित व उसके बेटे को आईं गंभीर चोटें

**लखीमपुर खीरी।** लखीमपुर खीरी के सदर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम छाउछ में पड़ोसियों के बीच हुआ मामूली विवाद अचानक हिंसक रूप ले बैठा। आरोप है कि शराब के नशे में धुत दबंगों ने पहले गाली-गलौज की और विरोध करने पर घर में घुसकर जानलेवा हमला कर दिया। पुलिस द्वारा शिकायत पर कार्रवाई न किए जाने से आहत पीड़ित को आखिरकार न्यायालय की शरण लेनी पड़ी, जिसके आदेश पर अब मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई है।

पीड़ित जयसिंह वर्मा (55) के मुताबिक, 23 जुलाई 2025 की शाम करीब 7 बजे वह अपने घर के बाहर सहन में बैठा था। इसी दौरान गांव के ही शिवपूजन और अजय नशे की हालत में वहां पहुंचे और बिना किसी कारण गाली-गलौज करने लगे। इतना ही नहीं, उन्होंने वहां रखी कुर्सियों को तोड़ना शुरू कर दिया। जब जयसिंह ने इसका विरोध किया तो दोनों आरोपी अपने घर लौटे और कुछ ही देर में नीरज व ओमप्रकाश को साथ लेकर वापस आए। चारों के हाथों में लाठी-डंडे और लोहे की रॉड थीं।

आरोप है कि सभी ने मिलकर जयसिंह पर हमला बोल दिया और उसे जान से मारने की नीयत से बेरहमी से पीटना शुरू कर दिया। खुद को बचाने के लिए जयसिंह किसी तरह घर के अंदर भागा, लेकिन हमलावर वहां भी घुस आए और मारपीट जारी रखी। इस दौरान बीच-बचाव करने पहुंचे उसके बेटे यतिश्याम को भी निशाना बनाया गया और उसे भी गंभीर चोटें आई। घर में मचे शोर-शराबे को सुनकर जब आसपास के लोग जुटने लगे, तब आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए।

घटना के बाद पीड़ित ने 25 जुलाई को कोतवाली सदर में शिकायत दी, लेकिन उसका आरोप है कि आरोपियों के प्रभाव के चलते पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की। इसके बाद उसने पुलिस अधीक्षक, पुलिस महानिदेशक और मुख्यमंत्री कार्यालय तक अपनी गुहार लगाई, साथ ही आईजीआरएस पोर्टल के माध्यम से भी शिकायत दर्ज कराई, लेकिन कहीं से राहत नहीं मिली।

लगातार अनसुनी होने पर पीड़ित ने 7 अगस्त 2025 को न्यायालय का दरवाजा खटखटाया। कोर्ट ने मामले को गंभीर मानते हुए पुलिस को मुकदमा दर्ज कर जांच के आदेश दिए। इसके बाद अब आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है और उपनिरीक्षक विकास कुमार को जांच की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

# गड़बड़ा धाम में जवारियों का जत्था पहुंचकर किया दर्शन पूजन



**समृद्धि न्यूज़, हलिया (मिर्जापुर)।** क्षेत्र के प्रसिद्ध गड़बड़ा शीतला धाम अष्टमी तिथि पर गुरुवार को जवारियों का जत्था ट्रैक्टर ट्राली से पटपरा, देवरी, मनिगढ़ा, तीता, बरया, मतवार, नदना, कुशियरा, बेलाही, बैधा, गुर्गी, थोथा आदि सहित विभिन्न गांवो से गड़बड़ा धाम आदि शक्ति शीतला माता के दरबार में जवारियो का जत्था के साथ महिला व पुलिस नाचते गाते भक्तों ने पहुंचकर दर्शन पूजन कर मनोकामनाएं पुर्ण किया। लगभग 75 हजार से अधिक भक्तों ने मां के दर्शन पूजन कर मन्नतें मांगी। गड़बड़ा धाम मां शीतला के दरबार में भक्तों ने सेवटी नदी में स्नान कर पुरुष महिला अलग-अलग कतारों में लगकर दर्शन पूजन के लिए मां की झलक पाने के लिए आतुर रहे। मां शीतला का दर्शन पूजन करने के लिए चार बजे भोर से ही मंदिर का कपाट खुलते ही दर्शन पूजन में जुट गए। दूरदराज से सैकड़ों गांव से ट्रैक्टरों पर जवारिया लेकर लोग धाम तक पहुचे जहाँ कुंवारी कन्याओं द्वारा सिर पर जवारी लिए दर्शन कर सेवटी नदी में सैरवाया। मंगला आरती के बाद थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव दलबल के साथ महिला पुरुषों भक्तों को कतारों में लगाते रहे वहीं महिला पुलिस गर्भ गृह में दर्शन पूजन के सहयोग में लगे रहे। मंदिर का कपाट खुलते ही भक्त मां की एक झलक पाते ही श्रद्धालु धन्य हो गये। श्रद्धालुओं ने नारियल, चुनरी, हलवा, पूरी, फल फूल, व मिष्ठान लेकर मां के चरणों में भेंट कर अपनी मनोकामना पूर्ण किया। मान्यता के अनुसार बच्चों के भारी संख्या में मुंडन संस्कार कराएं। मंदिर प्रबंधक ने सीसीटीवी कैमरे से श्रद्धालुओ की निगरानी करते रहे। मंदिर पुजारी मंगल धारी ने बताया कि लगभग 75 हजार से अधिक भक्तों ने मां के दरबार में मत्था टेका।महिला श्रद्धालुओं ने गड़बड़ा मेले में सजी दुकानों से लकड़ी के बने तरह-तरह के सामान बच्चों के खिलौने श्रृंगार के सामान खरीदे।

## महाअष्टमी पर गड़बड़ा शीतला धाम में उमडा आस्था का सैलाब, गौरी स्वरूप के दर्शन से भक्त निहाल

### भोर से लेकर देर शाम 75 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने किया दर्शन-पूजन

**हलिया (मिर्जापुर )।** क्षेत्र के प्रसिद्ध गड़बड़ा शीतला धाम में वासंतिक नवरात्र की महाअष्टमी पर गुरुवार को श्रद्धालुओं का भारी जमावड़ा लगा रहा। चिलचिलाती धूप के बावजूद भक्तों की आस्था कम नहीं हुई और दिनभर में करीब 75 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने मां शीतला के गौरी स्वरूप का दर्शन-पूजन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। भोर से ही मंदिर परिसर में लंबी कतारें लग गई। महिला और पुरुष श्रद्धालु अलग-अलग पंक्तियों में खड़े होकर श्रद्धा के साथ मां के चरणों में शीश नवाते रहे, साथ ही ÷जय माता दी÷ के जयकारों और घंटा-घड़ियाल की ध्वनि से पूरा धाम परिसर गूंजता रहा। दूर-दराज से आए श्रद्धालुओं ने परिवार सहित मां के दरबार में हाजिरी लगाई। मान्यता के अनुसार कई भक्त दंडवत होकर मां के दरबार तक पहुंचे और अपनी आस्था प्रकट की। वहीं, क्षेत्रीय श्रद्धालु कुमारी कन्याओं के सिर पर जवारिया रखकर भी मां के चरणों में पहुंचे। भक्तों ने अपनी मनोकामना के अनुरूप हलवा-पूड़ी, नारियल, चुनरी, माला-फूल एवं सोने-चांदी के आभूषण अर्पित किए और प्रसाद ग्रहण किया।